RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 34
नई दिल्ली, बुधवार, 8 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अनफिट पंड्या विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे
स्पोर्ट्स-10

# किसान आंदोलन खत्म हो या जारी रहे, फैसला आज

● सरकार के सकारात्मक रवैये से एसकेएम संतुष्ट, कुछ मुद्दों पर चाहता है स्पष्टीकरण, बैठक आज



नई दिल्ली में सिंघु सीमा पर मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते किसान नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** की सीमाओं पर पिछले एक साल से आंदोलनरत विभिन्न किसान संगठन बुधवार की बैठक में आंदोलन पर अंतिम फैसला लेंगे। किसान संगठनों के फोरम संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। सिंघु सीमा पर मंगलवार को हुई बैठक में किसान नेताओं ने गतिरोध को हल करने के लिए केंद्र के कदम पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन कुछ मुद्दों को और अधिक स्पष्ट करने की मांग सरकार से की है। बैठक के बाद किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि वे बुधवार को दोपहर 2 बजे एक और बैठक करेंगे। वे कई किसानों के खिलाफ फर्जी मामलों को वापस लेने के लिए अपनी पूर्व निर्धारित शर्त सहित कुछ अन्य स्पष्टीकरण चाहते हैं। राजेवाल ने कहा कि सरकार के भेजे एक प्रस्ताव पर चर्चा की गई और उसे संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के तत्वावधान में सभी सदस्यों के सामने पेश किया गया और इसे अपनी राय के साथ सरकार को भेज दिया गया।

किसान नेताओं ने कहा कि सरकार से मिले लिखित आश्वासन पर एसकेएम नेताओं में आम सहमति है। एसकेएम ने एक बयान में कहा कि मोर्चा सरकार के प्रस्ताव के कुछ बिंदुओं पर और स्पष्टीकरण मांगेगा और आगे की चर्चा के लिए बुधवार को दोपहर 2 बजे फिर बैठक करेगा। मोर्चा सरकार से सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद करता है। पिछले सप्ताह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बकाया मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दो किसान नेताओं (फोन पर) से बात की थी। ज्ञात रहे कि किसानों के एक साल से दिल्ली की सीमाओं पर चल रहे विरोध-प्रदर्शन के बाद केंद्र सरकार को तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा था। केंद्र ने किसान संघों को अवगत कराया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर प्रस्तावित समिति में एसकेएम, सरकारी अधिकारियों और राज्यों के प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व होगा। सरकार किसानों के खिलाफ सभी पुलिस मामलों को खत्म करने के लिए सहमत हो गई है। इसमें पराली जलाने की शिकायतें और हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज मामले शामिल हैं। एमएसपी पर समिति गठित करने के सरकार के प्रस्ताव पर राजेवाल ने कहा कि किसानों को इस पर आपत्ति है। हम अन्य समितियों को नहीं चाहते हैं। हमने सरकार से इस संबंध में स्पष्टीकरण देने की मांग की है।

किसानों के खिलाफ मुकदमे वापस लेने पर राजेवाल ने कहा कि हम सरकार की इस शर्त के खिलाफ हैं कि किसानों के खिलाफ फर्जी मुकदमे वापस लेने के लिए किसान संघों को आंदोलन वापस लेना चाहिए। हम ऐसी किसी भी पूर्व शर्त को स्वीकार नहीं करेंगे। किसान समूहों ने ( शेष पेज 9 )

# योगी के गृह जिले को तीन अहम परियोजनाओं की सौगात

● प्रधानमंत्री ने गोरखपुर में एम्स, खाद कारखाना और रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर का किया लोकार्पण

● मोदी का सपा पर हमला, कहा- लाल टोपी वाले उत्तर प्रदेश के लिए खतरे की घंटी



गोरखपुर में मंगलवार को खाद कारखाने का लोकार्पण करते पीएम नरेंद्र मोदी। साथ में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ व अन्य वरिष्ठ नेतागण

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर करारा हमला करते हुए कहा कि अपनी तिजोरी भरने और आतंकवादियों पर मेहरबानी दिखाने के लिए सत्ता चाह रहे लाल टोपी वाले लोग प्रदेश के लिए खतरे की घंटी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गोरखपुर में 10,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए एम्स, खाद कारखाने और रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर को राष्ट्र को समर्पित किया।

इसके बाद अपने संबोधन में सपा पर हमला करते हुए कहा कि लोहिया जी और जयप्रकाश नारायण के आदर्शों और अनुशासन को यह लोग कब का छोड़ चुके हैं। आज पूरा उत्तर प्रदेश अच्छी तरह जानता है कि लाल टोपी वालों को लाल बत्ती से मतलब रहा है। उनको आपके दुख तकलीफ से कोई लेना देना नहीं है। मोदी ने आरोप लगाया, लाल टोपी वालों को सत्ता चाहिए। घोटालों के लिए, अपनी तिजोरी भरने के लिए, अवैध कब्जों के लिए, माफियाओं को खुली छूट देने के लिए। लाल टोपी वालों को सरकार बनानी है आतंकवादियों पर मेहरबानी दिखाने के लिए, उन्हें जेल से छुड़ाने के लिए इसलिए याद रखिए कि लाल टोपी वाले यूपी के लिए रेड अलर्ट हैं। यानी खतरे की घंटी हैं। गौरतलब है कि लाल टोपी समाजवादी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की पहचान है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश के गन्ना किसान नहीं भूल सकते कि प्रदेश में भाजपा सरकार से पहले की जो सरकार थी उसने कैसे गन्ना किसानों को पैसे के भुगतान में रुला दिया था। किस्तों में जो पैसा मिलता था उसमें भी महीनों का अंतर होता था। उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों को लेकर कैसे-कैसे खेल होते थे। क्या-क्या घोटाले किए थे। इससे पूरे उत्तर प्रदेश के लोग अच्छी तरह परिचित हैं।

मोदी ने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की तारीफ करते हुए कहाकि हमारी डबल इंजन की सरकार आपकी सेवा करने में जुटी है। आपको विरासत में जो मुसीबतें में मिली हैं, हम नहीं चाहते कि वह मुसीबतें विरासत में आपकी संतानों को मिलने की नौबत आए। पहले की सरकारों के वह दिन भी देश ने देखे हैं जब अनाज होते हुए भी गरीबों को नहीं मिलता था, आज हमारी सरकार ने सरकारी गोदाम गरीबों के लिए खोल दिए हैं। योगी जी पूरी ताकत से हर घर तक अन्य पहुंचाने में जुटे हुए हैं। इसका लाभ यूपी के लगभग 15 करोड़ लोगों को हो रहा है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पहले की सरकारों ने अपराधियों को संरक्षण देकर उत्तर प्रदेश का नाम बदनाम कर दिया था। आज माफिया जेल में हैं और निवेशक दिल खोलकर उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे हैं। यही डबल इंजन का डबल विकास है। इस पर जनता को विश्वास है और हमें उम्मीद है कि आपका आशीर्वाद आगे भी मिलता रहेगा। मोदी ने इससे पहले 600 एकड़ क्षेत्र में 8603 करोड़ रुपए की लागत से बने हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड के खाद कारखाने, 112 एकड़ क्षेत्र में 1011 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित एम्स और गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में ( शेष पेज 9 )

# क्रांति भूमि पर जयंत-अखिलेश का भाजपा पर संयुक्त हमला



मेरठ में सपा-रालोद की संयुक्त रैली में अखिलेश यादव और जयंत चौधरी

**भाषा।** मेरठ

● अखिलेश बोले-जो पैदा करें खाई, वही भाजपाई, सपा और रालोद गठबंधन का ऐलान

**समाजवादी** पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को यहां दबथुआ गांव में आयोजित रैली में भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के पास मुद्दे नहीं बचे हैं और इसीलिए वह अब लोगों के बीच खाई पैदा करने का काम कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो पैदा करें खाई, वही भाजपाई। इस दौरान उन्होंने और राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सपा-रालोद के बीच गठबंधन की औपचारिक घोषणा की। इस मौके पर चौधरी ने कहा कि सत्ता में आने पर उनकी डबल इंजन की सरकार सबसे पहले शहीद ( शेष पेज 9 )

## पुवाल के ढेर में आग लगने से तीन बच्चों की मौत

**भाषा।** मीरजापुर

**जिले** के मड़िहान थाना क्षेत्र के पचोखरा खुर्द गांव में पुवाल में आग लगने से उसमें झुलस कर तीन बच्चों की मौत हो गई। जिला प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मड़िहान थाना क्षेत्र के पचोखरा खुर्द गांव में स्थित एक खलिहान में रखे पुआल के ढेर में आग लगने से तीन बच्चों की सोमवार की शाम को मौत हो गई। तीनों बच्चे सगे भाई बहन थे। जिला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम हादसे से कुछ देर पहले ही पिता जितेंद्र कुमार धरकार फसल की मड़ाई छोड़कर गांव में किसी काम से गए थे। तीनों बच्चों ने पुवाल में अपना घरौंदा बनाया था और वे उसी में जाकर सो गए। इसी दौरान किसी प्रकार कहीं से चिंगारी पुवाल के ढेर में पड़ी और उसमें आग लग गई एवं तीनो बच्चे उसमें झुलस गए। जिला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी मड़िहान को मौके पर जाकर जांच के निर्देश दिए। पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

# दो दिन से तीन बड़े अस्पतालों में डॉक्टर हड़ताल पर, सेवाएं ठप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● नीट पीजी की काउंसिलिंग में देरी का विरोध, आरएमएल सफदरजंग व लेडी हार्डिंग में नहीं हुआ काम, मरीज परेशान

**राष्ट्रीय** राजधानी के कुछ अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरों के काम के बहिष्कार की वजह से लगातार दूसरे दिन भी स्वास्थ्य सेवाएं बाधित रहीं। राम मनोहर लोहिया, सफदरजंग और लेडी हार्डिंग अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरों ने मंगलवार को दूसरे दिन नियमित व आपातकालीन सेवाओं का बहिष्कार किया। हड़ताली डॉक्टर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर (नीट पीजी) 2021 की काउंसिलिंग में देरी को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन का आह्वान फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने किया है।

एम्स रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने कहा कि उसके सदस्य काम के अधिक बोझ से दबे रेजिडेंट डॉक्टरों के समर्थन में हैं और नीट-पीजी काउंसिलिंग में देरी के खिलाफ काम करने के दौरान काली पट्टी बांधेंगे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश जल्द से जल्द हों। इस बीच सफदरजंग अस्पताल आरडीए के महासचिव डॉ अनुज अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है, जिस वजह से डॉक्टरों को प्रदर्शन जारी रखना पड़ रहा है। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में आरडीए के अध्यक्ष डॉ सुनील दुचानिया ने कहा कि डॉक्टरों को शारीरिक और मानसिक तनाव से राहत मिलती नहीं दिख रही है। ओपीडी समेत सभी नियमित सेवाओं से हटने के बावजूद अधिकारियों ने कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बाद रेजिडेंट डॉक्टरों ने एफओआरडीए के राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के आह्वान ( शेष पेज 9 )

## नीलमणि फूकन व दामोदर मौउजो को ज्ञानपीठ पुरस्कार

**भाषा।** नई दिल्ली

असमिया साहित्यकार नीलमणि फूकन को वर्ष 2021 के लिए और कोंकणी के साहित्यकार दामोदर मौउजो को वर्ष 2022 के लिए प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। भारतीय ज्ञानपीठ ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया, ज्ञानपीठ पुरस्कार चयन समिति ने वर्ष 2021 व 2022 के लिए क्रमश: 56वें और 57वें ज्ञानपीठ पुरस्कार की घोषणा कर दी है। विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रसिद्ध कथाकार व ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया है। उसमें बताया गया है कि 1933 में जन्में फूकन का असमिया साहित्य में विशेष स्थान है और उन्होंने कविता की 13 पुस्तकें लिखी हैं। फूकन को पद्मश्री, साहित्य अकादमी, असम वैली अवॉर्ड व साहित्य अकादमी फैलोशिप से सम्मानित किया जा चुका है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि 2022 के ( शेष पेज 9 )

# सुधा भारद्वाज की जमानत के खिलाफ एनआईए की याचिका खारिज हुई

**भाषा।** नई दिल्ली

एल्गार परिषद मामला



**उच्चतम** न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में वकील-सामाजिक कार्यकर्ता सुधा भारद्वाज को जमानत देने के बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की अपील मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति यूयू ललित, न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने एनआईए की दलीलों पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, हमें उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता है।

एनआईए ने भारद्वाज को जमानत देने के उच्च न्यायालय के एक दिसंबर के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील दायर की थी। भारद्वाज को अगस्त 2018 में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) कानून के प्रावधानों के तहत एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में गिरफ्तार किया गया था। शीर्ष अदालत भारद्वाज को डिफॉल्ट (स्वत:) जमानत देने के बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एनआईए की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमत हो गई थी। उच्च न्यायालय ने कहा था कि केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश रचने की आरोपी कार्यकर्ता-वकील जमानत की हकदार हैं और इससे इनकार करना उनके जीवन के मौलिक अधिकार और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दी गई व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन होगा। इसने निर्देश दिया था कि भायखला महिला जेल में बंद भारद्वाज को आठ दिसंबर को मुंबई की विशेष एनआईए अदालत में पेश किया जाए और उनकी जमानत की शर्तें एवं रिहाई की तारीख तय की जाए। उच्च न्यायालय ने डिफ़ॉल्ट जमानत देते हुए कहा था कि एनआईए को चार्जशीट ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,633 | ↑ | 886 | |
| निफ्टी | 17,176 | ↑ | 264 | |
| सोना | 47,039 | ↑ | 58 | /10g |
| चांदी | 60,362 | ↑ | 175 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नगालैंड में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांति बनी रही

**कोहिमा, नई दिल्ली।** सीमावर्ती राज्य नगालैंड में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में 14 आम नागरिकों की मौत के मद्देनजर प्रदर्शन और हिंसा की घटनाएं होने के बाद मंगलवार को शांति रही। वहीं, राज्य मंत्रिमंडल ने केंद्र से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (आफ्सपा) को निरस्त किए जाने की मांग करने को लेकर एक बैठक की। अधिनियम को निरस्त करने की मांग नई दिल्ली में संसद में भी उठी। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) सांसद एवं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में मंत्री रह चुकी अगाथा संगमा ने कहा कि यह एक ऐसा बड़ा मुद्दा है, जिससे हर कोई अवगत है, लेकिन इसे नजरअंदाज किया जा रहा क्योंकि हर कोई उस पर चर्चा करने में असहज महसूस करता है।

# स्पाइस जेट से बोला हाईकोर्ट, दो सप्ताह में चुकाएं 50 लाख डॉलर

● मद्रास हाई कोर्ट ने अपने आदेश पर दिया स्टे, वादा पूरा न करने पर नीलाम होंगी कंपनी की संपत्तियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मद्रास** हाईकोर्ट ने दो सप्ताह के भीतर पचास लाख डॉलर के बराबर राशि जमा करने की शर्त पर स्पाइस जेट को दो सप्ताह की मोहलत दी है। यदि कंपनी ऐसा करने में नाकाम रहती है तो उसकी संपत्तियां जब्त कर नीलाम की जाएंगी।

मद्रास उच्च न्यायालय ने विमानन कंपनी स्पाइसजेट लिमिटेड के परिसमापन के अपने आदेश पर स्थगन देते हुए यह शर्त लगा दी है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि वह एक बड़ी पीठ के समक्ष अपील करने के साथ इस बारे में अन्य उपयुक्त कदमों पर विचार कर रही है। बीएसई को भेजी सूचना में स्पाइसजेट ने कहा कि अदालत ने स्विट्जरलैंड की एक कंपनी क्रेडिट सुइस एजी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को स्पाइसजेट के परिसमापन और उच्च न्यायालय के आधिकारिक परिसमापक (लिक्विडेटर) को एयरलाइन की संपत्तियों पर कब्जा लेने का आदेश दिया था। क्रेडिट सुइस ने इंजन रखरखाव सेवा कंपनी एसआरटी टेक्निक्स के 2.40 करोड़ डॉलर के बकाये का भुगतान नहीं करने के लिए स्पाइसजेट के खिलाफ याचिका दायर की थी।

स्पाइसजेट ने कहा कि मद्रास उच्च न्यायालय ने यह मानने के बावजूद कि समझौते की अवधि के दौरान इंजन रखरखाव करने के लिए एसआर टेक्निक्स एसआरटी के पास नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से वैध अधिकार नहीं था, कंपनी की दलील को खारिज करते हुए उसके परिसमापन का आदेश दिया था। विमानन कंपनी ने कहा कि मद्रास उच्च न्यायालय ने अपने पिछले आदेश पर हालांकि उसी दिन रोक लगा दी। साथ ही कंपनी को दो ( शेष पेज 9 )

# पीएनजी चालित फैक्ट्रियों को छोड़ सभी होंगी बंद

● एनसीआर और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिया सख्त आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक फोटो

**वायु** गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने मंगलवार को एनसीआर और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित ऐसे उद्योगों को तत्काल बंद करने के निर्देश जारी किए, जिन क्षेत्रों में पीएनजी का बुनियादी ढांचा और आपूर्ति उपलब्ध है, लेकिन वे अभी भी पीएनजी का उपयोग नहीं कर रहे हैं। सीएक्यूएम ने कहा कि नियम का उल्लंघन करने वाले उद्योगों/औद्योगिक इकाइयों को आगामी 12 दिसंबर के बाद संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी और आगे के निर्णयों के लिए स्थिति की समीक्षा की जाएगी। केंद्र और दिल्ली सरकार द्वारा किए गए कई उपायों के बावजूद दिल्ली में हवा की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है, ऐसे में सीएक्यूएम ने ऐसे उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।

आयोग का मानना है कि ऐसे आपात हालात में अत्यधिक सावधानी और कड़े उपाय लागू करने की तत्काल आवश्यकता है। इससे पहले, सीएक्यूएम ने हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश (यूपी) को उन उद्योगों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया जो पहले से ही पीएनजी आपूर्ति से जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करते हैं कि वे उद्योग कोयले जैसे किसी अन्य प्रदूषणकारी ईंधन का उपयोग नहीं कर रहे हैं, ऐसे में अस्वीकृत ईंधन के उपयोग को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखें। एनसीआर में, संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से और चूक करने वाली इकाइयों पर कड़ी कार्रवाई करें। आयोग ने बीते अगस्त में इन राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करने के बाद जहां बुनियादी ढांचा और गैस की आपूर्ति हो सभी चिन्हित उद्योग इकाइयों को पीएनजी में बदलने के लिए स्पष्ट रूप से निश्चित समय सीमा में इसके कार्यान्वयन योजना तैयार करने को कहा था। एनसीआर जिलों के निर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्रों के भीतर आने वाले औद्योगिक क्षेत्रों में गैस की आपूर्ति करने के लिए अधिकृत संस्थाओं के परामर्श से, पीएनजी और शेष औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक समयबद्ध व्यापक कार्य योजना विकसित करना था। सीएक्यूएम द्वारा प्रतिनियुक्त फ्लाइंग स्क्वॉड क्षेत्र का दौरा कर दिल्ली-एनसीआर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता में योगदान देने वाले विभिन्न स्थलों का कड़ाई से निरीक्षण कर रहे हैं और सीएक्यूएम को निर्देशों के अनुपालन की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 8 दिसंबर, 2021



# कोरोना के नए वैरिएंट से नोएडा में अलर्ट

## ऑक्सीजन की सप्लाई दुरुस्त रखने के लिए तैयारियां शुरू, जल्द शुरू होगा नया प्लांट

- रिफिलिंग क्षमता 300 से बढ़कर 900 सिलेंडर होगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन और जिला स्वास्थ्य विभाग कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमीक्रोन को लेकर अलर्ट हो गया है।

कोरोना की तीसरी लहर को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अगर कोरोना की संभावित तीसरी लहर ओमीक्रोन आई तो ऑक्सीजन की दिक्कत ना होए इसको लेकर औषधि निरीक्षक ने सूरजपुर इंडस्ट्रियल एरिया का निरीक्षण किया है।

निरीक्षण के दौरान मेडिकल ऑक्सीजन निर्माण, टेस्टिंग और फिलिंग संबंधित सभी उपकरण व अभिलेखों की जांच की गई। औषधि निरीक्षक ने 5 ऑक्सीजन सिलेंडर के प्रेशर की जांच की, जो सही पाई गई। मेडिकल ऑक्सीजन का उत्पादन आत्याधुनिक उपकरणों से किया जा रहा है। आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स वर्क्स के मैनेजर नवीन मिश्र ने बताया कि मेडिकल ऑक्सीजन की रिफिलिंग क्षमता 300 सिलेंडर प्रति शिफ्ट से 900 सिलेंडर प्रति 3 शिफ्ट में की जा सकती है, जिसे बढ़ाकर जिलाधिकारी सुहास एलवाई के निर्देशों अनुसार 1100 सिलेंडर प्रति 3 शिफ्ट तक रिफिलिंग करने की तैयारी चल रही है।

इनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स कंपनी जल्द जिले को एक अन्य मेडिकल ऑक्सीजन रिफिलिंग प्लांट देगी, जिसकी क्षमता 300 सिलेंडर प्रति शिफ्ट होगी। नया प्लांट तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने पर मेडिकल ऑक्सीजन रिफिलिंग यूनिट का निरीक्षण भारत सरकार, औषधि निरीक्षक और राज्य सरकार के औषधि निरीक्षक संयुक्त रूप से करेंगे, जिसके बाद जनपद गौतमबुद्ध नगर को मेडिकल ऑक्सीजन रिफिलिंग प्लांट यूनिट संचालन करने की अनुमति जल्द मिल जाएगी। इससे जिले की क्षमता बढ़ेगी।

## नोएडा एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे



# स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर पलटी

- हादसे में 8 लोग गंभीर रूप से घायल

पायनियर समाचा सेवा। नोएडा

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बीती रात को बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए नोएडा के 2 अस्पताल में एडमिट करवाया गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद नोएडा पुलिस और एक्सप्रेसवे राहत टीम मौके पर पहुंची। सभी लोगों को अस्पताल में भर्ती करवा कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया प्रभारी ने बताया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बीती देर रात को फेस-2 थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बड़ा हादसा हुआ। यह हादसा पंचशील अंडरपास के ऊपर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर हुआ है। एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त स्कॉर्पियो कार में 8 लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल 4 यात्रियों को फिलिक्स अस्पताल और 4 यात्रियों को यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायलों की पहचान राहुल, अनिल, राजेश, विशाल, गगन गुप्ता, चेतन, अमित तथा शिव के रूप में हुई है। सभी यात्री खतरे से बाहर है और उपचार किया जा रहा है। वहीं ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 3:30 बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हादसा हुआ।

### अज्ञात वाहन से टकराया कंटेनर

एक्सप्रेसवे पर जेवर से नोएडा जाते समय एचपी पेट्रोल पंप से पहले एक कंटेनर किसी अज्ञात वाहन से टकरा गया। इस हादसे में कंटेनर चालक चंद्रवीर उर्फ रवि निवासी टप्पल अलीगढ़ की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि नोडा पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कंटेनर मालिक और मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। इस मामले में उस वाहन की भी तलाश की जा रही है, विश्वास से टकराकर कंटेनर चालक की मौत हुई है। इस मामले में बीटा-2 पुलिस छानबीन कर रही है। वहीं लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### औद्योगिक इलाकों से डोर-टू डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू



**गाजियाबाद।** औद्योगिक नगरी गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्रों में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (ट्रिपल पी) मॉडल के आधार पर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य शुरू कर दिया गया। महापौर आशा शर्मा व नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में कूड़ा कलेक्शन वाहन को हरी झंडी दिखाई। पहले चरण में बुलंदशहर रोड औद्योगिक तथा अमृत स्टील कंपाउंड में कूड़ा कलेक्शन होगा। नगर आयुक्त ने इस अवसर पर बताया कि सभी औद्योगिक इकाइयों से कूड़ा एकत्र किया जाएगा, जिसका व्यय औद्योगिक क्षेत्रों द्वारा वहन किया जाएगा। जिससे औद्योगिक क्षेत्र आत्मनिर्भर बनेंगे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके सिंह ने बताया कि शहर को कचरा मुक्त करने का कार्य और बेहतर तरीके से करने के लिए इस योजना को धरातल पर लाया गया है।

### तीन बाइकों पर चोरों ने किया हाथ साफ

**मसूरी।** मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव में 3 दिन में चोरों ने तीन बाइको पर दिनदहाड़े हाथ साफ कर फरार हो गए। हुसैन और फारुख के घर के बाहर खड़ी बाइक पर चोरों ने दिनदहाड़े चोरी कर ली। कलेक्ट्रेट मोहल्ले में भी चोरों ने एक युवक की बाइक पर हाथ साफ कर दिया यानी कि 3 दिन में तीन बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। एसएचओ योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर वाहनों को बरामद कर लिया जाएगा।

### तमंचे के साथ दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मोदीनगर थाने की पुलिस ने मंगलवार को कादराबाद बम्बे के पास दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक देशी तमन्चा, दो चार जिन्दा कारतूस व एक देशी पोनिया बरामद किये हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी मोदीनगर सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में भदौडा मोदी नगर निवासी शैलेंद्र कुमार मलिक तथा ईसापुर भोजपुर निवासी चिंकू हैं। आरोपी कई अपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

# विवाद में भाइयों ने व्यक्ति को कार से कुचला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के घरबरा गांव में पैसों के लेनदेन में एक व्यक्ति की कार से कुचलकर हत्या कर दी थी। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 थाना क्षेत्र में एक वारदात हुई थी।



पुलिस ने इस मामले में कार से कुचलकर हत्या करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दूसरा आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। अपर पुलिस उपायुक्त विशाल पांडे ने बताया कि थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र के घरबरा गांव में रहने वाले नितिन का मोबाइल फोन की दुकान चलाते हैं। वह ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करने का भी काम करते हैं। अरुण और नकुल नामक दो भाइयों का पैसे ट्रांसफर करने वाले नितिन से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद था।

## दोस्त की गर्दन काटी, युवक गिरफ्तार



फाइल फोटो

**गाजियाबाद।** लाल कुआं इलाके में युवक की गर्दन काटकर हत्या करने के मामले का कविनगर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मृतक के दोस्त को गिरफ्तार किया है। प्रमोद लोधी नामक एक युवक की लाश उसके घर के पास से कूड़े के ढेर से बरामद हुई थी। पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय नितिन अग्रवाल ने बताया कि प्रमोद प्रेसिजन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में मशीन ऑपरेटर की नौकरी करता था। प्रदीप मिश्रा भी मशीन ऑपरेटिंग की नौकरी करता था। मशीन खराब होने पर आरोप अक्सर संदीप पर आता था। इसी बात को लेकर संदीप और प्रमोद में अक्सर विवाद रहता था। करीब एक महीने पहले भी दोनों में विवाद हुआ था, जिसके बाद संदीप ने प्रमोद को रास्ते से हटाने का फैसला कर लिया था।

## दहेज हत्या के आरोप में युवक को आठ साल जेल की सजा



**नोएडा।** नोएडा में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के दोषी एक व्यक्ति को यहां की एक स्थानीय अदालत ने आठ साल जेल की सजा सुनाई है और मामले में सह-आरोपी व्यक्ति की मां को सात साल जेल की सजा सुनाई है।

अभियोजन अधिकारी ब्रह्मजीत भाटी ने बताया कि नोएडा के फेज-तीन थाने में अक्टूबर 2018 में एक युवक ने मामला दर्ज कराया था कि दहेज के लिए उसकी बहन के पति पंकज और सास श्रीदेवी ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दायर किया। उन्होंने बताया कि अदालत ने मामले में सुनवाई के दौरान सभी पक्षों पर गौर करने के बाद पंकज को आठ और श्रीदेवी को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई और उन पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# जीडीए ने दो महीने में बेची 200 करोड़ की संपत्तियां

अशोक निर्वाण। गाजियाबाद

गाजियाबाद में संपत्ति की मांग धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने पिछले दो महीनों के दौरान करीब 200 करोड़ रुपए की अपनी संपत्ति बेचने में सफलता पाई है। इसमे खास बात यह है कि जितनी भी संपत्ति की बिक्री हुई है उसमें ज्यादातर व्यवसायिक या फिर औद्योगिक उपयोग की है। जीडीए के आंकड़े बताते हैं कि आवासीय संपत्ति की उस स्तर पर बिक्री नहीं हो पाई जिसकी उम्मीद जीडीए अधिकारियों को थी। फिर भी कुल मिलाकर संपत्ति बेचने के जो नतीजे पिछले 2 महीने के दौरान आए हैं उनसे जीडीए के अधिकारी उत्साहित हैं। जीडीए के सहायक अभियंता व्यवसायिक मनोज सागर में बताया कि जीडीए ने अपनी संपत्ति को बेचने के लिए 21 अक्टूबर से शिविर आदि लगाने का काम शुरू किया था।

### मधुबन बापूधाम योजना में बढ़ी लोगों की रूचि

सबसे ज्यादा संपत्ति जीडीए की मधुबन बापूधाम योजना में बेची गई है। उसमें भी ज्यादातर संपत्ति औद्योगिक व व्यवसायिक उपयोग की थी। इसके अलावा इंदिरापुरम में भी जीडीए ने कुल 24 आवासीय भूखंडों की बिक्री के लिए नीलामी निकाली थी। जिसमे से 23 भूखंडों की बिक्री हो चुकी है। इससे जीडीए को करोड़ों की आय हुई है।

## 14वीं मंजिल से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर-76 स्थित स्काईट्रेक मेट्रो सोसायटी में रहने वाली एक 65 वर्षीय महिला ने 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। वह मानसिक रूप से तनाव में थी।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गीता अवस्थी ने बीती रात को 14 मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया। वह काफी समय से बीमार थी। वहीं थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में रहने वाले शोभित कुमार 21 वर्ष नामक युवक ने मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।

# इस सप्ताह केंद्र को भेजी जाएगी मेडिकल डिवाइस पार्क की डीपीआर

- नई साल से पहले शुरू होगा काम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में विकसित होने वाले उत्तर भारत के पहले मेडिकल डिवाइस पार्क में मेडिकल उपकरण बनाए जाएंगे। इस पार्क में विदेशी कंपनियों को भी उपकरण बनाने का मौका मिलेगा।

यहां आने वाली कंपनियों को तमाम तरह की छूट मिलेगी। इस महीने के अंत तक इस योजना को लांच करने की तैयारी चल रही है। केंद्र सरकार ने 4 राज्यों का मेडिकल डिवाइस पार्क बनाने के लिए चयन किया है। इसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है। उत्तर प्रदेश सरकार ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित करने की तैयारी पूरी कर ली है।

यमुना प्राधिकरण सेक्टर-28 में 350 एकड में यह पार्क विकसित करेगा। 10 दिसंबर से पहले केंद्र सरकार को इस मेडिकल डिवाइस पार्क की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भेजी जाएगी। इसकी रिपोर्ट पहले भी भेजी गई थी लेकिन केंद्र ने संशोधन बताए थे।

## निजी बैंकों व फाइनेंस कंपनियों से करोड़ों की ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**नोएडा।** फर्जी दस्तावेज के आधार पर निजी बैंकों और फाइनेंस कंपनियों से करोड़ों का ऋण लेने वाले गिरोह के दो लोगों को थाना सेक्टर 20 पुलिस ने सोमवार रात को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी प्रधानमंत्री आवास योजना की वेबसाइट से डेटा लेकर फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवाते थे।

उन्होंने बताया कि इन लोगों ने सेक्टर में ठगी करने के लिए एक कंपनी खोली थी। पुलिस को इनके 21 बैंक खातों के बारे में जानकारी मिली है जिनमें 75 लाख रुपये जमा हैं। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से पांच लैपटॉप, आठ मोबाइल फोन और 20 फर्जी पैन कार्ड मिले हैं। इनके कुछ साथी फरार हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने सोमवार की रात को उक्त धोखाधड़ी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

# नोएडा प्राधिकरण और किसानों के बीच टकराव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण और नोएडा एंप्लाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कुशलपाल चौधरी के बीच मंगलवार को टकराव हुआ है।

इस टकराव के दौरान पुलिस ने जबरदस्ती कुशलपाल चौधरी को अंदर घुसा दिया, जिसके बाद किसानों में भारी रोष है। ऐसे में किसानों का कहना है कि कुशलपाल चौधरी अब प्राधिकरण दफ्तर में घुस तो गए लेकिन अब उनको बाहर नहीं निकलने दिया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण पर इस समय टकराव की स्थिति बनी हुई है।

दरअसल नोएडा में पिछले लगभग 3 महीनों से किसानों ने नोएडा प्राधिकरण का घेराव किया हुआ है। पिछले कुछ दिनों से किसानों ने प्राधिकरण के सभी गेट पर ताले जड़ दिए है, जिसके कारण प्राधिकरण के अफसर और कर्मचारी अंदर नहीं घुस पा रहे हैं।

यह अधिकारी आसपास में मौजूद कंपनियों में बैठकर नोएडा प्राधिकरण का काम कर रहे हैं। नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कुशलपाल चौधरी अपने साथियों के साथ प्राधिकरण पहुंचे और वहां पहुंच कर उन्होंने अपने दफ्तर में जाने की बात किसानों से कही। जिसके बाद गेट नंबर-3 पर बैठे किसानों और कुशलपाल चौधरी के तीखी नोकझोंक देखने को मिली। इसी नोकझोंक के बाद भारी संख्या में किसान और कुशलपाल चौधरी संग उनके साथियों के बीच तकरार होने लगी।


सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड

सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी061995

पंजीकृत कार्यालय : एनएस-92, खसरा सं. 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, निकट अर्जुन पार्क बस स्टैंड, नई दिल्ली-110043;

ई-मेल आईडी : superiorfinlease@gmail.com

वेबसाइट : http:// superiorfinlease.com फोन सं. : 91-9953798335

सूचना

(सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड के शेयरधारकों के ध्यानार्थ)

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड के सदस्यों की असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) बुधवार, 29 दिसम्बर, 2021 को अप. 03.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। ईजीएम की सूचना और रिमोट ई-वोटिंग विवरण इलेक्ट्रॉनिक मोड में उन सभी सदस्यों को प्रेषित किया जा चुका है, जिनकी ई-मेल आईडी'ज कम्पनी/आरटीए/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत हैं।

यदि आपने अपना ई-मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(प्रतिभागियों) के पास पंजीकृत नहीं करवाया है, तो सूचना एवं ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण प्राप्त करने के लिए कृपया अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत करवाने के लिए निम्न अनुदेशों का अनुसरण करें :

1. यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं, तो कृपया ई-मेल द्वारा superiorfinlease@gmail.com पर फोलियो नं., शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे) की स्कैंड प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति) उपलब्ध कराएं।
2. यदि शेयर डीमैट रूप में धारित हैं, तो कृपया ई-मेल द्वारा superiorfinlease@gmail.com पर डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकीय डीपीआईड सीएलआईडी अथवा 16 अंकीय लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति) उपलब्ध कराएं।

वैकल्पिक रूप में, सदस्यगण बिंदु (1) अथवा (2), जैसी भी स्थिति है, में वर्णित विवरण उपलब्ध करवा कर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने के लिए evoting@nsdl.co.in पर एक ई-मेल अनुरोध प्रेषित कर सकते हैं।

एतद्द्वारा कम्पनी (प्रबन्धन तथा प्रशासन) नियमावली 2014 (यथा संशोधित) के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 (यथा संशोधित) के विनियम 44 और एमसीए सर्कुलर्स के अनुपालन में सूचना दी जाती है कि कम्पनी ईजीएम में निष्पादित किए जाने वाले व्यवसाय के संबंध में अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवा रही है। कम्पनी ने ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की सेवाएं अनुबंधित की हैं।

रिमोट ई-वोटिंग की अवधि रविवार, 26 दिसम्बर, 2021 को पूर्वा. 9.00 बजे आरंभ होगी तथा समापन मंगलवार, 28 दिसम्बर, 2021 को अप. 5.00 बजे होगा। इस अवधि के दौरान कट-ऑफ तिथि अर्थात बुधवार, 22 दिसम्बर, 2021 को भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरों के धारक कम्पनी के सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप में अपना मतदान कर सकते हैं। तत्पश्चात् एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। यदि सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार मतदान कर दिया जाता है तो उन्हें बाद में इसे बदलने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

कोई व्यक्ति जो कि सूचना के प्रेषणोपरान्त कम्पनी का सदस्य बनता है और कम्पनी के अंशों का उपार्जन करता है तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात् बुधवार, 22 दिसम्बर, 2021 के अनुसार अंशों का धारण करता है, वह evoting@nsdl.co.in पर अथवा compliances@skylinerta.com अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

ईजीएम की सूचना के साथ प्रेषित पत्र में रिमोट ई-वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया दी गई है।

ईजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट http://www.superiorfinlease.com// पर और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट http://www.bseindia.com/ पर और मेट्रापोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट http://www.msei.in/ पर भी उपलब्ध है जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

किसी पूछताछ के मामले में आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध अंशधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल तथा अंशधारकों हेतु फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेशचन्स (एफएक्यू) का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा टोल फ्री नं. 1800-222-990 पर कॉल कर सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।

सदस्यगण, जिनके शेयर प्रमाणपत्र अभी तक भौतिक रूप में हैं, उनको अपनी शेयरधारिता अभौतिक रूप में परिवर्तित करवाने की सलाह दी जाती है, ताकि वे अभौतिकीकरण के अनेक लाभ प्राप्त कर सकें, जिनमें आसान तरलता, व्यापार और अंतरण की आसानी, स्टाम्प ड्यूटी में बचत और दस्तावेजों के खोने या घटिया सिपुर्दगी की कोई संभावना सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त, सदस्यों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी रेकार्ड तिथि, जिसकी सूचना स्टॉक विभाजन के अनुमोदन के पश्चात यथासमय दी जाएगी, से भौतिक शेयरधारण का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं करेगी और अतएव एतद्द्वारा सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि अपनी शेयरधारिता अभौतिक रूप में परिवर्तित करवा लें, ताकि उप-विभाजित इक्विटी शेयर डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास शेयरधारकों के संबंधित लाभार्थी खाते में उप-विभाजन से पूर्व इक्विटी शेयरों के विद्यमान क्रेडिट के ऐवज में क्रेडिट किए जा सकें।

कृते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./-
दिशा रानी
(कम्पनी सचिव)

दिनांक : 06-12-2021
स्थान : नई दिल्ली



Sale Notice

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS Vipin Nagpal, SUIT No. 1429-19 | Vehicle No-HR51BF2092, Make & Model - HYUNDAI MOTORS LTD. I-10 Grand, Manu Year-2015 |
| ICICI BANK LTD VS Ata Abbas, CS NO. 3387/18 | Vehicle No- DL1RTB2176, Make & Model- MARUTI WAGON R Lxi, Manu Year-2016, Reserve Price: Rs 1,00,000, EMD Amount Rs 10,000, EMD is to be made in favour of ICICI Bank Limited Payable At Delhi |
| ICICI BANK LTD VS Subodh Kumar, CM(M) 602/2020 & CM APPL.30659/2020 | Vehicle No-UP14FT6208, Make & Model- RENAULT LODGY RXE, Manu Year-2016, Reserve Price: Rs 1,25,000, EMD Amount Rs 12,500, EMD is to be made in favour of ICICI Bank Limited Payable At Delhi |
| ICICI BANK LTD VS Jitendra Chaturvedi, CM (M) 22/2020 | Vehicle No- UP14FT7814, Make & Model- CHEVROLET SAIL UVA LT, Manu Year-2016, Reserve Price: Rs 40,000, EMD Amount Rs 4,000, EMD is to be made in favour of ICICI Bank Limited Payable At Delhi |
| ICICI BANK LTD VS Meenakshi Singh Kharwar, CS DJ 6476/18 | Vehicle No-UP16ET3403, Make & Model - NISSAN MICRA, Manu Year-2017 |
| ICICI BANK LTD VS Ashish Kumar, CS (COMM) No.1374/2020 | Vehicle No-DL4CAZ1019, Make & Model - HYUNDAI I20 MAGNA + CRDI, Manu Year-2019 |

**Auction Date: 23-December-2021 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Venue: Godara Yard, Khewat No: 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi School, Sec-17, Sukhrali, Gurugram- 122022.**
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at site with original KYC proofs to participate in the auction and also original DD of EMD wherein applicable.

Successfully approved bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount if applicable) within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited wherein you have submitted EMD.

The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot no-7, Rohini Sector-8, New Delhi-110085.** for details and inspection of the said hypothecated vehicle.



CSB Bank
Formerly The Catholic Syrian Bank Ltd.

PUBLIC NOTICE ON AUCTION OF PLEDGED GOLD ORNAMENTS

The borrower/s in specific and interested bidders in general are hereby informed that on account of non-repayment of Bank's dues by the borrowers as under despite the payment notice and recall/auction notice issued by the Bank, the gold ornaments pledged with the bank as security by the respective borrowers for the loans availed by them will be sold in public auction on "as is where is" and "non- recourse" basis through physical auction on 15th December, 2021 at 03.00 p.m. in branch premises. Auction may be adjourned to any other later date at the discretion of the bank upon publication of the same in the Bank's notice board. The borrowers are hereby further informed that the gold ornaments will be disposed off by private sale if the public auction is not successful and if there is a further balance to be recovered thereafter, legal action will be initiated against the borrower/s for recovery of the balance amounts due to the bank.

| S. No. | Pledged Branch | Name of Borrower | Client ID/ Account Number | Total Outstanding Balance as on 06.12.2021 (in Rs.) | Net Weight in gms |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | New Delhi | MRADU | 0205-00565406-000031 | 2091210.64 | 485 |
| 2 | New Delhi | ANUJ AGGARWAL | 0205-07248269-000001 | 1659391.14 | 385 |
| 3 | New Delhi | KULDEEP SINGH | 0205-04105245-000002 | 36297.5 | 9.4 |
| 4 | New Delhi | R GOWRI | 0205-07045175-000007 | 609327.25 | 133 |
| 5 | New Delhi | KIRAN | 0205-04177788-000001 | 178330.75 | 39 |
| 6 | New Delhi | KIRAN | 0205-04177788-000002 | 140778.75 | 30.84 |
| 7 | New Delhi | RESHMA | 0205-04181745-000001 | 70324.75 | 15.38 |
| 8 | New Delhi | SUNITA | 0205-04015599-000003 | 19102.75 | 4.83 |
| 9 | New Delhi | SUNITA | 0205-04015599-000004 | 5313.75 | 1.35 |
| 10 | New Delhi | MANOJ | 0205-04010621-000004 | 20546.75 | 7.05 |
| 11 | New Delhi | LALITA | 0205-04222909-000001 | 116944.75 | 30.69 |
| 12 | New Delhi | SUNITA | 0205-04015599-000005 | 9535.75 | 2.78 |
| 13 | New Delhi | VIKAS | 0205-04202462-000002 | 106296.84 | 30.45 |
| 14 | New Delhi | SALMAN | 0205-04266155-000001 | 9276.75 | 2.55 |
| 15 | New Delhi | MOHD BILAL | 0205-04267313-000001 | 24333.75 | 6.7 |
| 16 | New Delhi | LALITA | 0205-04222909-000002 | 28880.75 | 7.52 |
| 17 | New Delhi | SALMAN | 0205-04266155-000002 | 37127.75 | 9.3 |
| 18 | New Delhi | MANISH | 0205-07310958-000002 | 38949.64 | 11.6 |

For more details/account wise information borrowers and for participating in the auction, interested bidders may contact respective branches.

Date: 07.12.2021, Place: New Delhi — Authorised Officer, (CSB Bank Limited)



सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलान शहनाज पत्नी श्री उमा शंकर एवं एश्वरी पत्नी स्व. रामेश्वर प्रसाद एक सम्पत्ति नं०-1270/2, तृतीय तल, पिछली तरफ, गली नं०-10, खसरा नं0-93, बिना छत के गोविन्दपुरी, कालकाजी, नई दिल्ली, सम्पत्ति का कुल क्षेत्रफल 105 वर्ग गज है, जिसमें से रकबा 52.5 वर्ग गज, बिक्रेता राखी सामवेदी पत्नी श्री सन्तोष से खरीद रहे हैं। श्री खेमचन्द टक्कर एवं रामप्यारी की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति का कोई सरवाइवल प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है।

यदि उक्त सम्पत्ति नं०-1270/2, तृतीय तल, पिछली तरफ, गली नं0-10, खसरा नं०-93, बिना छत के, गोविन्दपुरी, कालकाजी, नई दिल्ली के सम्बन्ध में कोई एतराज है तो इस विज्ञापन से 15 दिनों के अन्दर नीचे दिये गये विवरण पर अपना एतराज दाखिल कर सकता है।

कमलेश (अधिवक्ता)
चै.न. 449, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली-17
मोबाइल : 9868343355



PUBLIC NOTICE

Be it known to all that our Clients Sh. Ramesh Aggarwal S/o Late Shri Nanak Chand Aggarwal and Smt. Mamta Aggarwal W/o Shri Ramesh Aggarwal both Residents of D-8, Polo Road (Near Mother Dairy), Old Gupta Colony, Delhi - 110 009 do hereby severe all their relationship and ties with their son Mr. Hiren Aggarwal & his family members including but not limited to his wife, Mrs. Sonal Rathod all permanent residents of D-8, Polo Road (Near Mother Dairy), Old Gupta Colony, Delhi - 110 009, presently residing at 128 Curtis Court, Pittsburgh PA 15237 with immediate effect.Our clients have, with immediate effect, disowned all of them and their respective legal heirs, if any, from all their properties (both movable and immovable properties) owned and/or possessed by our Clients.Our clients will not be held responsible or liable for any consequences arising out of any give and take acts, deeds, transactions and things done by Mr. Hiren Aggarwal and/or his family members, as mentioned above, (jointly or severally), both, in present or in future. Anybody dealing with Mr. Hiren Aggarwal and/or his family members shall be doing so at his or her own risks, perils, costs, expenses and consequences.

NISHANT ANAND (Advocate)
A-141, First Floor, Defence Colony,
New Delhi - 110024


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# बड़ी सफलता : नई तकनीक से बने कुओं से मिलेगा साफ पानी

## पूर्वी दिल्ली को होगा सबसे ज्यादा फायदा : जैन


सोनिया विहार में बने आधुनिक कुंए का निरीक्षण करने पहुंचे जलमंत्री सत्येंद्र जैन।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

चौबीस घंटे पीने का साफ पानी मुहैया कराने की दिशा में दिल्ली सरकार को बड़ी सफलता मिली है। इसी कड़ी में उसने 30 नए आधुनिक कुओं का निर्माण पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में पूरा कर लिया है। ऐसे ही और सत्तर कुओं का निर्माण आने वाले समय में किया जाएगा। इन कुओं से परंपरागत कुओं के मुकाबले पानी का उत्पादन 6 से 8 फीसदी तक अधिक होता है। यानी अब दिल्ली वालों को 25 से 30 फीसदी ज्यादा पानी की सप्लाई की जा सकेगी। इसका सबसे ज्यादा फायदा पूर्वी दिल्ली की एक बड़ी आबादी को होगा।

सोनिया विहार में बने आधुनिक कुओं का मंगलवार निरीक्षण करने पहुंचे जल मंत्री एवं दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने कहा कि सोनिया विहार वॉटर ट्रीटमंट प्लांट के परिसर में आधुनिक तकनीक से बनाए गए मॉडर्न रेनी वेल से आम कुओं के मुकाबले 6 से 8 गुना ज्यादा पानी का उत्पादन हो सकेगा। इस नई तकनीक से अब कुएं के अंदर ही पानी को ट्रीट कर सीधे लोगों के घरों तक पहुंचाया जा सकेगा। इससे पानी की सप्लाई में 25-30 फीसद तक का इजाफा होगा। यह पानी सीधे दिल्ली जल बोर्ड के भूमिगत जलाशयों में सप्लाई किया जाएगा। चौबीस घंटे दिल्ली वालों को पीने का पानी उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 30 मॉडर्न एक्सट्रैक्शन वेल का निर्माण कराया

दिल्ली सरकार ने यहां 30 मॉडर्न एक्सट्रैक्शन वेल यानि आधुनिक कुओं का निर्माण कराया है जो परंपरागत कुओं के मुकाबले 8 गुना तक ज्यादा पानी उपलब्ध कराने की क्षमता रखते हैं। एक्सट्रैक्शन वेल उन कुओं को कहा जाता है, जहां से पानी निकाल कर उसे ट्रीट कर घरों तक सप्लाई किया जाता है। इस कुएं के बनने से पानी की सप्लाई अब 30 फीसद तक बढ़ जाएगी। प्रत्येक कुएं की क्षमता रोजाना 1.2 से 1.6 मिलियन गैलन पानी सप्लाई करने की है। इससे पूर्वी दिल्ली के इलाकों मे पीने की पानी की समस्या का समाधान किया जा सकेगा।

ये कुए पायलट प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए थे, जिसका मकसद यह जानना था कि क्या नए और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके पानी की उपलब्धता को बढ़ाया जा सकता है या नहीं। जैन ने बताया कि यह पायलट प्रोजेक्ट 100 फीसद सफल रहा और अब ऐसे 70 और कुएं परिसर में बनाए जाएंगे। इन कुओं की मदद से प्रतिदिन 1.2 से 1.6 मिलियन गैलन पानी उपलब्ध होगा।


### कैसे काम करता है यह आधुनिक कुआं

दिल्ली जल बोर्ड द्वारा बनाए गए आधुनिक कुओं को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि पानी कुएं के भीतर ही उपचारित (ट्रीट) हो जाए। इससे एक नया वॉटर ट्रीटमंट प्लांट स्थापित करने की लागत बच जाएगी और पानी को सीधे पंप करके लोगों के घरों तक पहुंचा जा सकेगा। खास बात यह है कि कुएं से पानी निकाले जाने से भूजल स्तर पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि इन नए कुओं का सिस्टम इस प्रकार से डिजाइन किया गया है कि बारिश के मौसम में ये खुद-ब-खुद भूजल को दोबारा से रीचार्ज कर सकेंगे। इस कुएं का व्यास 1-1.5 मीटर और गहराई 30 मीटर है। साधारण कुओं में ये 0.3 मीटर होता है। यह कुआं दिल्ली जल बोर्ड, लोक निर्माण विभाग और बाढ़ एवं सिंचाई विभाग के सांझा प्रयासों से बनाया गया है। यह एक उदाहरण है कि अगर सभी विभाग साथ मिल कर किसी काम को करें, तो न सिर्फ काम को जल्दी पूरा किया जा सकता है, बल्कि इसमें नई खोज की संभावना भी बढ़ जाती है।


एक लाभार्थी महिला को कोविड का टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : रंजन डिमरी

# राजधानी में कोविड-19 के 40 नए केस, एक मरीज की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को कोविड-19 के 40 नए मामले सामने आए और एक मरीज की मौत हो गई। यहां संक्रमण दर 0.09 फीसदी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

सोमवार को स्वास्थ्य अधिकारियों ने चिकित्सा बुलेटिन जारी नहीं किया था। दिसंबर में संक्रमण से मौत का यह पहला मामला है। नवंबर में संक्रमण से सात लोगों की मौत हुई थी, अक्टूबर में चार और सितंबर में पांच लोगों की मौत हुई थी। संक्रमण के नए मामले सामने आने के बाद शहर में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 14,41,398 हो गई। वहीं अब तक 14.15 लाख मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। मृतकों की संख्या 25,099 है। स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार शहर में 344 मरीजों का उपचार चल रहा है। यहां निरूद्ध क्षेत्रों की संख्या 86 है।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली सरकार ओमीक्रोन स्वरूप के मद्देनजर कोविड-19 की स्थिति पर करीब से नजर रख रही है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में लॉकडाउन लगाने की संभावना से इनकार किया है। दिल्ली में रविवार को ओमीक्रोन के पहले मामले की पुष्टि तंजानिया से यहां पहुंचे 37 वर्षीय एक व्यक्ति में हुई, जो टीके की दोनों खुराक लगवा चुका है। व्यक्ति में संक्रमण के आंशिक लक्षण हैं।

# बच्चों को नशे की लत से बचाने में मदद दे रहा केंद्र

**● केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री ने दी जानकारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली में मादक द्रव्यों के चंगुल से बच्चों को बचाने के लिए दिल्ली सरकार को अनेक प्रकार की सहायता दी जा रही हैं तथा यहां नौ एकीकृत पुनर्वास केंद्र चलाये जा रहे हैं।

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने लोकसभा में प्रश्नकाल में बताया कि 2019 में दिल्ली में 10 से 17 साल आयु के करीब 4.93 लाख बच्चे मादक पदार्थों के आदी पाए गए।

उन्होंने भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि मंत्रालय नशीली दवाओं के उपयोग को कम करने के लिए योजना बनाई। कुमार ने कहा कि दिल्ली सरकार को भी इस लिहाज से केंद्र की ओर से सहायता दी गयी।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली में नशा करने वालों के लिए नौ एकीकृत पुनर्वास केंद्र एवं अन्य संस्थाएं केंद्र की मदद से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल में राजधानी में नशामुक्ति केंद्र चलाने वाले एनजीओ को 13 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गयी है।

# शराब की दुकान का विरोध, कोर्ट ने दिया दखल

## हाईकोर्ट ने सरकार को स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह त्रि नगर इलाके में उस स्थल का फिर से निरीक्षण करे, जहां हाल में खोली गई एक शराब की दुकान को स्थानीय लोग स्थानांतरित करने का आग्रह कर रहे हैं। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की एकल पीठ ने याचिका पर दिल्ली सरकार और आबकारी विभाग को नोटिस जारी कर उन्हें अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति पल्ली को स्थानीय निवासियों के वकील ने आश्वासन दिया कि उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया है, इसलिए वे तुरंत धरना खत्म कर देंगे। अदालत ने कहा कि याचिका में की गई शिकायत की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, प्रतिवादी एक और दो (दिल्ली सरकार और आबकारी विभाग) को स्थल का नए सिरे से निरीक्षण करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है। साथ ही अदालत ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 13 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

दिल्ली सरकार और आबकारी विभाग की ओर से स्थायी अधिवक्ता संतोष कुमार त्रिपाठी और वकील अरुण पंवार पेश हुए। अदालत ने याचिकाकर्ताओं में से एक को निरीक्षण में शामिल होने की भी इजाजत दी और कहा कि उसे तारीख और समय के बारे में सूचित किया जाए।

अधिवक्ता एसपी शर्मा के जरिए दायर याचिका में कहा गया है कि त्रि नगर में कन्हैया नगर की मुख्य सड़क पर एक शराब की दुकान खोली गई है जो एक याचिकाकर्ता के घर के बगल में है, जबकि अन्य याचिकाकर्ता भी उसी इलाके में रहते हैं। उन्होंने याचिका में कहा कि याचिकाकर्ता वहां अपने परिवारों के साथ रहते हैं और शराब की दुकान के बाहर बुरे तत्व एकत्र होते हैं जिस वजह से अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है।

# बाबरी मस्जिद को लेकर जेएनयू में विवाद

## भाषण के साथ की गई छेड़छाड़, जेएनयूएसयू कट्टरपंथी ताकतों का विरोध करता रहेगा : घोष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) की अध्यक्ष आइशी घोष ने दक्षिणपंथी ताकतों पर छात्र इकाई के सदस्यों के भाषणों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जेएनयूएसयू कट्टरपंथी ताकतों का विरोध करता रहेगा। उनकी यह टिप्पणी इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल होने के बाद आई है, जिसमें जेएनयूएसयू के उपाध्यक्ष साकेत मून को एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर बाबरी मस्जिद के पुनर्निर्माण की मांग करते हुए दिखाया गया है।

जेएनयूएसयू ने बाबरी मस्जिद विध्वंस और बीआर आंबेडकर की पुण्यतिथि के मौके पर सोमवार रात को एक सद्भावना मार्च का आयोजन किया था। एक वीडियो में मून को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना जा सकता है मुआवजा दिया जाना चाहिए। यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि बाबरी मस्जिद का विध्वंस गलत था और इसका पुनर्निर्माण होना चाहिए।

इस वीडियो के सामने आने के बाद मून के बयान की विभिन्न तबकों में तीखी आलोचना हो रही है। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने ट्विटर पर एक वीडियो में कहा जो लोग बाबरी मस्जिद के पुनर्निर्माण की बात करते हैं, वे जहरीली सोच वाले हैं। हालांकि, जेएनयूएसयू अध्यक्ष आइशी घोष ने ट्वीट कर कहा कि उनके भाषणों को तोड़ने-मरोड़ने से यह तथ्य नहीं बदलने वाला है कि दक्षिणपंथी ताकतों आरएसएस, भाजपा, विहिप ने इस देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने पर हमला किया है। जेएनयूएसयू ऐसी कट्टरपंथी ताकतों का विरोध करता रहेगा जो देश में या और कहीं भी सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ती हैं।

महासचिव सतीश चंद्र यादव ने कहा, जेएनयूएसयू ने यह मांग नहीं उठाई। उन्होंने इस बारे में बात की थी कि अदालत ने कैसे स्वीकार किया है कि बाबरी मस्जिद का विध्वंस गलत था और कहा था कि इसे फिर से बनाया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। मून ने ट्विटर पर दावा किया कि उनके भाषण का एक हिस्सा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के दावों के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोगों द्वारा साझा किया जा रहा है जबकि भाषण का पूरा वीडियो सबकुछ स्पष्ट करता है।

# 'अवैध मंदिर निर्माण में धार्मिक समिति की भूमिका स्पष्ट नहीं'

**● अवैध ढांचों को गिराने वाली उपराज्यपाल की अध्यक्षता में गठित समिति का मामला**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि अवैध ढांचों को गिराने की सिफारिश करने वाली उपराज्यपाल की अध्यक्षता वाली धार्मिक समिति को अतिक्रमण के मामूली मुद्दों से निपटने की जरूरत है भी या नहीं।

उच्च न्यायालय ने दक्षिणी दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी इलाके में एक प्रॉपर्टी के सामने अवैध रूप से निर्मित मंदिर को अतिक्रमण मानते हुए उसे हटाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की एकल पीठ ने संबंधित पुलिस स्टेशन के एसएचओ को विवादित मंदिर परिसर में चौबीसों घंटे एक पुलिसकर्मी तैनात करने और एक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया, जिसमें यह जानकारी दी गयी हो कि विवादित मंदिर में कितने लोग आते-जाते हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने मामले की सुनवाई 16 दिसम्बर के लिए स्थगित कर दी।

## संक्षिप्त समाचार


उद्घाट के मौके पर समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम व अन्य।

### मंत्री ने किया प्राथमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** सुंदर नगरी वार्ड में नवनिर्मित नगर निगम प्राथमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के हाथों हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निगम पार्षद विमलेश कोली ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आप के जिला बाबरपुर कोऑर्डिनेटर बृजेश त्रिपाठी व माइनोरिटी विंग के सोशल मीडिया व आईटी सेल इंचार्ज मतलूब राणा मौजूद थे। मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि हर मां-बाप का यह सपना होता है कि उनके बच्चे पढ़ लिखकर कामयाब हों, जिसके लिए जरूरी है कि सभी सरकारें बच्चों की शिक्षा के लिए अच्छी व्यवस्था करें। कोली ने कहा कि जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना से गरीबों व वंचितों के बच्चे भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं। मतलूब राणा ने कहा कि केंद्र सरकार की नो डिटेंशन पॉलिसी ने दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यक समुदाय के गरीब प्रतिस्पर्धा में पिछड़ रहे हैं। अंत में आबिद खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।


बुराड़ी स्थित मलबा रिसाइकिल संयंत्र का निरीक्षण करने पहुंचे उत्तरी निगम के स्थायी समिति के अध्यक्ष जोगीराम जैन व नेता सदन छैल बिहारी गोस्वामी।

### निगम के नेताओं ने रिसाइकिल संयंत्र का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के स्थायी समिति के अध्यक्ष जोगी राम जैन व नेता सदन, छैल बिहारी गोस्वामी ने बुराड़ी स्थित व्यर्थ भवन सामग्री व मलबे निस्तारण संयत्र का निरीक्षण किया। इस संयत्र में उत्तरी दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र से एकत्रित मलबे से इस संयत्र में पुनःचक्रित कर टाईल्स, कर्ब स्टोन व ईंटे बनाई जाती हैं। जोगी राम जैन ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण के कारण कांक्रीट एवं मलबे का निष्पादन काफी बड़ी समस्या बन गया है जिसके निपटान हेतु उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने आई.एल.एफ.एस. से भागीदारी के आधार पर यह संयंत्र आरम्भ किया था। इस संयंत्र के चालू होने से कंक्रीट एवं मलबे के निष्पादन की समस्या काफी हद तक हल हुई है। यह संयत्र लगभग 7 एकड़ के क्षेत्रफल में विकसित किया गया है, जिसमें व्यर्थ भवन सामग्री एवं मलबे से भवन निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, टाइलें एवं ईंटे बनाई जाती हैं।

### एम्स कर्मचारियों के लिए आवास की मांग

**नई दिल्ली।** दिव्यांगों और एम्स कर्मचारियों के हक में आवाज बुलंद करने वाले एम्स दिव्यांग फेडरेशन, दिल्ली के अध्यक्ष संत देव चौहान ने एक बार फिर से एम्स कर्मचारियों की आवास के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है और प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर अस्पताल कर्मचारियों के आवास संबंधी समस्याओं को उजागर और उसके निराकरण के समाधान का सुझाव भी दिया है। चौहान ने भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री से निवेदन करते हुए कहा है कि एम्स में काम करने वाले सभी श्रेणी के कर्मचारियों के लिए आवास मुहैया कराया जाए।

# पत्नी से झगड़े के बाद शख्स ने की मासूम की हत्या

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 26 वर्षीय एक व्यक्ति ने पत्नी के साथ झगड़े के बाद कथित तौर पर शराब के नशे में तीन महीने के बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना तीन दिसंबर को बाहरी दिल्ली के भलस्वा डेयरी में रात में हुई। आरोपी रवि राय को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि राय ने बच्चे को पैर से पकड़ा और दीवार पर उसे पटक दिया। डीसीपी बृजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि तीन दिसंबर को भलस्वा डेयरी पुलिस थाने को रात 10 बजकर 30 मिनट पर बच्चे की हत्या के बारे में जानकारी मिली।

# पूर्वी दिल्ली में स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली नगर निगम स्ट्रीट फूड वेंडर्स को स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस प्रदान करने की नीति शुरू करने जा रहा है। देश के स्थानीय निकायों में पूर्वी निगम पहला ऐसा स्थानीय निकाय बन गया है जो इस प्रकार की नीति लेकर आया है।

महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने इस नीति को अग्रिम स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में महापौर ने बताया कि केवल जोनल टाउन वेंडिंग कमेटी के द्वारा अनुमोदित स्ट्रीट वेंडर्स को व्यापार हेतु स्थान देने के उपरांत पूर्वी निगम द्वारा स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस दिया जायेगा।

इस संबंध में पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा कुछ नियम निर्धारित किए हैं जिनको ध्यान में रखकर ही स्ट्रीट वेंडर्स को स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस जारी किया जायेगा। महापौर ने बताया कि स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस परिवार के किसी एक सदस्य को ही जारी किया जाएगा। स्ट्रीट फूड वेंडिंग का संचालन किसी भी तरह से पैदल चलने वालों या किसी भी परिवहन चालकों की आवाजाही में बाधा नहीं बनेगा, यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

# नई आबकारी नीति 31 तक वापस ले सरकार

## पंचायत में सोलंकी ने कहा-गांव-देहात को कमजोर आंकने की भूल न करें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति के तहत शराब के नए ठेके खोले जाने का दिल्ली देहात के गांवों में भारी विरोध हो रहा है। इसे लेकर बीते दिनों मंगोलपुरी कलां और पालम में दो बड़ी पंचायतें भी हो चुकी हैं।

इस बारे में पालम-360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी का कहना है कि तीन बार अल्टीमेटम देने के बावजूद भी दिल्ली सरकार ने अब तक अपनी नई आबकारी नीति के तहत हमारे गांव और कॉलोनियों में शराब के नए ठेके खोलने का फैसला वापस नहीं लिया है। इससे जन आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी का कहना है कि हमारी सामाजिक पंचायतों का साफ संदेश है कि हम किसी भी हाल में अपने गांव में शराब के नए ठेके नहीं खुलने देंगे। हम दिल्ली सरकार से बार-बार आग्रह कर रहे हैं कि जल्द से जल्द शराब के नए ठेके खोलने के फैसले को वापस लिया जाए। इसके विरोध में कई गांवों में हमारी पंचायतें भी हो रही हैं, आगे भी बड़ी पंचायत बुलाने की तैयारी की जा रही है। अगर 31 दिसंबर तक दिल्ली सरकार अपना फैसला वापस नहीं लेती है, तो हम मुख्यमंत्री के घर के बाहर ही अपना हुक्का पानी लेकर धरने पर बैठ जाएंगे और वहीं पंचायत करेंगे। इसके बाद यदि कानून व्यवस्था की समस्या होती है तो इसकी जिम्मेदारी दिल्ली के मुख्यमंत्री और दिल्ली सरकार की होगी।

# 86400 सेकेंड में कैसे आईं डेढ़ लाख मिस कॉल : भाजपा

**● पकड़ा आम आदमी पार्टी का सफेद झूठ : नेता प्रतिपक्ष**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के इस दावे को चुनौती दी है जिसमें कहा गया है कि एक ही दिन में पार्टी ने डेढ़ लाख सदस्य बना लिए हैं। बिधूड़ी ने इसे सफेद झूठ बताते हुए कहा है कि यह दावा ठीक वैसा ही है जैसे आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपने वादे पूरे करने का दावा करती है। जनता को उसके ऐसे दावों पर यकीन नहीं है।

बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक फोन नंबर पर मिस काल के जरिए नए सदस्य बनाने का दावा कर रही है और उसने कहा है कि सदस्यता अभियान के पहले ही दिन डेढ़ लाख नए सदस्य बन गए। बिधूड़ी ने कहा कि यह तो वाकई चमत्कार है। 24 घंटे में कुल 86400 सेकिंड होते हैं। अगर यह मान लिया जाए कि दिल्ली की जनता 24 घंटे सदस्य बनने में लगी रही क्योंकि उसे ऐसा लग रहा होगा कि ऐसा स्वर्णिम मौका फिर नहीं मिलेगा।

# महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

## कांग्रेस जनता के अधिकारों की आवाज उठाती है तो भाजपा उसे दबाने की साजिश करती है : अधीर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मंहगाई, बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस ने केंद्र और आम आदमी पार्टी के खिलाफ हल्ला बोला है।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस की दिल्ली में होने वाली 12 दिसम्बर की महारैली से दोनों पार्टियां घबरा गई और मिलकर रैली को रद्द करवा दिया। जब कांग्रेस संसद और सड़क पर जनता के दुख, उनके अधिकारों की लड़ाई के खिलाफ आवाज उठाती है तो भाजपा उस आवाज को दबाने की साजिश करती है। आज जवान, किसान, युवा, मजदूर, गरीब, शिक्षक, महिला, हर वर्ग केन्द्र की जनविरोधी नीतियों से परेशान है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार की अगुवाई में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए संसद का घेराव करने जंतर मंतर पहुंचे, जहां मौजूद अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बीच में ही रोक दिया गया। जहां पार्टी ने नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।


मंगलवार को जतंर-मंतर पर प्रदर्शन करते दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य।

अनिल कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार की तानाशाही के चलते आज देश के गरीब, मजदूर, निम्न व मध्यम वर्ग की हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। महंगाई में बेतहाशा वृद्धि से परेशान देशवासियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले विपक्ष की बात को केन्द्र सरकार सड़क या संसद कहीं सुनने को तैयार नहीं है। कोविड के बाद केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण अर्थ व्यवस्था चरमरा गई है। मोदी सरकार विपक्ष की हर बात को अनसुना कर रही है।

# गीता अमूल्य धरोहर, इसकी जयंती को त्योहार की तरह मनाएं : डॉ. अमित

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## गुरुग्राम में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित हो रहा है गीता जयंती महोत्सव

**गीता** एक सांस्कृतिक व अद्भुत धरोहर है, ऐसे में जरूरी है कि इसमें निहित संदेश को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जाए। गीता को लेकर जन मानस में चेतना होना जरूरी है और अग्रहायण माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने हरियाणा की धरती से संपूर्ण मानवता को गीता का दिव्य संदेश दिया था, उस दिन को प्रदेशवासी अपने अन्य तीज-त्योहारों की तरह से मनाएं। यह बात मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने कही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिला में 12 से 14 दिसंबर तक मनाए जा रहे गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर उन्होंने बैठक ली। बैठक में राज्यपाल के सचिव तथा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के नोडल अधिकारी विजय दहिया भी ऑनलाइन जुड़े थे। गुरुग्राम में इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, नगराधीश सिद्धार्थ दहिया तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक एनसीआर रणबीर सिंह सांगवान ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि इस बार गीता जयंती महोत्सव का थीम आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव को रखा गया है। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव को आमजन से जोड़ने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए ताकि लोग इसे केवल सरकार का कार्यक्रम न समझे बल्कि इसे अपना कार्यक्रम मानते हुए गर्व महसूस करें। उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव को लेकर जनमानस में जागरूकता होनी अत्यंत आवश्यक है ताकि लोग स्वयं गीता के महत्व को समझे और इससे अपने आप को जोड़ पाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन का मूल उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक गीता के महत्व को पहुंचाना है।



गीता जयंती महोत्सव मनाने को लेकर बैठक में उपस्थित अधिकारी।

# मुल्क पर राज करने की सोच के साथ जनसंख्या बढ़ा रहे हैं मुसलमान

## राज की नहीं अपने बच्चों की तरक्की के बारे में सोचें मुसलमान

## बोले, समाज को अच्छा संदेश देते हुए करते रहेंगे काम

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**धर्म** परिवर्तन करके जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी बने उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी मंगलवार को गुरुग्राम पहुंचे। उनके यहां पहुंचने पर भारी संख्या में पुलिस बल भी पत्रकार वार्ता स्थल पर तैनात किया। इस दौरान उन्होंने खुले में नमाज समेत कई मुद्दों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि धर्म हमेशा व्यक्ति को मानवता की सीख देता है। हमें मानवता के पथ पर सदैव चलना है।

भारत बचाओ संगठन की ओर से पत्रकार वार्ता में जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी ने कहा कि जब उन्होंने बाबरी मस्जिद-राम मंदिर के विवाद में पहली बार यह कहा कि यह हिंदूओं की जगह है और हिंदूओं को दी जाए। उसी समय उन्हें न केवल अपने पद से हटा दिया गया, बल्कि उनके खिलाफ फतवे जारी किये जाने लगे थे। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक संघर्ष करने के बाद इस्लाम धर्म पर एक किताब लिखी। जिसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों को इस विषय में बहस करने के लिए बुलाया भी, लेकिन उन्होंने बजाय बहस करने के उनकी मौत का फरमान जारी कर दिया। जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी ने कहा कि उनके द्वारा लिखी गई किताब को लेकर न केवल बार-बार कुरान का अध्ययन किया, बल्कि अन्य किताबों का अध्ययन करने के बाद ही उन्होंने कहा कि कुरान के अंदर कुछ आयतों को हटा दिया जाए। उनसे समाज में गलत संदेश जाता है। उनकी बात मानना तो दूर बिना सुने उन्होंने मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए फतवा जारी कर दिया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग अनेक शादियां करके अधिक बच्चे पैदा करते हुए अपनी जनसंख्या को यह सोचकर बढ़ावा दे रहे हैं कि एक दिन हम फिर से पूरे मुल्क पर राज करेंगे। जबकि किसी भी धर्म का कोई व्यक्ति हो उसे अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य व तरक्की के लिए यह सोचना चाहिए कि उनका बच्चा किस कदर तरक्की कर पाएगा। जितेंद्र नारायण त्यागी ने कहा कि इस्लाम कोई धर्म नहीं है। 1400 साल पहले मोहम्मद द्वारा एक जमात तैयार की गई थी, जिसे इस्लाम धर्म का नाम दिया गया था।


गुरुग्राम पहुंचे जितेंद्र नारायण त्यागी ( पूर्व में वसीम रिजवी ) का स्वागत करते लोग।

### गुरुग्राम में नमाज पर बोले, यह बाबर की नहीं

**गुरुग्राम** में खुले में नमाज पर सवाल के जवाब में जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी ने कहा कि यह हिंदुस्तान की धरती है, बाबर की नहीं। यदि किसी को नमाज पढ़नी है तो अपने घरों, वक्फ बोर्ड की जमीन और मस्जिदों में नमाज अदा करें। गैर मुस्लिम इलाके, सरकारी जमीन व सार्वजनिक पार्कों में नमाज नहीं पढ़ी जा सकती। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि खुले में नमाज अदा करके यह लोग क्या दिखाना चाहते हैं। यदि किसी समुदाय के व्यक्ति ने वक्फबोर्ड की जमीन पर कब्जा करके खाली छोड़ रखा है तो वहां पर उनसे बात कर वहां मस्जिद बनाएं। उन्होंने कहा कि अब वह हिंदूओं को जागृत करके जहां-जहां खुले में नमाज अदा की जा रही है, वहां पर विरोध प्रकट करेंगे। प्रशासन को चाहिए कि वह खुले में नमाज अदा करने पर पाबंदी लगाए, ताकि दोनों समुदायों में विवाद न हो और शांति बनी रहे। जितेंद्र नारायण त्यागी नाम से सनातन धर्म में शामिल हुए वसीम रिजवी का यति महामंडलेश्वर नरसिंहानंद गिरि महाराज, विक्रम यादव, सांस्कृतिक गौरव संस्थान के दिनेश चंद गुप्ता आदि ने अंगवस्त्र और माला डालकर स्वागत किया।

# हांगकांग बाजार में 40 व्यापारियों ने ट्रेड लाइसेंस को किया आवेदन

## नगर निगम गुरुग्राम द्वारा व्यापारियों की सहूलियत के लिए लगाए जा रहे हैं उनके मार्केट क्षेत्रों में कैंप


गुरुग्राम के हांगकांग बाजार में ट्रेड लाइसेंस बनाने के शिविर में लाइसेंस बनवाते व्यापारी।

**गुरुग्राम।** व्यापारियों को ट्रेड लाईसेंस की सुविधा प्रदान करने के लिए उनकी सहूलियत के हिसाब से उनके मार्केट क्षेत्रों में ही ट्रेड लाइसेंस शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जोन-4 क्षेत्र के टैक्स अधिकारी समीर श्रीवास्तव के निर्देश पर टैक्स निरीक्षक पंकज सलूजा की देख-रेख में हांगकांग बाजार में ट्रेड लाईसेंस कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप में हांगकांग बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों के 40 व्यापारियों ने अपना आवेदन मौके पर ही किया। टैक्स ब्रांच के कर्मचारियों ने यहां आने वाले व्यापारियों को उनके व्यापार की श्रेणी के अनुरूप आवेदन करवाने में पूर्ण सहयोग किया। व्यापारियों ने इस सुविधा के लिए नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा एवं उनकी टीम की सराहना की। व्यापारियों ने कहा कि उनके मार्केट क्षेत्र में आकर नगर निगम गुरुग्राम द्वारा ट्रेड लाईसेंस कैंप के माध्यम से आवेदन करने की सुविधा देने से उनका समय बच रहा है तथा अगर कोई दस्तावेज संबंधी परेशानी होती है, तो उसका भी मौके पर ही कर्मचारियों द्वारा समाधान किया जा रहा है। कैंप में टैक्स ब्रांच के कर्मचारी देवदत्त मदान, अमित, विनय त्यागी व उमेश उपस्थित रहे।

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा के अनुसार हरियाणा नगर निगम अधिनियम-1994 में वार्णित धाराओं के तहत नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में स्थित सभी प्रकार के व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नियमानुसार ट्रेड लाईसेंस लेना अनिवार्य है। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा पूर्व में विभिन्न माध्यमों से व्यापारियों से ट्रेड लाईसेंस लेने की अपील की गई है।

# सोहना बार एसोसिएशन के निर्विरोध उपप्रधान चुने गए देवराज सिंह

**सोहना।** सोहना बार एसोसिएशन के होने वाले आम चुनाव में मंगलवार को नाम वापस लेने का दिन था। चनुाव में उपप्रधान पद पर देवराज सिंह को निर्विरोध घोषित किया है। अब मतदाता प्रधान, सचिव और सहसचिव पद के लिए उम्मीदार चुनाव मैदान में रहे गए हैं।

सोहना बार एसोसिएशन का चुनाव 17 दिसम्बर को होगा। जिसमें कुल 8 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। नेमपाल ने उपप्रधान पद से अपना नामांकन पत्र वापस लेने के बाद देवराज सिंह को निर्विरोध चुना गया। सचिव पद से सुनील कुमार, सहसचिव पद से मंजीत ने भी अपना नामांकन वापस लिया है। बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रधान पद के लिए सतीश खटाना और सोमवीर सिंह आमने सामने डटे हुए हैं। जिसके कारण मुकाबला कड़ा होने की संभावना है। चुनाव में कुल 452 मतदाता वकील अपने मतों का उपयोग करेंगे। इसी प्रकार सचिव पद में भी सीधा मुकाबला है। जिसमें अजय पाल और मनोज कुमार में सीधी जंग होगी। जबकि सुनील कुमार ने अपना पर्चा वापस ले लिया। सहसचिव पद पर काबिज होने के लिए अंशुल गुप्ता, मंजू रानी और राकेश कुमार जोर-आजमाइश में लगे हैं।इसपद पर तिकोना मुकाबला होगा। जबकि मंजीत ने अपना नामांकन वापस ले लिया है।

### क्या कहते हैं रिटर्निंग अधिकारी

**रिटर्निंग** अधिकारी एडवोकेट सीपी शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं। जबकि उपप्रधान पद का चुनाव निर्विरोध हो गया है। चुनाव 17 दिसम्बर को होगा और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

# सीबीएसई के आदेश पर भी जिला शिक्षा अधिकारी ने नहीं की जांच

**फरीदाबाद।** एक निजी स्कूल की अध्यापिकायें पिछले एक महीने से इस स्कूल की मनमानी के विरोध में प्रदर्शन कर रही हैं। स्कूल प्रबंधन उनकी मांग पर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं कर रहा है।

ऐसे में सीबीएसई ने हरियाणा अभिभावक एकता मंच द्वारा इस स्कूल की मनमानी की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद को जांच करने के आदेश दिए हैं। हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व निजी स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट आईडी शर्मा ने कहा है कि इस स्कूल द्वारा शिक्षा का व्यवसायीकरण करके अभिभावकों के साथ की जा रही मनमानी की शिकायत मंच ने 17 जून 2016 को चेयरमैन सीबीएसई से करके जांच कराने की मांग की थी।

# नगर परिषद ने तीन करोड़ के विकास कार्यों का टेंडर छोड़ा

**सोहना।** नगर परिषद द्वारा परिषद क्षेत्र में करीब तीन करोड़ रुपये की राशि से विकास कार्य कराए जाएंगे। ये कार्य परिषद कोष और डी प्लान से किये जाएंगे। जिनमें चौपाल, नाले, चारदीवारी, सड़कें आदि शामिल हैं। कस्बे के राजीव गांधी पार्क में योगा हाल और लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। जिनपर करीब 40 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं परिषद ने निर्माण कार्यों के टेंडर छोड़ दिए हैं। ये कार्य करीब दो माह में हो जाएंगे।

नगर परिषद ने शहर में विकास कार्यों की गति बनाए रखने के उद्देश्य से शहर के अलग-अलग वार्डों में करीब तीन करोड़ रुपये के विकास कार्य कराने के टेंडर छोड़े हैं। ये कार्य डी प्लान और परिषद राशि से कराए जाएंगे। अंबेडकर पार्क निर्माण, कम्युनिटी सेंटर, चौपाल निर्माण, स्कूल टॉयलेट, श्मशान, बाल्मीकि चौपाल, सड़कें और नालियां शामिल हैं। इसके अलावा राजीव गांधी पार्क में लाइब्रेरी और योगा हाल भी निर्मित कराया जाएगा।

### परिषद के गांवों में शहर की तर्ज पर विकास

**नगर** परिषद में शामिल 13 गांवों में बीते पांच वर्षों में सबसे ज्यादा विकास कार्य कराए गए हैं। इन गांवों पर करोड़ों रुपये की राशि खर्च की गई है। जबकि परिषद में 2014 में शामिल किए गए 13 गांवों से आज तक आय कम और विकास पर राशि सबसे अधिक खर्च की गई है। जिनसे परिषद ने आज तक भी प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली नहीं की है। इन गांवों में आज भी भवन निर्माण कार्य बिना नक्शा के हो रहा है। परिषद इंजीनियर सुशील ठाकरान ने बताया कि विकास कार्यों की गति रुके नहीं इसके लिए कार्यों के टेंडर दे दिए गए हैं। ये कार्य जल्द ही पूरा किए जाएंगे।

# स्कूली बच्चों को बताया जल संरक्षण का महत्व

**फरीदाबाद।** गांव अरनौली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरनौली में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने स्कूली विद्यार्थियों को जल संरक्षण को लेकर व्यख्यान दिया।

जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि विश्व की 18 प्रतिशत आबादी हमारे देश में रहती है। वही हमारे पास मात्र 4 फीसद पानी उपलब्ध है और बारिश के पानी का मात्र 8त्न पानी ही हम संचय कर रहे हैं। भारत में 1911 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि विश्व के 20 शहर जहां पानी की किल्लत है। उस सूची में भारत के 5 शहर शामिल है। नंबर दो पर दिल्ली, छठे स्थान पर कोलकाता, 18वें स्थान पर चेन्नई, 19वें स्थान पर बेंगलुरु और 20वें स्थान पर हैदराबाद है।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में पहुंचे पहले दिन 350 लाभार्थी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**मुख्यमंत्री** अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में पहले दिन 350 के लगभग लाभार्थी स्वयं रोजगार चलाने के उद्देश्य से ऋण लेने के लिए पहुंचे। बुधवार को भी 400 के लगभग लाभार्थी पहुंचने की उम्मीद है। प्रशासनिक अधिकारी मेले में भीड़ देख गद्द हुए। मंगलवार को देवीलाल खेल स्टेडियम में दो दिवसीय मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले सोहना विधायक संजय की पत्नी वदना सिंह ने रिबन काटकर शुभारम्भ किया।

मेले में एसडीएम जितेन्द्र गर्ग, नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी अतरसिंह, बीडीपीओ प्रमेन्द्र सिंह, गुरुग्राम से आए एडीसी विसराम मीणा और चंडीगढ़ से आए उच्च शिक्षा निदेशक चन्द्रशेखर खरे ने मेले का औचक निरीक्षण किया। मेले में 18 विभागों की अलग-अलग स्टाल लगाई गई। चंडीगढ़ से नगर परिषद और पंचायत विभाग के बीडीपीओ कार्यालय में 572 लाभार्थियों के नाम की सूची भेजी गई थी। जिसमें बीडीपीओ के अधीन आने वाली 35 ग्राम पंचायतों में 406 और 21 वार्डों की नगर परिषद में 166 का नाम सूची में दर्ज था। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि मेले में आने वाले लाभार्थियों को अधिक से अधिक सुविधा मिल सके। पहले दिन 50 फीसदी लोगों को बुलाया गया। 50 फीसदी लाभार्थी बुधवार को आएंगे। सूची में केवल ऐसे परिवार को शामिल किया है। जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये या इससे कम कमाई करने वाले हैं।


मंगलवार को सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में लगा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का उच्च शिक्षा निदेशक चन्द्रशेखर खरे औचाक निरीक्षण करते हुए।

### अधिकारियों ने मेला सहराया

**एडीसी** विसराम मीणा और उच्च शिक्षा निदेशक चन्द्रशेखर खरे ने मेले में लाभार्थियों की भीड़ देख प्रसन्ता जाहिर की। मेले में लगी सभी 18 स्टालों पर लाभार्थियों की भीड़ लगी हुई थी। नगर परिषद और बीडीपीओ कार्यालय की तरफ से लाभार्थियों का पंजीकरण करने के लिए अलग-अलग स्टाल लगाई गई थी। चंद्रशेखर खरे ने बताया कि सोहना में लगे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में लाभार्थी सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए आगे आएं। यह मेले को सफल बनाता है। अभी तक किसी भी मेले में लार्थियों में इतना जोश नहीं मिला है।

# कन्या महाविद्यालय में एचआईवी के प्रति किया जा रहा जागरूक

## राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में किया जा रहा है आयोजन

## एक से 14 दिसम्बर 2021 तक चलेगा जागरुकता कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**हरियाणा** राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के तत्वावधान में 14 दिवसीय जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। एक से 14 दिसम्बर 2021 तक यह अभियान चलेगा। मंगलवार को इस विषय पर व्याख्यान हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ मेडिकल अधिकारी एवं क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. केशव शर्मा ने शिरकत की।

अपने संबोधन में डॉ. केशव शर्मा ने कहा कि एचआईवी संक्रमण की वजह से होने वाली महामारी एड्स के बारे में हर उम्र के लोगों के बीच जागरुकता बढ़ाना है। शुरुआती दौर में विश्व एड्स दिवस को सिर्फ बच्चों और युवाओं से ही जोड़कर देखा जाता था। एचआईवी संक्रमण किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है। एचआईवी एक प्रकार के जानलेवा इंफेक्शन से होने वाली गंभीर बीमारी है।

इसे मेडिकल भाषा में ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस यानि एचआईवी के नाम से जाना जाता है। डॉ. केशव ने छात्राओं को एड्स रोग की रोकथाम के उपायों के बारे में भी जानकारी दी। महाविद्यालय की रेड रिबन प्रभारी डा. रोमा ने कहा कि वर्ष 1996 में एचआईवी/एड्स पर संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक स्तर पर इसके प्रचार और प्रसार का काम संभाला। साल 1997 में विश्व एड्स अभियान के तहत संचार, रोकथाम और शिक्षा पर काफी काम करना शुरू किया। इस 15 दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 8 दिसम्बर को पोस्टर मेकिंग, 9 दिसम्बर को स्लोगन राइटिंग, 10 दिसम्बर को जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, 11 दिसम्बर को वृक्ष सौंदर्य प्रतियोगिता, 13 दिसम्बर को नाटक मंचन और 14 दिसम्बर 2021 को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय की छात्राओं ने इस विस्तार व्याख्यान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपनी शंकाओं के समाधान की जानकारी ली। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए कालेज की रेड रिबन प्रभारी डा. रोमा को बधाई दी।


गुरुग्राम के राजकीय कन्या महाविद्यालय में एचआईवी/एड्स पर व्याख्यान में उपस्थित छात्राएं।

# संक्षिप्त समाचार

## विवाहिता के परिजनों ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को धरना दिया


मृतक विवाहिता के परिजनों को हत्यारोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन देते हुए पुलिस और धरना पर मौजूद भीड़।


**सोहना।** संदिग्ध हालत में मृत 32 वर्षीय विवाहिता के परिजन हत्यारोपियों की गिरफ्तार किए जाने की मांग को लेकर शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर धरना देकर बैठ गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित परिजनों को मंगलवार रात तक आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। बल्लभगढ़ से सोहना पहुंचे 32 वर्षीय महिला ललिता के परिवार वालों ने नामजद हत्यारोपी वरुण, ससुर महाबीर सहित सास और दो ननदों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सोहना के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर धरना देकर बैठ गए। सूचना मिलने पर चौक से मात्र 100 कदम दूर सिटी पुलिस चौकी और सिटी थाना से पुलिस पहुंची। पीड़ित परिजनों ने साढ़े 12 बजे तक धरना दिया। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह और अतिरिक्त एसएचओ रजाक खान ने परिजनों को मंगलवार देर शाम तक नामजद पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया तब धरना समाप्त किया। पुलिस कर्मियों ने चौक पर लगे जाम को खुलावाया। सोमवार को शहर के वार्ड-17 में रहने वाली 32 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालत में फांसी के फंदे पर झूलने से मोत हो गई थी। पुलिस ने विवाहिता के पिता यादराम की शिकायत पर पति सहित ससुर, सास व दो नन्दों के खिलाफहत्या करने के आरोप में मामला दर्ज किया था।

## ई-श्रम योजना के तहत 6 अलग-अलग स्थानों पर लगाए शिविर


गुरुग्राम में ई-श्रम योजना के तहत कामगारों का पंजीकरण करते कर्मचारी।

**गुरुग्राम।** श्रम विभाग द्वारा मंगलवार को असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले कामगारों का ई-श्रम योजना के तहत पंजीकरण करवाने के लिए 6 अलग-अलग स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में लगभग 2 हजार से अधिक पात्र व्यक्तियों ने पंजीकरण करवाया। अब तक जिला में 53 हजार श्रमिकों का योजना के तहत पंजीकरण किया जा चुका है। शहर के ब्रिस्टल चौक, सेक्टर 4-5 चौक, सेक्टर-45, भूतेश्वर मंदिर, रेल विहार तथा झाड़सा गांव में शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान लोगों को योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें ना केवल स्वयं पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित किया गया, बल्कि अन्य पात्र व्यक्तियों तक भी इनकी जानकारी पहुंचाने के लिए जागरूक किया गया। ये कैंप अटल सेवा केंद्रों के वीएलई द्वारा लगाए गए थे। इस दौरान उन्हें बताया गया कि ई-श्रम योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत पंजीकृत व्यक्ति का 2 लाख रुपये तक का बीमा नि:शुल्क होगा और स्थाई अंग-भंग होने पर उसे एक लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। अटल सेवा केंद्रों के जिला प्रबंधक विकास ने बताया कि जिला में कार्यरत अटल सेवा केंद्रों पर भी ई-श्रम योजना के तहत पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति अपने नजदीकी अटल सेवा केंद्र पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों, खेतीहर मजदूर, दिहाड़ीदार मजदूर, बढ़ई, प्रवासी मजदूर, मनरेगा वर्कर्स, घरेलू कामगार, दूध बेचने वाले, बिजली मिस्त्री, रेहड़ी पटरी वाले, रिक्शा चालक, सब्जी विक्रेता, कारीगर, बुनकर, प्लम्बर, मिड-डे-मील वर्कर आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कामगार की आयु 16 वर्ष से 59 वर्ष के बीच होनी चाहिए और वह ईएसआईसी व ईपीएफ्ओ का सदस्य नहीं होना चाहिए और ना ही आयकरदाता होना चाहिए।

## पद्मश्री रामबहादुर राय की पुस्तक का विमोचन करेंगे प्रधानमंत्री


रामबहादुर राय।

**गुरुग्राम।** वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री रामबहादुर राय द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय संविधान-अनकही कहानी का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। श्री राय गुरुग्राम के बुढेड़ा स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति होने के साथ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष भी हैं। पुस्तक का लोकार्पण नौ दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केन्द्र, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली करेंगे। इस पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय संस्कृति एवं विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश शिरकत करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि रूप में केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ संपादक अच्युतानंद मिश्र द्वारा किया जाना तय है। ज्ञात हो कि रामबहादुर राय ने रहबरी के सवाल, मंजिल से ज्यादा सफर और शाश्वत विद्रोही: आचार्य जेबी कृपलानी जैसी बहुचर्चित एवं लोकप्रिय किताबों का लेखन किया है। इन किताबों नाम पत्रकारीय, सियासी एवं अकादमिक दुनिया में बहुत ही सम्मान के साथ लिया जाता है। एसजीटी विश्वविद्यालय की ओर डॉ. रजनीश वाधवा ने पुस्तक लेखन के लिए रामबहादुर राय को शुभकामनाएं दी हैं।

## कपड़ा व्यापारी के घर में से चार लाख रुपये चोरी, नौकर पर शक

**सोहना।** शहर के कपड़ा व्यापारी को अपने रिश्तेदार के यहा शादी में जाना महंगा पड़ गया। व्यापारी की गैरमौजूदगी में घर के अंदर से चार लाख रुपये की नकदी चोरी हो गए। व्यापारी अपनी गैरमौजूदगी में नौकर को घर की जिम्मेदारी सौंप कर गया था। व्यापारी ने पुलिस को दी गई शिकायत में नौकर पर नकदी चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर वार्ड नम्बर 15 निवासी राजेन्द्र प्रशाद पुत्र हुकमचन्द कपड़े का व्यापार करता है। जिसका मकान दुकान के ऊपर स्थित है। दुकान पर काम करने के लिए व्यापारी ने एक नौकर रखा हुआ है। सोमवार को व्यापारी अपने परिवार के साथ रिश्तेदार के यहा शादी में शामिल होने के लिए गया था। अपनी गैरमौजूदगी में नौकर को घर की जिम्मेदारी सौंपकर गया था। शादी समारोह में से लौटने पर व्यापारी को नौकर ही घर से गायब मिला। व्यापारी को घर में रखी अलमारियों का सामान बिखरा हुआ मिला। कपड़ा व्यापारी ने मामले की सूचना 112 नम्बर पर पुलिस को दी थी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जिसके घर से करीब 4 लाख रुपये की चोरी होने का अनुमान है। जो नकदी थी। पीड़ित व्यापारी राजेन्द्र प्रशाद ने बताया कि नौकर को कई बार फोन किया है। परंतु उसका फोन बंद जा रहा है। सिटी चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि कपड़ा व्यापारी द्वारा नकदी चोरी होने की शिकायत दी है। लेकिन पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने पर चोर का मामला दर्ज किया जाएगा। जल्द ही गायब हुआ नौकर को पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया जाएगा।

# नौ माह में नौ हजार बने आवारा पशुओं का शिकार

## नवंबर माह तक कुल 8816 मरीजों को लगे रेबिज के इंजेक्शन

कविता। फरीदाबाद

जिले में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर निगम द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कितनी भी टीमें क्यों न गठित कर रखी हो। लेकिन इसके बावजूद भी जिले में आवारा पशुओं के काटने संबंधित मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। गत नवंबर माह में आवारा पशुओं के काटने संबंधित मामले 1359 आए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दर्शाए गए वर्ष 2021 के आकड़ों पर अगर नजर डाली जायें तो बादशाह खान अस्पताल की ओपीडी में मार्च से नवंबर माह तक कुल 8816 मरीज आवारा पशुओं के काटने संबंधित इंजेक्शन लगवाने के लिए आए थे। इन आकड़ों को देख कर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में आवारा पशुओं का कहर कितना अधिक बढ़ रहा है। जबकि नगर निगम के पास आवारा पशुओं को पकड़ने का दस्ता भी मौजूद है। यह दस्ता पशुओं को पकड़ने की बजाए क्या कर रहा है। इस बारे में किसी को नहीं पता।


सड़क पर घूमते कुत्ते।


जानकारी के मुताबिक आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम द्वारा बकायदा एक दस्ता बनाया हुआ है, लेकिन अब तक इस दस्ते ने शहर से आवारा पशुओं को नही पकड़ा है। जिस कारण से शहर के लोगों का आवारा पशुओं ने जीना दुर्भर कर रखा है। शहर में आये दिन कुत्ते, बिल्लियों और बन्दरों के काटने का शिकार बन रहे हैं। इन मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। गत नवंबर माह में आवारा पशुओं के काटने के मरीजों की संख्या बीके अस्पताल की ओपीडी में 1359 थी। जिसमें नए मरीजों की संख्या का आंकड़ा 555 है। बीपीएल कार्ड वाले मरीजों की संख्या 62 व पैसे देकर इंजेक्शन लगवाने वाले मरीजों की संख्या 1297 थी। इस बारें में जानकारी देते हुए मौके पर मौजूद फार्मासिस्टों ने बताया कि आवारा कुत्तों के काटने संबंधित मामले इस माह अधिक बढ़े है। उन्होंने बताया कि जनवरी से नवंबर तक कुल 8816 मरीजों को आवारा पशुओं के काटने संबंधित इंजेक्शन लगे हैं।

**इस वर्ष में आने वाले मरीज**

| माह | बीपीएल कार्ड | भुगतान | कुल |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 000 | 000 | 000 |
| फरवरी | 000 | 000 | 000 |
| मार्च | 24 | 542 | 566 |
| अप्रैल | 35 | 1001 | 1036 |
| मई | 21 | 297 | 318 |
| जून | 42 | 984 | 1026 |
| जुलाई | 73 | 1092 | 1165 |
| अगस्त | 56 | 1033 | 1189 |
| सितंबर | 45 | 966 | 1011 |
| अक्टूबर | 55 | 1191 | 1246 |
| नवंबर | 62 | 1297 | 1359 |

# जेलर जयकिशन छिल्लर को मिलेगा तिनका-तिनका इंडिया अवॉर्ड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जेलर जय किशन छिल्लर।

इस वर्ष 2021 का तिनका तिनका इंडिया अवार्ड जेल अधीक्षक फरीदाबाद जय किशन छिल्लर को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों जैसे जेल के बंदियों के सुधार व पुनुरुथान के दिया जाएगा। यह अवार्ड भोपाल मध्य प्रदेश के महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं अरविंद कुमार भारतीय पुलिस सेवा के द्वारा 9 दिसम्बर 2021 को केंद्रीय जेल भोपाल में दिया जाएगा। यह हरियाणा जेल विभाग के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

मानवाधिकार दिवस के लिए तिनका तिनका अवार्ड्स इंडिया 2021 के सम्मानों की घोषणा की गई है। बंदियों और कर्मचारियों के लिए स्थापित इन इकलौते पुरस्कारों के उत्सव का यह 7वां वर्ष है। इनकी संस्थापक जेल सुधारक वर्तिका नन्दा हैं। इस वर्ष 3 श्रेणियां थीं- पेंटिंग, विशेष उल्लेख और जेल प्रशासन। 12 बंदियों को पेंटिंग श्रेणी में पुरस्कार मिला है जबकि 2 बंदियों को जेल जीवन में उनके विशेष योगदान के लिए चुना गया है। 2 जेल कर्मचारियों को उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया जा रहा है।

जेल में विशेष कार्य के लिए इस साल भारतभर से दो जेलकर्मियों को चुना गया है। इस वर्ष जय किशन छिल्लर (57) अधीक्षक, जिला जेल फरीदाबाद को जेल टेलीफोन, जेल रेडियो और इग्नू के जरिए शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। महाराष्ट्र के नासिक रोड सेंट्रल जेल के 53 वर्षीय अशोक शिवराम करकरे , जेलर ग्रेड-1 को यह सम्मान जेल विभाग के लिए उनकी विशेष सेवाओं के लिए दिया जा रहा है। कोविड-19 के दौरान बंदियों को कोरोना से बचाने के लिए वे लगातार तीन महीने तक जेल में ही रहे। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने सफलतापूर्वक जेल में अनेक दुर्दांत अपराधियों और आतंकवादियों को परिरोध का प्रबंधन किया। इनमें अबू सलेम, अरुण गवली और छोटा राजन जैसे अपराधी और याकूब मेनन, अजमल कसाब जैसे आतंकवादी शामिल हैं।

2020 में के. सेल्वराज (आइपीएस) डीजी, हरियाणा जेल, अजय कश्यप (आईपीएस) पूर्व डीजी, तिहाड़ जेल, आनंद कुमार डीजीपी और आईजी जेल, उत्तर प्रदेश द्वारा पुरस्कार जारी किए गए थे।कार्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरह से संचालित होगा। तिनका तिनका फाउंडेशन ने 2015 में जेलों के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कारों- तिनका तिनका इंडिया अवार्ड्स और तिनका तिनका बंदिनी अवार्ड्स की स्थापना की थी। ये एकमात्र पुरस्कार हैं जो पूरी तरह से बंदियों और जेल कर्मचारियों को समर्पित हैं।

इन पुरस्कारों के माध्यम से जेलों में रचनात्मकता और उनके योगदान का सम्मान किया जाता है। इन पुरस्कारों का यह सातवां साल है। डॉ. वर्तिका नन्दा एक जेल सुधारक और मीडिया शिक्षिका हैं। उन्होंने तिनका तिनका के बैनर तले भारत में जेल सुधारों पर एक आंदोलन शुरू किया है। भारत के राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने उन्हें 2014 में स्त्री शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया था। जेलों पर उनके काम को 2018 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संज्ञान में लिया गया। जेल सुधारों पर उनके अनूठे काम के लिए उनका नाम दो बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी शामिल किया गया है।

# मकान कब्जाने के आरोप में कातिया भाइयों समेत गिरफ्तार


बल्लभगढ़ की संजय कॉलोनी में मकान कब्जा करने के आरोप में गिरफ्तार तीन युवकों के साथ पुलिस अधिकारी।

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने के लिए, सभी उपायुक्तो, सहायक पुलिस आयुक्त, क्राइम ब्रांच और थाना प्रबन्धकों को आदेश दिए है। उपायुक्त नरेंद्र कादियान अपराध के दिशा-निर्देशों पर थाना सेक्टर-58 के प्रबन्धक के नेतृत्व में अवैध रुप से पड़ोसी के मकान पर कब्जा करने के मामले में 3 आरोपियों को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी आदित्य उर्फ कातिया, दिनेश, नरेश जो तीनों भाई मच्छगर के रहने वाले है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हरफला गांव के त्रिलोकचंद, जो वर्तमान में संजय कॉलोनी बल्लबगढ़ में रहते हैं। इनके मकान के पास ही आरोपी आदित्य उर्फ कातिया कंसट्रक्शन का काम करता है। कातिया मकान को हड़पने की नियत से शिकायतकर्ता को कई बार परेशान कर चुका है। आरोपी का कहना है की मकान के स्थान पर उसका शोरूम रहेगा। आरोपी ने शिकायतकर्ता को मकान बेचकर खाली करने का दवाब बनाता है। शिकायतकर्ता द्वारा मकान बेचने को मना करने पर आरोपी आदित्य ने अपने 3 भाई और 25-30 साथियों के साथ 3 दिसम्बर को रात 11-12 बजे लाठी डंडा और पिस्टल के साथ शिकायतकर्ता के घर का दरवाजा तोड़ कर अंदर घुस गए और आरोपी कातिया ने त्रिलोकचंद से 18 हजार रुपए और आरोपी नरेश ने पिस्टल की नोक पर टेकचन्द से साढ़े तेरह हजार रुपए छीन लिए थे।

# कोरोना वायरस जीवाणु नहीं विषाणु है : डॉ. गौड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

कोरोना वायरस नाक और मुंह के द्वारा प्रवेश कर सर्वप्रथम हमारे गले को संक्रमित करता है। उसके बाद श्वास नलीकाओ के द्वारा फेफड़ों में प्रवेश कर स्वसन क्रिया को बधित करता है।

यह वायरस नाक श्वासन मार्ग और फेफड़ों में उपस्थित कफ उत्पन्न करने वाली कोशिकाओं में प्रवेश कर स्वयं जैसा पोषित कर अपने जैसे विषयों को जन्म देता है जिसमें तंत्र की नालीकाओ में कफ अधिक मात्रा में जमने लगता है। जिससे स्वसन क्रिया में बाधा उत्पन्न होता है यह वायरस जीवाणु नहीं विषाणु है। हरिदेव अंतर्राष्ट्रीय सेवा संघ के द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मंथन पर आरोग्य भारती हरियाणा के प्रांत संयोजक डॉक्टर अश्वनी गौड ने कैनाल कॉलोनी के प्रांगण में सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए आगे बताया कि इस वायरस से हमें सावधान रहना चाहिए, डरना नहीं चाहिए यह इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रांत के प्रमुख गंगा शंकर मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करोना वायरस की तीसरी लहर से लड़ने के लिए आरोग्य मित्र की श्रृंखला बनाई है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा निर्मित आरोग्य मित्र सभी की सहायता करेंगे। आरोग्य मित्र डॉक्टर नहीं होंगे लेकिन आरोग्य मित्र होंगे। इस अवसर पर आरोग्य भारती हरियाणा के प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर पवन गुप्ता ने लोगों को करोना वायरस वह अन्य वायरस वे अनेकों बीमारियों से बचने के लिए घरेलू आयुर्वेदिक नुस्खे बताएं। उन्होंने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के भी घरेलू नुस्खे बताए।

# सार्वजनिक क्षेत्र को बेचना राष्ट्रविरोधी कृत्य है : लांबा

## निजीकरण के खिलाफ 12 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर किए जाएंगे हल्ला बोल प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता सुभाष लांबा।

सार्वजनिक क्षेत्र की परिस्थितियों को निजी हाथों में सौंपना राष्ट्रहित नही, राष्ट्रविरोधी कृत्य है। जिसका तीखा विरोध किया जाएगा। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाने, पुरानी पेंशन व छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों की बहाली, ठेका प्रथा समाप्त कर कच्चे कर्मियों को पक्का करने व खाली पड़े पदों को पक्की भर्ती से भरनेए लिपिक को पे.मैट्रिक्स लेवल-6 में 35400 वेतन देने आदि मांगों को लेकर राज्य में निर्णायक आंदोलन करेंगा। निर्णायक आंदोलन की शुरुआत 12 दिसंबर को जिला मुख्यालयों पर हल्ला बोल प्रदर्शन करके की जाएगी।

यह ऐलान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने मंगलवार को जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए किया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अशोक कुमार अशोक कुमार ने किया और संचालन जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर ने किया। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने भाजपा-जजपा सरकार पर घोषणा पत्र में कर्मचारियों से किए वादों को पूरा न करने आरोप लगाया और 12 दिसंबर को डीसी आफिस पर होने वाले हल्ला बोल प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर शामिल होने का फैसला लिया गया।

बैठक में 8, 9, 10 दिसंबर को सभी विभागों में गेट मीटिंग करने का फैसला लिया गया। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, कोषाध्यक्ष युद्धवीर सिंह खत्री, प्रेस सचिव राजवेल देसवाल, उप प्रधान अतर सिंह केशवाल, संगठन सचिव मुकेश बेनीवाल, खंड प्रधान रमेश चंद्र तेवतिया, करतार सिंहए जगदीश चंद्र आदि मौजूद थे।

प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए एनपीएस रद्द कर पुरानी पेंशन बहालीएतब तक केन्द्र सरकार की तर्ज सरकारी अंशदान 10 से बढ़कर 14 प्रतिशत करनेए रिटायरमेंट पर मेडिकल भत्ता और मेडिकल बिलों की प्रतिपूर्ति का भुगतान करने, ठेका प्रथा समाप्त कर कच्चे कर्मियों को पक्का करने, पक्का होने तक समान काम समान व सेवा सुरक्षा प्रदान करने, 18 महीने के बकाया डीए व एरियर का भुगतान करने, जनवरी 2020 से जून 2021 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मियों की लीव एनकेशमेंट व ग्रेच्युटी रिवाइज करने, एचआरए के स्लैब में बदलाव कर 9.18.27 करने, लिपिक को पे.मैट्रिक्स लेवल.6 में 35400 वेतन करने, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन योजना के तहत सरकारी विभागों को निजी हाथों में सौंपने की मुहिम को रोकने आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया।

## संक्षिप्त समाचार

### रावल अकादमी ने सात रन से जीता मैच

फरीदाबाद। पहला ऑल इंडिया स्पोर्ट्स क्यूब जूनियर लीग अंडर -14 मैच में रावल क्रिकेट अकादमी ने स्मार्ट क्रिकेटर अकादमी को सात विकेट से हराया। कोच विनय ने बताया कि स्मार्ट क्रिकेटर अकादमी ने टॉस जीत कर पहले खेलते हुए 38. 5 ओवर में 10 विकेट पर 105 रन बनाए। साची ने 16 रन, हर्ष वॉसिल ने 12 रन, प्रत्युष सिंह ने 12 रन, अनुभव ने 11 रन बनाए। रावल क्रिकेट अकादमी के मोहित भाटी ने 5 विकेट, भव्य त्यागी और वंश ने 2-2 विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए रावल क्रिकेट अकादमी ने 23 ओवर में 3 विकेट में 110 रन बनाकर जीत हासिल की। संदीप परिहार ने 42 रन, अंकित शर्मा ने 24 रन, देव भड़ाना ने 14 रन बनाए। स्मार्ट क्रिकेटर अकादमी के गेंदबाजी करते हुए आदित्य ने दो विकेट, प्रत्युश ने एक विकेट ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहित भाटी को दिया गया।

### डॉ. रमाकांत गुप्ता को डॉ. एमएम खोसला पुरस्कार मिला

फरीदाबाद। आईडीए की फरीदाबाद शाखा ने 05 दिसंबर रविवार को होटल रेडिसन ब्लू सेक्टर 20 फरीदाबाद में 32वां वार्षिक दंत चिकित्सक सम्मेलन का आयोजन किया। फरीदाबाद में कार्यरत डेंटल सर्जन डॉ. रमाकांत गुप्ता को आईडीए फरीदाबाद के द्वारा सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार 'डॉ.एमएम खोसला पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें, मार्च 2020 से दिसंबर 2021 तक कोविड रोग के समय में आईडीए को भरपूर सहयोग देने तथा अन्य सामाजिक कार्यों के लिए दिया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ अंशु खासु, डॉ राजीव चुग, डॉ हिमांशु, डॉ इंद्रजीत और डॉ कुलभूषण जैसे नामी लोग भी मौजूद थे।

### हथौड़ा कांड में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने हथौड़ा कांड में जानकारी देते हुए बताया कि फरार चल रहे आरोपी सचिन को क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को फरीदाबाद के गांव फतेहपुर चंदीला से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी मुख्य आरोपी प्रदीप के मामा का लडका है जो फरीदाबाद के फतेहपुर चंदीला का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सचिन ने पीड़ित मनीष को जमीन पर लेटा कर पकड़ रखा था। लोगो में डर बैठाने के लिए सचिन ने ही हवाई फायरिंग की थी और मौके से फरार हो गया था। वारदात के संबंध में थाना एनआईटी में आरोपी ललित, प्रदीप और सचिन के खिलाफ हत्या के प्रयास और अवैध हथियार से फायरिंग करने जैसी संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी सचिन ने बताया कि आरोपी रेलवे से उतरने वाली सीमेंट का वितरण का कार्य करता है। पुलिस टीम बताया कि आरोपी प्रदीप, ललित और सचिन को आज माननीय अदालत से पुलिस रिमांड पर लेकर मामले की गहनता से पूछताछ की जाएगी।

### शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्रित

फरीदाबाद। गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था द्वारा यहां गुरुद्वारा माता करमोबाई जी एनएच 2 पार्क में आयोजित रक्तदान शिविर और फ्री हेल्थ चेकअप कैंप में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शिविर की विशेषता यह रही कि इसमें रक्तदाताओं ने रक्तदान तो किया ही, साथ ही लोगों के हृदय संबंधी जांच भी की गई। ईसीजी सहित कार्डियो टैस्ट, शुगर संबंधी टैस्ट भी शिविर का आकर्षण रहे। रक्तदान शिविर में डिवाइन ब्लड बैंक की टीम द्वारा 53 यूनीट रक्त एकत्रित किया गया। हेल्थ चेकअप कैंप डॉ सुनील भारद्वाज, डॉ गुंजन गर्ग (बीके हॉस्पिटल) सेंटर फॉर साईट टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था के प्रधान हरभजन सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार दर्शन सिंह सहित सतपाल सिंह, भूपिंदर सिंह, कुणालजीत, भारत भूषण (शरद), सत्री भाटिया, कुलदीप भाटिया, हरभजन सिंह, रामनारायण आहूजा, सागर, जनित, जगजीत सिंह, राजू, एकदीप, हार्दिक, दीपक चिटकारा सहित सभी सदस्य शिविर के दौरान सक्रिय देखे गए। ब्लड डोनेशन कैंप मे सर्वश्री गुलशन भाटिया, राजन मुथरेजा, तेजवन्त सिंह, दलजीत सिंह सभरवाल, मनजीत सिंह चावला, चरणजीत सिंह, पंजाबी सेवा दल के प्रधान सरबजीत सिंह, महासचिव एडवोकेट नरेंद्र सिंह कंग, चरणजीत सिंह चन्नी, जतिनदर पाल सिंह, गुरचरण सिंह, सुरेंद्र सिंह गेरा, सतपाल सिंह, अशोक अरोड़ा, योगेश ढींगरा, नरेश भुटानी, गौरव ढींगरा, दर्शन भाटिया, विनोद पंडित, संजय भाटिया, मनमोहन भाटिया , जे के भाटिया, गुरचरण सिंह, बी डी भाटिया, काले भाटिया, जनक भाटिया की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

### भाजयुमो प्रभारी बनने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

फरीदाबाद। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश को भाजयुमो हरियाणा का प्रभारी बनाये जाने पर भाजपा युवा मोर्चा की टीम ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। फरीदाबाद के भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला के नेतृत्व में दिल्ली स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय पर स्वागत करने पहुंची टीम में जिला महामंत्री सचिन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र भारद्वाज, जिला सचिव कार्तिक वशिष्ठ, मनीष यादव, जिला मीडिया आईटी सैल समीर टंडन, जिला मीडिया प्रभारी मुकुल चोपड़ा एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्य जिंदल मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त भाजपा युवा मोर्चा के हरियाणा प्रभारी को शुभकामनाएं दी। पंकज सिंगला ने कहा कि अभिनव प्रकाश जी भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता हैं और हमेशा पार्टी के हित के लिए कार्य करते हैं। पार्टी द्वारा उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं उनकी मेहनत को देखते हुए यह अहम जिम्मेदारी दी गई है। हमें उम्मीद ही नहीं, अपितु पूरा विश्वास है कि उनके मार्गदशन में प्रदेश में युवा मोर्चा की टीम और भी जोश एवं ऊर्जा के साथ काम करेगी। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। इस अवसर पर भाजयुमो के हरियाणा प्रभारी अभिनव प्रकाश ने पंकज सिंगला के नेतृत्व में पहुंची युवा टीम की तारीफ की और कहा कि जिस प्रकार फरीदाबाद की भाजपा युवा मोर्चा की टीम कार्य कर रही है, उसको लगातार जारी रखे। भाजपा की नीतियों एवं योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि आज भाजपा एक विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है, जिसका कोई विकल्प नहीं है।

# गीता जयंती समारोह में सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करें : उपायुक्त

## 12 से 14 दिसंबर तक किया जाएगा जिलास्तरीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


सेक्टर 12 में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी जितेंद्र यादव।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 12 से 14 दिसंबर तक धूमधाम से मनाने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की जिम्मेदारियां जवाबदेही के साथ तय की गई। तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ सभी सामाजिक-धार्मिक संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। उपायुक्त जितेंद्र यादव आज मंगलवार को जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय गीता जयंती महोत्सव कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक जिला में भी जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व में सबसे बड़े धार्मिक ग्रंथ गीता का संदेश हरियाणा की मिट्टी से ही निकला है। ऐसे में जिला का प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में गीता के संदेश को धारण करें और नई पीढ़ी तक हम इन विचारों को पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि तीन दिन के इस महोत्सव के दौरान विभाग, सामाजिक व धार्मिक संगठन अपनी-अपनी प्रदर्शनी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए लगाएंगे।

उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव का 12 दिसम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा। लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों द्वारा गीता जयंती महोत्सव में अपनी-अपनी बेहतर रंगारंग सास्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर वीर सपूतों के प्रति की कृतज्ञता ज्ञापित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनआईटी स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम में मां भारती के वीर सपूतों व उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी देशवासियों से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया।

सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्रिंसिपल रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि भारत को स्वतंत्रता मिलने के पश्चात 28 अगस्त 1949 को भारत सरकार द्वारा भारतीय सेना के जवानों के कल्याण के लिए एक समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने 7 दिसंबर को प्रतिवर्ष झंडा दिवस मनाने के लिए चुना। वीर जवानों के कल्याण हेतु धन जमा करने के लिए समिति ने लोगों के बीच छोटे झंडे बांटकर चंदा इकट्ठा किया। इस झंडे में तीन रंग लाल, गहरा नीला और हल्का नीला, तीनों सेनाओं को प्रदर्शित करते है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर किए गए धन संग्रह के तीन मुख्य उद्देश्य हैं युद्ध के समय हुई जनहानि में सहयोग, सेना में कार्यरत कर्मियों और उनके परिवार के कल्याण तथा सहयोग के लिए और सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिवार का कल्याण; सशस्त्र बलों के वीरों का बलिदान, समर्पण व उनकी कर्मठता हम सभी के लिए महान प्रेरणा है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि देश के सम्मान की रक्षा के लिए, हमारी सीमाओं पर बहादुरी से लड़ने वाले हमारे देश की तीनों सेनाओं के जवानों को कोटि कोटि नमन, हम अपने सभी वीर सैनिकों के त्याग, अदम्य साहस और जीवटता के कारण सुरक्षित जीवन यापन कर रहे हैं।

# पार्टी विरोधी गतिविधियों पर संतोष यादव आप से निष्कासित : भड़ाना


आम आदमी पार्टी के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को जानकारी देते जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सोशल मीडिया पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर आम आदमी पार्टी के एनआईटी अध्यक्ष संतोष यादव को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

मंगलवार को फरीदाबाद-गुड़गांव रोड स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ऐसे कार्यकर्ताओं को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी, जो पार्टी में रहकर पार्टी विरोधी गतिविधियां करेंगे और पार्टी के अंदरूनी मामलों की जानकारी अन्य पार्टियों को देंगे। भड़ाना ने कहा कि संतोष यादव ने पिछले दिनों जो ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था, उसमें उन्होंने न केवल पार्टी अनुशासन की सभी सीमाओं को लांघा बल्कि निम्न स्तर पर उतरकर समाज का भी अपमान किया इसलिए पार्टी हाईकमान ने यह निर्णय लिया है और जल्द ही एनआईटी क्षेत्र से नए अध्यक्ष का ऐलान कर दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि आम आदमी पार्टी आम लोगों की पार्टी है।

### साबित करके दिखाएं पार्टी विरोधी होने का आरोप



फरीदाबाद। आम आदमी पार्टी के एनआईटी अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी संतोष यादव ने कहा है कि वह 36 बिरादरी का मान-सम्मान करते हैं और खासकर गुर्जर, जाट, पंजाबी, ब्राह्मण, वैश्य व प्रवासी समाज के लोगों के सुख-दुख में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेते है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने उन्हें पार्टी से निष्कासित करने की बात कही है। वह उनका अपना फैसला है। जबकि मैंने जिला एवं प्रदेश संगठन को स्वयं इस पद से मुक्त करने का पत्र पहले दिया हुआ है। जिस पर राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा प्रभारी डा. सुशील गुप्ता ने आश्वासन दिया था कि जल्द से जल्द प्रवासियों से संबंधित कोई बड़े पद देकर आप पार्टी से प्रवासियों को जोड़ने की जिम्मेदारी दी जाएगी। मैं आप पार्टी का एक समर्पित कार्यकर्ता हूं। मैंने पार्टी को फरीदाबाद में आगे बढ़ाने का काम किया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 8 दिसंबर, 2021



# दोहरी चुनौती

## डेल्टा के साथ ओमीक्रान

**भारत** में विचित्र स्थिति पैदा हो रही है। कोरोनावायरस के नए रूप ओमीक्रान ने पांच राज्यों में सिर उठाया है। इसके साथ ही कोविड-19 के संभवत: डेल्टा स्वरूप कें नए मामले आठ राज्यों से सामने आ रहे हैं। जहां वैज्ञानिक दो स्वरूपों के बीच अंतर का अध्ययन कर रहे हैं, वर्तमान समय में रोगियों पर उनका समान प्रभाव दिखता है। अब तक वे बिना लक्षणों वाले हैं या उनके मामूली लक्षण दिखे हैं तथा उनमें गंभीर चिकित्सकीय हस्तक्षेप की जरूरत नहीं आई है। देश में वैश्विक महामारी के नवीनतम उभार के चार आयामों पर गौर करना चाहिए। कर्नाटक में बिना किसी यात्रा इतिहास के एक व्यक्ति को ओमीक्रान संक्रमण हुआ। ओमीक्रान से लोग प्रभावित हो रहे हैं, भले ही उनके टीकाकरण की स्थिति चाहे जो हो। यह चिन्ताजनक बात है कि इससे किशोर भी प्रभावित हो रहे हैं, जैसा कि गुजरात में पाया गया है। भारत में दोनों स्वरूपों के क्लस्टर संक्रमण पाए गए हैं। ओमीक्रान क्लस्टर महाराष्ट्र और कर्नाटक में पाए गए हैं। गैर-ओमीक्रान कोविड-19 क्लस्टर तेलंगाना और महाराष्ट्र में पाए गए हैं। तेलंगाना में एक मेडिकल कालेज के 40 से अधिक छात्र कालेज में एक आयोजन के बाद संक्रमित पाए गए जिसमें वे मास्क नहीं लगाए थे। कर्नाटक के एक स्कूल और एक कालेज में अलग-अलग क्लस्टर पाए गए। इनमें फ्रेशर्स पार्टी के बाद 300 से अधिक छात्र व कर्मचारी शामिल थे। तेलंगाना सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक डा. जी. श्रीनिवास ने चेतावनी दी है कि जनवरी के मध्य तक कोविड के मामले बढ़ सकते हैं तथा उनकी संख्या फरवरी में शिखर पर पहुंच सकती है।



सरकार का चिकित्सकीय ढांचा पहले ही नई लहर का सामना करने के लिए तैयार हो, पर इसके साथ ही यह तथ्य भी है कि अब तक टीकाकृत या उससे वंचित रोगियों में ओमीक्रान संक्रमण गंभीर नहीं दिखा है। ऐसे में सरकार को दो मुद्दों का सामना है। पहला यह है कि वायरस के मनुष्यों में प्रसार को कैसे घटाया जाए। इसका एकमात्र विकल्प देश में व्यापक पैमाने पर स्क्रीनिंग करना है जिनमें खासकर हवाईअड्डे, रेलवे स्टेशन तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन केन्द्र हैं। पाजिटिव पाए गए लोगों को अनिवार्य क्वारंटीन में भेजना समय की आवश्यकता है। केन्द्र को राज्यों के साथ समन्वय बना कर टेस्टिंग व टेऊेसिंग तेज करनी चाहिए। हवाईअड्डों व रेलवे स्टेशनों को बंद करना उस समय तक उचित नहीं होगा जब तक संक्रमण इतना गंभीर न हो जाए कि उससे जटिलतायें व मौतें सामने आने लगें। सरकार को बच्चों के टीकाकरण का निर्णय भी जल्दी लेना होगा। भारत में 12-17 आयुवर्ग के लगभग 14 करोड़ बच्चे हैं। अधिकांश पहले ही डेल्टा स्वरूप का सामना कर चुके हैं। ओमीक्रान अब गुजरात में इस वर्ग के बच्चों को संक्रमित करने लगा है। भारत की खास स्थिति है। एक ओर डेल्टा के स्थानीय प्रकोप उन क्षेत्रों में दिख रहे हैं जहां लोग अब तक संक्रमित नहीं हुए थे, वहीं दूसरी ओर ओमीक्रान के रूप में परिवर्तित वायरस भी आ गया है। हमें इस दुहरे हमले के प्रभावों का तत्काल आंकलन करना चाहिए। कोविड-19 टास्क फोर्स को दो मुद्दों से निपटना होगा। पहला, अब तक हमने बच्चों के टीकाकरण की प्रतीक्षा की है, ऐसे में क्या हमें बच्चों की नई वैक्सीन के लिए और प्रतीक्षा करनी चाहिए जो नए और भावी स्वरूपों से उनकी रक्षा कर सके? दूसरा, दक्षिण अफ्रीका के मामलों से स्पष्ट है कि ओमीक्रान पहले संक्रमित हो चुके लोगों को भी संक्रमित कर रहा है। ऐसे में सवाल है कि क्या ओमीक्रान में वैक्सीन से पैदा प्रतिरक्षा को धोखा देने की क्षमता है?

# एमएसपी व्यवस्था छोड़े भारत

सरकार को किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए। इससे वर्तमान एमएसपी व्यवस्था में व्याप्त कमियां और दुरुपयोग समाप्त करने में मदद मिलेगी।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



कोरोनावायरस के नए स्वरूप ओमीक्रान के सिर उठाने को देखते हुए विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ की बारहवीं मंत्रिस्तरीय कान्फ्रेंस-एमसी की 30 नवंबर को होने वाली बैठक अनिश्चित काल के लिए टाल दी गई है। सरकार को इस मौके का लाभ उठा कर समान सोच वाले विकासशील देशों से विचार-विमर्श कर समन्वय के साथ साझा रणनीति तैयार करनी चाहिए। इसमें इन क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता है-1. खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग-पीएसएच का स्थाई समाधान, 2. विकासशील देशों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था-एसएसएम, 3. मछली सब्सिडी में वर्तमान असमानतायें दूर करना, 4. कोविड-19 वैक्सीन तैयार करने के लिए पेटेंट हटाना तथा 5. डब्लूटीओ में सुधार। भारत खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग का व्यापक कार्यक्रम चलाता है। इसके अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां गेंहूं, चावल व मोटे अनाज जैसे कृषि उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर किसानों से खरीदती हैं तथा उनको अत्यधिक सस्ती 1, 2, 3 रुपये प्रति किलो की कीमत पर सस्ते राशन की दूकानों से वितरित करती हैं ताकि भारत के गरीबों और संकटग्रस्त तबकों की जरूरतें पूरी हो सकें। बिक्री मूल्य के अतिरिक्त एमएसपी के साथ ही हैंडलिंग, भंडारण व वितरण पर आने वाला खर्च केन्द्रीय बजट से सब्सिडी के रूप में दिया जाता है।

इसमें किसानों को एमएसपी के अतिरिक्त सब्सिडी शामिल है। इसे डब्लूटीओ की शब्दावली में अंतरराष्ट्रीय कीमत या एक्सटर्नल रिफ्रेंस प्राइस-ईआरपी कहते हैं। इसके अलावा खाद्य उपभोक्ता को ईआरपी के अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है। डब्लूटीओ को 'उत्पाद संबंधी' सब्सिडी के साथ ही कृषि निवेशों जैसे उर्वरक, बीज, सिंचाई, बिजली, आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी से चिन्ता है जिनको 'गैर-उत्पाद संबंधी' सब्सिडी कहा जाता है।

डब्लूटीओ के अंतर्गत कृषि समझौते-एओए में उत्पाद व गैर-उत्पाद सब्सिडी या कुल सहायता-एएमएस को विाकसशील देशों के कृषि उत्पाद मूल्य के 10 प्रतिशत तक सीमित किया गया है। यदि कोई देश एएमएस के 10 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी देता है तो यह उल्लंघन होगा। एओए 1 जनवरी, 1995 से लागू है। भारत में 2005 तक एमएसपी ईआरपी से कम था। इसके बाद एमएसपी ईआरपी से अधिक हो गया तथा पिछले दशक में यह अंतर बढ़ा है। उदाहरण के लिए, मई 2018 में अमेरिका द्वारा डब्लूटीओ को दिए प्रतिवेदन के अनुसार 2013-14 में भारत का चावल पर एएमएस 77 प्रतिशत था। वर्तमान समय में भारत को 'शांति प्राविधान' के अंतर्गत संरक्षण मिला है जिसकी अनुमति 2013 में बाली की नवीं एमसी में दी गई थी। इसमें कहा गया था, 'यदि कोई विकासशील देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो किसी सदस्य को इसे 2017 तक चुनौती देने का अधिकार नहीं होगा, जब डब्लूटीओ इसके स्थाई समाधान पर गौर करेगा।'

दिसंबर 2014 में आयोजित जनरल कौंसिल-जीसी में इस अनुमति के बारे में कहा गया है, 'शांति प्राविधान उस समय तक लागू रहेगा जब तक कोई स्थाई समाधान न निकाला जाए।' लेकिन शांति प्राविधान कोई समाधान नहीं है क्योंकि इसके साथ अनेक शर्तें जुड़ी हैं। इनमें खाद्यान्न खरीद, स्टाकहोल्डिंग, वितरण और सब्सिडी का डेटा देना शामिल है। इनमें यह शर्त भी शामिल है कि सब्सिडी 'व्यापार विकृत' करने वाली न हों। इससे भारत की स्थिति संकटग्रस्त हो जाती है क्योंकि 2018-19 में शांति प्राविधान लागू करने के बाद कुछ देश 'सुरक्षा' और 'पारदर्शिता' प्राविधान लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसलिए भारत एक 'स्थाई समाधान' खोज रहा है। उसने 'खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच सहायता को पूर्ण अपवाद' मानने की पैरवी की है। लेकिन यह कोरी कल्पना है क्योंकि इससे सीमा की अवधारणा अर्थहीन हो जाएगी और इसका अर्थ एओए को पुन: तैयार करना होगा। एक व्यावहारिक विकल्प एओए के अंतर्गत एएमएस तय करने में कमियां दूर करना होगा। ईआरपी को 1986-88 की कीमत पर लिया जाता है, जबकि एमएसपी संबंधित वर्ष के लिए होती है। गरीब किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी अलग नहीं की जाती है। पीएसएच के लिए खरीदी मात्रा के बजाय पूरी मात्रा की गणना होती है। इन विकृतियों को दूर करने पर एमएसपी 10 प्रतिशत सीमा के भीतर आ जाएगा जिसकी अनुमति है। इस दृष्टिकोण से 2013-14 में चावल पर अमेरिकी प्रतिवेदन के अनुसार 77 प्रतिशत के बजाय एएमएस केवल 5.45 प्रतिशत था। लेकिन केवल इतने से एमएसपी तथा इसके बाद खरीद बढ़ाने में सहायता नहीं मिलेगी। सटीक गणना के बाद भी एएमएस वर्तमान सीमा के 10 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। 2018-19 में यह चावल पर 11 प्रतिशत से अधिक था।

यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एमएसपी को विधिक गारंटी देने की बात मान लेते हैं तो भारत को और बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सभी किसानों का सारा उत्पाद खरीदना पड़ेगा, जबकि वर्तमान समय में यह केवल 6 प्रतिशत है। इससे एएमएस असाधारण रूप से बढ़ेगा। यह 'खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच कार्यक्रम' में भी नहीं आ सकता है क्योंकि यह खरीद गरीबों को भोजन देने के बजाय केवल किसानों का समर्थन करने के लिए होगी। भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण से भारत को अमेरिका व यूरोपीय संघ जैसे विकसित देशों की तरह किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी पर विचार करना चाहिए। इससे डब्लूटीओ नियमों का पालन सुनिश्चित होने के साथ ही वर्तमान एमएसपी व्यवस्था में शामिल कमियां और विकृतियां दूर करने में भी सहायता मिलेगी। जहां तक एसएसएम का सवाल है, यह सदस्यों को बढ़ते आयात तथा उसके कारण गिरती कीमतों से निपटने में 'प्रतिबद्ध स्तरों' के बजाय अस्थाई रूप से टैरिफबढ़ाने की अनुमति देता है जो बाउंड रेट समझौते के अंतर्गत सदस्य देश द्वारा लागू की जा सकने वाली अधिकतम अनुमन्य ड्यूटी है। 2015 में नैरोबी की 10वीं एमसी में विकासशील देशों का एसएसएम अधिकार माना गया था जिसकी अनुमति हांगकांग मंत्रिस्तरीय घोषणा से मिली थी। लेकिन यह भारत द्वारा एओए के अनुच्छेद 5 में संशोधन की मांग के निकट नहीं है जिससे विकसित देशों को विशेष कृषि सुरक्षा-एसएसजी के अंतर्गत कुछ रियायतें मिलती हैं। 2018 में विकसित देशों ने मछली पकड़ने पर भारी सब्सिडी दी थी, जबकि यह भारत में केवल 227 मिलियन डालर थी। इससे विकसित देश दुनिया की अधिकांश मछलियां पकड़ते हैं, जबकि छोटे मछुआरों को आजीविका के लिए संघर्ष करना पड़ता है। भारत ने प्रस्ताव किया है कि विकसित देश अगले 25 साल में अपनी सब्सिडी समाप्त करें तथा विकासशील देशों को और मछलियां पकड़ने के लिए सब्सिडी की अनुमति दें। वह समझौते में विशेष एवं भिन्न व्यवहार-एसएंडडीटी की मांग करता है।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका के साथ अक्टूबर, 2020 में एक प्रस्ताव कर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थितियों से निपटने के लिए ट्रिप्स को अस्थाई रूप से स्थगित करने की मांग की थी। हालांकि, इसे अमेरिका समेत बहुसंख्य देशों का समर्थन मिला है, पर यूरोपीय संघ व ब्रिटेन इसका विरोध कर रहे हैं। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने डब्लूटीओ की विवाद समाधान संस्था-डीएसबी में सदस्यों की नियुक्ति पर रोक लगा दी थी। यह संस्था डब्लूटीओ नियमों के उल्लंघन की स्थिति में विवादों का समाधान करती है।

वर्तमान समय में इस संस्था में निर्धारित सात सदस्यों के बजाय केवल एक सदस्य है। ऐसे में विवाद समाधान प्रक्रिया को गहरा धक्का लगा है। संक्षेप में कहा जाए तो भारत को एमएसपी का रास्ता छोड़ कर किसानों की सुरक्षा के लिए डीबीटी का रास्ता अपनाना चाहिए। एसएसम, मछली पकड़ने पर सब्सिडी तथा कोविड-19 के लिए ट्रिप्स को स्थगित रखने के मामले में इसे समान सोच वाले सभी विकासशील देशों से समर्थन प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। प्रस्ताव मंजूर करवाने के लिए खासकर जी-33 का समर्थन उपयोगी होगा। जहां तक डब्लूटीओ में सुधार का सवाल है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को समझाना होगा कि वे अमेरिकन वीटो हटा दें।

# नागालैंड घटना पर आत्मनिरीक्षण की जरूरत

> **इस तरह के शत्रुतापूर्ण एजेंडे देश की सुरक्षा को क्षति पहुंचाने वाले अवसर को जाने नहीं देंगे। आखिर उनका एकमात्र मकसद भारत पर आघात करना है।**

**जयदीप सैकिया**
(लेखक एक संघर्ष विश्लेषक हैं)



नागालैंड के मोन जिले के तिरु इलाके में 4 दिसंबर की घटना, जब सुरक्षा बलों द्वारा गलत पहचान के मामले में कुछ लोग मारे गए थे, शायद हाल के दिनों में अप्रिय घटनाओं में से एक है, और एक जिसे सुरक्षा बलों द्वारा वास्तव में खेद व्यक्त किया गया है। लेकिन तथ्य यह है कि यह एक अजीबोगरीब घटना थी और जिस तरह से कर्नल विप्लव त्रिपाठी और उनके निर्दोष परिवार की मणिपुर में हत्या की गई थी, यह पूर्व नियोजित नहीं था। उस अंत तक, इस प्रकरण का इलाज किया जाना चाहिए, एक ऐसी असंगति जिसके लिए वास्तव में एक ऐसी ताकत द्वारा पश्चाताप किया गया है जिसने न केवल उत्तर पूर्व की सुरक्षा में योगदान दिया है, बल्कि इसके सर्वांगीण कल्याण में भी योगदान दिया है।

यदि इस घटना को भारत-विरोधी ताकतों द्वारा अपहृत करने की अनुमति दी जाती, जो इस तरह के अवसर के लिए विस्तार को परिमार्जन करते रहे हैं, तो एक बड़ी गलती की जाएगी। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के राज्य सुरक्षा मंत्रालय और पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस जैसी एजेंसियां ??या तो अलगाव में या एजेंडा की एकजुटता में भारतीय सुरक्षा बलों को आतंकवाद विरोधी अभियानों और उनके प्राथमिक सीमा प्रबंधन से दूर करने का प्रयास कर रही हैं। कर्तव्य। वास्तव में, ये एजेंसियां उत्तर-पूर्व के शांतिप्रिय लोगों को भारत विरोधी कार्रवाई के लिए उकसाने का कोई रास्ता नहीं छोड़तीं, जब विपथन उनके रास्ते में आते हैं जैसा कि वास्तव में सोम में हुआ था। इस तरह के शत्रुतापूर्ण एजेंडे - जैसा कि अतीत में बार-बार देखा गया है, असम, कश्मीर और मणिपुर और भारत में कहीं और - देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने के अवसर को जाने नहीं देंगे। आखिरकार, उनका एकमात्र मकसद भारत को हजारों आघातों के साथ खून करना और 'सौ प्रैरी फायर' स्थापित करना है, जो न केवल एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में भारत की बढ़ती शक्ति को विफल करने की कोशिश करेगा, बल्कि अपने सुरक्षा बलों पर अपमान का ढेर लगाएगा। देश की आबादी को विकास वक्र और ऊपर की ओर गतिशीलता से गुमराह करने के लिए जिसे राष्ट्र हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोम घटना स्टॉक लेने के अभ्यास के लिए एक आदर्श अवसर प्रदान करती है। हालांकि यह विश्लेषण किया गया है कि प्रकरण निश्चित रूप से था - शेक्सपियर से एक कालातीत अभिव्यक्ति को स्पष्ट करने के लिए एक था - एक जिसे हमेशा पालन की तुलना में उल्लंघन में अधिक सम्मानित किया गया है, इस मामले का तथ्य यह है कि सुरक्षा बलों ने निश्चित और विश्वसनीय जानकारी है कि एक आतंकवादी संगठन, अर्थात् नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग-युंग आंग) गुट नागालैंड के मोन जिले में तिरु के आसपास के क्षेत्र में छल करने के उद्देश्य से क्षेत्र में था। इसलिए, देशद्रोहियों के नापाक मंसूबों का मुकाबला करने के लिए क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई थी। ल%एफ्ेयर मोन उन घटनाओं के कारण हुआ, जिसमें तैयारी और कर्तव्य की भावना दोनों शामिल हैं, जिसके साथ सुरक्षा बल 13 नवंबर की घटना को दोहराने की कोशिश कर रहे थे, जब कर्नल के परिवार के रूप में गैर-लड़ाकों को निर्मम आतंकियों द्वारा जानबूझकर निशाना बनाया गया था।



मोन घटना, अगर निष्पक्ष खेल का सहारा लिया जाना है, तो यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि 3 और 4 दिसंबर को मणिपुर के फेरज़ावल जिले में क्या हुआ था जब असम राइफल्स की वांग बटालियन अपना ऑपरेटिंग बेस खाली करने की प्रक्रिया में थी। परबुंग। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित परबुंग के ग्रामीण बड़ी संख्या में असम राइफल्स से क्षेत्र से बाहर न जाने का अनुरोध करने के लिए सामने आए। बल छुट्टी पर विचार कर रहा था क्योंकि उस स्थान पर उग्रवाद कम हो गया था। यह अभूतपूर्व घटना न केवल असम राइफल्स इकाई की असाधारण परिचालन उपलब्धि और नागरिक कार्रवाई नीतियों के कारण थी, विशेष रूप से छ्व्रङ्कढ्ढष्ठ-19 महामारी के दौरान हर प्रकार की सहायता के प्रावधान के माध्यम से आबादी की सहायता के कारण, बल्कि इसलिए भी कि एक भावना की भावना थी। 2006 के बाद से परबुंग और असम राइफल्स के निवासियों के बीच विकसित हुआ था, जब असम राइफल्स के एक अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल राजीव बख्शी ने क्षेत्र में कर्तव्य की पंक्ति में सर्वोच्च बलिदान दिया था। वास्तव में, एक स्मारक फुटबॉल मैच, लेफ्टिनेंट कर्नल बख्शी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट, हर साल परबुंग में आयोजित किया जाता है, जिस तरह से असम राइफल्स के अधिकारियों और पुरुषों ने पूर्वोत्तर के लोगों के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। इसलिए, चीजों की उपयुक्तता में यह है कि जिस क्षेत्र के लिए असम राइफल्स ने अपने पूरे अस्तित्व को अलग रखा है, उसे वास्तव में पूर्वोत्तर के मित्र कहा जाता है।

## आप की बात

### आंतरिक सुरक्षा पर मंथन

**भारत** देश मे आंतरिक सुरक्षा के सामने वर्षो से आतंकवाद, अलगाववाद ,नक्सलवाद और अराजकता गम्भीर संकट पैदा कर रहे हैं। कश्मीर में आतंकवाद, उत्तरपूर्व में उग्रवाद और कई राज्यों में नक्सलवाद फैला हुआ है। इनके खिलाफ चलाये जा रहे अभियानों में कभी कभी निर्दोष लोगों की जाने चली जाती है। नागालैंड में हुई दुखद घटना नाकाम गुप्तचर तन्त्र के कारण हो गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का राजनीतिक लाभ लेने की किसी भी दल को कोशिश नही करना चाहिये। जो गलती सुरक्षा बलों से हो गई है। उससे निपटने और पीड़ित परिवारों को सहानुभूति और आर्थिक मदद सरकार को करना चाहिए। गुप्तचर व्यवस्था को सुधारने ,आधुनिक हाई टेक टेक्नालॉजी का उपयोग ,ड्रोन का उपयोग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग होना चाहिये। इन अभियानों में हमारे देश के सुरक्षाबलों को अनेको बार हमलों का शिकार होना पड़े। इसे रोकने के लिये गुप्तचर व्यवस्था का जाल सारे देश मे फैलाना होगा। गुप्तचर व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये इसे पुलिस विभाग से अलग करना होगा। भारतीय गुप्तचर और राज्य गुप्तचर सेवा बनाने कीओर केंद्र सरकार ध्यान दे।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### उग्रवादी कहां हैं?

**नागालैंड** में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। चाहे सुरक्षाबल हों या किसी भी राज्य की पुलिस अपराधियों को पकड़ने में उनका काम मुख्य रूप से प्राप्त विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर निर्भर करता है। उसके अनुसार वे आगे की योजना बनाते हैं। उग्रवादीयों के बारे में सुरक्षाबलों को मिली विश्वसनीय खुफिया जानकारी संदेह के घेरे में आ गई है। जवानों की फायरिंग में मजदूर मारे गए है तो उग्रवादी कहां हैं? क्या किसी के पास उन्हें बिना मारे सुरक्षित रूप से छुटकारा पाने की कोई पूर्व नियोजित योजना होगी? इसे देखना होगा। स्थानीय लोग और सुरक्षा बलों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश को नकारा नहीं जा सकता। ताकि स्थानीय लोग आक्रामक हो जाएं और सुरक्षा बलों पर टूट पड़े। स्थानीय लोगों में सुरक्षा बलों को लेकर गुस्सा कैसे आएगा? और इसका लाभ उठाकर जवानों का मनोबल कैसे कम किया जा सकता है? इसके लिए कौनसी ताकतें (उग्रवादी) काम कर रही हैं? इस पर भी गहन शोध करने की जरूरत है। इसे केवल उपर से नहीं, बल्कि बहुत बारीकी से देखना होगा। यह ध्यान रखना होगा कि देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मन में सुरक्षाबलों की छवि खराब न हो।

- **जयेश राणे**, मुंबई

### कानून वापसी से नुकसान

**हाल** ही में तीन कृषि सुधार कानूनों की वापसी से कृषि-बाजार सुधारों की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। हाल ही में इनके पुनर्जीवित होने की भी कोई संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह पता लगाने के लिए एक समिति गठित की है कि 'एमएसपी को कैसे ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है', जबकि यह केवल सतही कदम है। इस बीच किसानों के नेता और मांगें पेश कर रहे हैं तथा सरकार रक्षात्मक दृष्टिकोण अपना रही है। इस प्रकार देश एक खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। एमएसपी की विधिक गारंटी राष्ट्रीय खजाने को दीवालिया कर सकती है। इससे भंडारण व परिवहन सुविधाओं पर भारी बोझ पड़ेगा, बरबादी कई गुना बढ़ेगी तथा भारत को खाद्य सब्सिडी के मामले पर डब्लूटीओ में शर्मिन्दा होना पड़ेगा क्योंकि किसानों को आसमान के तारे देने के लिए व्यापार विकृत हो जाएगा। किसानों को बिजली संशोधन कानून से अलग रखने से पहले से ही भारी घाटे का शिकार बिजली वितरण कंपनियों पर और अधिक बोझ पड़ेगा।

- **श्रीवत्स द्विवेदी**, वाराणसी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सरकार** नागालैंड की घटना पर तहेदिल से खेद जताते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

- **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**फिलहाल,** अब तक, ऐसा तो नहीं लगता कि नए कोविड प्रतिरूप में बहुत गंभीरता है।

- **एंथनी फॉसी**
एनआईएआईडी निदेशक



**जब** भाजपा वोट मांगने आए तो यह याद रखें यूपी सरकार ने रोजगार मांगने वालों को लाठियों से पीटा था।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# सपा सरकार में बर्बादी के कगार पर आ गए थे परंपरागत उद्योग

● आज प्रदेश के निर्यात में 80 प्रतिशत योगदान परंपरागत उत्पादों का है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



प्रदेश के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि पहले की सरकारों ने प्रदेश के परंपरागत उद्योगों की अनदेखी कर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था। स्थिति यह बन गयी की जिन सीटों से समाजवादी पार्टी के मुखिया और उनके परिवार के लोग सांसद और विधायक चुने जाते थे और सत्ता पर काबिज होते थे वहां के भी परंपरागत उद्योग बर्बादी की कगार पर आ गये थे। कन्नौज का विश्व प्रसिद्ध इत्र इसका एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद परम्परागत उद्योगों को दोबारा जीवित करने का काम शुरू हुआ और आज स्थिति यह है कि प्रदेश के निर्यात में 80 प्रतिशत योगदान परंपरागत उत्पादों का है।

फर्क साफ है कार्यक्रम के तहत बीजेपी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनती है तब इस बात पर विचार किया जाता है कि ग्राम स्वराज की परिकल्पना में ग्रामीण अर्थव्यवस्था कैसी हो और समकालीन आर्थिक मॉडल कैसा होना चाहिए। इस पर भाजपा सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया और एक नीति बनाई। जब हमने ग्राम स्वराज और आर्थिक मॉडल का संगम किया तब उसमें से योगी आर्थिक मॉडल निकलकर सामने आया। इसी योगी मॉडल का नतीजा है कि जब हम सत्ता में आये थे तब उस समय बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी जो जनवरी 2021 में घटकर 5 फीसदी रह गयी है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों पर ध्यान देना शुरू किया। हमने एक जनपद एक उत्पाद योजना शुरू की और आज हमें बताते हुए खुशी हो रही है कि इस ओडीओपी योजना की चर्चा सिर्फ देश में ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है। 2017 में जो निर्यात 88 हजार 967 करोड़ रुपये था वो 2019-20 में बढ़कर 1 लाख 20 हजार 367 करोड़ का हो गया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ओडीओपी के तहत हमने परंपरागत उद्योगों से जुड़े कारीगरों को न सिर्फ प्रशिक्षण दिलवाया बल्कि उनके उत्पादों की पैकेजिंग, ब्राडिंग और मार्केटिंग करने के साथ ही उनको बाजार भी उपलब्ध कराया। आज हमारे ओडीओपी उत्पादों की पूरे विश्व में जबरदस्त मांग है। हमारे निर्यात में 80 प्रतिशत योगदान ओडीओपी उत्पादों का है।

# भारतीय जनता पार्टी आज से करेगी सामाजिक संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



बीजेपी सभी छह क्षेत्रों में अनुसूचित वर्ग के युवा उद्यमियों, व्यापारियों, नौकरशाहों, लेखकों, सेवानिवृत्त अधिकारियों, सामाजिक संगठनों आदि प्रबुद्ध लोगों से सामाजिक संवाद करेगी। इसके लिए सभी क्षेत्रों में संवाद कार्यक्रम होंगे। बुधवार को लखनऊ में प्रदेश कार्यालय पर अवध क्षेत्र का सामाजिक संवाद कार्यक्रम होगा। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व केंद्रीय शहरी एवं आवासन राज्य मंत्री कौशल किशोर प्रतिभागिता करेंगे। प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने बताया कि 9 दिसंबर को कानपुर व आगरा में यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। आगरा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व कानपुर में विधि एवं न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक सहभागिता करेंगे। 10 दिसंबर को गोरखपुर में उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, 11 दिसंबर को वाराणसी में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय और 12 दिसंबर को मेरठ में सांसद राजेन्द्र अग्रवाल कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि ने बताया कि सामाजिक संवाद राष्ट्रवादी युवाओं और पेशेवरों की समाज के विभिन्न वर्गों विशेष रूप से अनुसूचित वर्ग को जोड़ने की मुहिम है। इसमें केंद्र व राज्य सरकार की गरीब एवं जनकल्याणकारी नीतियों उनके सफल क्रियान्वयन तथा उसके परिणाम स्वरूप हुए बदलाव पर सकारात्मक बदलावों पर चर्चा की जाएगी। हमने सभी छह क्षेत्रों में इसके लिए कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई हुई है। जहां समाज इन वर्गों के प्रमुख लोगों के बीच हम अपनी बात रखेंगे और उन्हें पार्टी की नीतियों से जोड़ेंगे।

# अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व जनता की समस्याओं का तुरंत निस्तारण हो




● डीजीपी व अपर मुख्य सचिव गृह ने सूबे के चारों पुलिस कमिश्नरेट के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा में दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सूबे के चारों पुलिस कमिश्नरेट के कार्यों की उच्च स्तरीय समीक्षा की गई। डीजीपी मुकुल गोयल और अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के संबंध में दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर एवं वाराणसी के पुलिस कमिश्नर के अलावा इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय 112, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक यातायात, सचिव गृह, पुलिस उप महानिरीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन सहित अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। समीक्षा बैठक में डीजीपी और अपर मुख्य सचिव गृह की ओर से जो निर्देश जारी किए गए उनमें प्रमुख रूप से सुगम यातायात व्यवस्था प्रबन्धन में नई तकनीकों का प्रयोग किया जाए तथा व्यस्त समय में अनुभवी पुलिस कर्मियों की डयूटी लगायी जाए। इसके लिए स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया जाए। महिला सशक्तिकरण के तहत महिला बीट, महिला डेस्क, वीमेन पावर लाइन 1090 आदि के कार्यों की समीक्षा कर ली जाए तथा बीट प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करते हुए महिला सम्बन्धित अपराधों का यथाशीघ्र विधिक निस्तारण कराया जाए। गम्भीर अपराधों की समीक्षा कर ली जाए तथा अनवर्क आउट केस, हत्या, लूट, डकैती आदि का अतिशीघ्र अनावरण कराया जाए। लम्बित गम्भीर अपराधों की विवेचनाओं का और अधिक त्वरित गति से निस्तारण कराया जाए तथा आरोप पत्र न्यायालय में समय से प्रेषित कराया जाए। गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में अपराधियों द्वारा अपराध कारित कर अर्जित की गई सम्पत्ति को चिन्हित कर गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत आवश्यक विधिक कार्यवाही करायी जाए। जनपदों में उपलब्ध पुलिस बल की समीक्षा कर चुनाव के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार उनका आंकलन कर लिया जाए। पुलिस कार्मिकों यथा निरीक्षक ए उपनिरीक्षक आदि के पूर्व में हुए स्थानान्तरण आदेश का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। लम्बित आईजीआरएस प्रार्थना पत्र की समीक्षा कर न्यायोचित कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए समय से निस्तारण कराएं। साइबर क्राइम से सम्बन्धित अभियोगो का शीघ्र सफल अनावरण किया जाए तथा साइबर से सम्बन्धित लम्बित विवेचनाओं का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। संगठित अपराध किसी भी दशा में न होने पाए, इसकी रोकथाम के लिए आधुनिक संसाधनो का प्रयोग करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। जनपदों में लूट आदि की घटनाओं के रोकथाम के लिए उनके स्पाट चिन्हित कर पुलिस कर्मियों की गश्त व पिकेट ड्यूटी लगाई जाए। किसी भी दशा में लूट आदि की गम्भीर घटना घटित न होने पाए। आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत तकनीकी संसाधनों का आंकलन कर आवश्यकतानुसार समय से पूर्ण कर लिया जाए।

## राज्य महिला आयोग का जिलों में जागरूकता शिविर आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन शक्ति फेज 3 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से बुधवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महिला जनसुनवाई की जायेगी। आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम महिला आयोग मुख्यालय पर महिला जनसुनवाई करेंगी। महिला आयोग की उपाध्यक्ष सुषमा सिंह आगरा तथा महिला आयोग की उपाध्यक्ष अंजु चौधरी द्वारा फिरोजाबाद में महिला जनसुनवाई की जायेगी। वहीं मिर्जापुर, अयोध्या, फिरोजाबाद, बलरामपुर, देवरिया, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, जालौन, चित्रकूट, कानपुर नगर, भदोही, प्रयागराज, चन्दौली, श्रावस्ती, एटा, अम्बेडकरनगर, बिजनौर, प्रतापगढ़, बहराइच, लखीमपुरखीरी, महाराजगंज तथा फर्रूखाबाद में मिशन शक्ति फेज 3 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता शिविर का आयोजन कराया जायेगा। शिविर में उपस्थित

# मोदी-योगी की नीतियों से प्रभावित विभिन्न दलों के नेता भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को मोदी-योगी की राष्ट्रवादी नीतियों और विकास के बहुमुखी आयाम और सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास की नीति से प्रभावित होकर विभिन्न दलों के नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेयी व प्रदेश उपाध्यक्ष ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्य दयाशंकर सिंह ने विभिन्न दलों से आये नेताओं का पटका पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल कराया। प्रमुख रूप से बदायूँ जिले से पांच बार के विधायक राम सेवक पटेल, बरेली से पूर्व उपाध्यक्ष अनु जाति एवं जनजाति विकास परिषद मनोहर सिंह जाटव, बस्ती से दो बार निर्दलीय विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, दो बार ब्लॉक प्रमुख राना कृष्ण किंकर सिंह, बांदा से राजकुमार राज, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद, पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद, डॉ अनुज चौधरी मुरादाबाद, प्रदेश सचिव आम आदमी पार्टी व अमरोहा से हाजी महमूद हसन, राष्ट्रीय अध्यक्ष मंसूरी समाज व बड़ी संख्या में आये समर्थकों ने 7505403403 पर मिस्ड कॉल कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने अन्य दलों से भाजपा में शामिल हुये नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुये कहा कि सभी से अपेक्षा है कि आप सभी अपने-अपने जनपदों में संगठन के साथ मिलकर भाजपा को धरातल में और अधिक मजबूत करने में अपना योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में 325 से भी अधिक सीटों पर विजय प्राप्त करने के लिये आप सभी पूरी मेहनत के साथ संगठन द्वारा दिये गये दायित्वों के अनुरूप कार्य करेंगे।

# जनवरी के दूसरे हफ्ते में विस चुनाव की अधिसूचना जारी होने के संकेत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सत्ता की चाहत में राजनेताओं के ग्राउंड जीरो पर छिड़ी जंग के बीच विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जनवरी माह के दूसरे हफ्ते में 13 से 15 तारीख के बीच जारी होने के संकेत सरकार के तैयारियों से मिले हैं। सीएम योगी ने अपने अफसरों के उन सभी योजनाओं को 31 दिसम्बर से पहले पूरा करने के निर्देश दिये है जो विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बजने से पहले सरकार कराना चाहती है। चुनावी ऐजेंडा में शामिल कार्यो की अंतिम समयसीमा निर्धारित करने के साथ सरकार ने अतिरिक्त दस दिनों का समय सुरक्षित रखा है। सीएम ने अपने कुछ खास अफसरों को इशारा किया है कि किन्ही भी कारणों से विलंब की दशा में दस जनवरी से पहले सारे कामकाज निपटा लिये जायें। सीएम योगी के निर्देश और सरकार की सरकारी मशीनरी की कवायद को देखते हुये दस जनवरी के बाद विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने की उम्मीद जतायी जा रही है। विदित हो कि विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ताबड़तोड़ तरीके से बड़ी योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास कराने में जुटी है। गोरखपुर खाद कारखाना, एम्स, डिफेन्स कारीडोर के अलीगढ तथा झांसी नोड, कई चिकित्सा विश्वविद्यालय, पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे सहित अनेक योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया जा चुका है जबकि डिफेन्स कारीडोर के तीसरे नोड, काशी विश्वनाथ मंदिर के कारीडोर, न्यू अयोध्या सिटी, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे समेत कई योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलानयास का काम अभी होना है। इसके अलावा राज्य की जनता को सीधे फायदा देने वाली योजनाओं को सरकार ने अपने चुनावी एजेन्डा में रखा है। छात्रवृत्ति, स्कूली बच्चों को ड्रेस वितरण जैसी योजनाओं का काम हो चुका है स्मार्ट फोन, कोरोना से मरने वालों के परिवारों को धनराशि देने सहित तमाम योजनाओं का काम होना है। इन सभी योजनाओं की सीएम योगी लगातार सीधे मानीटरिंग कर रहे हैं और लगातार जरूरी निर्देश दे रहे हैं। जानकारों की मानें तो सरकार के कदमों से साफ है कि दस जनवरी के बाद चुनाव की अधिसूचना जारी होगी।

# मतदाता फार्मों का गुणवत्तापूर्ण, त्रुटिरहित निस्तारण समय से कर लिया जाय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वोटर लिस्ट को लेकर जिलाधिकारियों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने 1 जनवरी 2022 के आधार पर होने वाले विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण.2022 से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं तथा विधान सभा सामान्य निर्वाचन.2022 की तैयारियों के सम्बन्ध में आज प्रदेश के सभी जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विधान सभा चुनाव के लिए, मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त सभी मतदाता फार्मों का बीएलओ ससमय आवंटित कराएं तथा समयबद्ध रूप से ही इनका विधिवत, त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी करा लिया जाय। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का 20 दिसम्बर से पहले फील्ड वेरिफिकेशन कराकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली जाय और योजना अनुरूप स्वीप क्रियाकलापों के माध्यमों से मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने सम्बंधी कार्यक्रमों के संचालन किये जाने पर भी बल दिया जाय। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलों में एक से दो दिव्यांग आईकान बनाने के निर्देश दिए, जिससे कि दिव्यांगजनों का मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके ऐसे कार्यक्रमों पर भी जोर दिया जाय। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान मशीनों के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा प्रचार-प्रसार के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर प्रशिक्षण के लिए मतदान मशीनों के संचालन सम्बंधी कार्यों का प्रदर्शन भी कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि विधान सभा निर्वाचन के लिए सभी आवश्यक सामग्री की समय से व्यवस्था करने के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार की जाए तथा मतदेय स्थलों पर मूलभूत व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करायी जाए, जिससे कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। कोविड-19 महामारी के दृष्टिकोण से भी गाइडलाइन के अनुरूप व्यवस्थाओं का आंकलन करने एवं उन्हें समय से पूरा करने के लिए भी निर्देशित किया।

# भाजपा राज में किसान-मजदूर बदहाली के शिकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में किसानों को क्या-क्या नहीं सहना पड़ा। कृषि कानूनों से उन्हें तमाम परेशानियां उठानी पड़ीं। किसान मजदूर बदहाली के शिकार हैं। खाद नहीं मिल पा रही है। गन्ना किसानों का हजारों करोड़ रूपये बकाया है। किसानों की एक जुटता ने संदेश दिया है कि वे भाजपा के लिए अपने दरवाजे बंद कर देंगे। किसानों को एमएसपी के लिए, ठोस फैसला हो। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके हक दिलाए जाएंगे। भाजपा किसानों का अपमान करती रही है। भाजपा के मंत्री और समर्थकों ने किसानों को गाड़ी से कुचल दिया है। दवा, इलाज, खाद के लिए लोगों को लाइन में लगना पड़ा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने महंगाई बढ़ाई है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम बहुत बढ़ गए हैं। भाजपा ने लोगों को बहुत दुःख और परेशानी दी है। नौकरी मांगने पर नौजवानों पर लाठियां बरसाती है। प्रदेश की जनता अब भाजपा को वापस सत्ता में नहीं आने देगी। भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों को बेचकर लोगों का हक और अधिकार छीन रही है। हवाई जहाज बेच दिए, एयरपोर्ट बेच दिए, रेल स्टेशन बेच दिए। आज मोटर साइकिल चलाना भी भारी हो गया है। पलायन की बात करने वाले खुद पलायन करके आए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई नफरत की राजनीति कर रहे है और हमारे बीच खाई पैदा कर रहे हैं। हमारे और आपके बीच में जो खाई पैदा करे वही है भाजपाई। भाजपा के ठोको राज ने लोगों को अपमानित किया हैं बुलडोजर वाले अपने बुल को नहीं सम्हाल पा रहे हैं। इनकी हर बात झूठी है। अखिलेश ने कहा कि जनता विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को सबक जरूर सिखाएगी।

# जाली नोट की फोटो दिखाकर ठगी करने वाले गैंग के तीन सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

गोंडा के तरबगंज थाने में दर्ज जालसाजी के एक मुकदमे में वांछित और जाली नोट की फोटो एवं वीडियो दिखाकर ठगी करने वाले गैंग के 3 सक्रिय सदस्यों को एसटीएफने गोंडा से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 2 मोटरसाइकिल, एक पिस्टल 32 बोर, कारतूस, 7 मोबाइल फोन व 13 हजार रुपए बरामद हुए। एसटीएफ के अनुसार इन्हीं बदमाशों ने 1 दिन पूर्व लखनऊ में लूट की घटना कारित की थी। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि यह लोग मोबाइल पर जाली नोट की फोटो व वीडियो दिखाकर असली मुद्रा के सापेक्ष तीन गुना जाली नोट देने का सौदा कर धोखाधड़ी करते हैं। जो भी एडवांस धन मिलता था उसे लेकर फरार हो जाते थे। बरामद रुपयों के बारे में पूछने पर बताया कि 6 दिसंबर को बेस्ट प्राइस जनपद लखनऊ के पास एक आकाश नाम के व्यक्ति एवं उसके दोस्त से 2 फोन एवं 15 हजार रुपए छीन लिए थे। गिरफ्तार अभियुक्त लवकुश सिंह उर्फ टाइगर निवासी अलीपुर, खण्डेराय, थाना उमरिया बेगम, गोण्डा एवं प्रिन्स तिवारी उर्फ पण्डित निवासी टनटनवा ,थाना उमरिया बेगम, गोण्डा को पूर्व से पंजीकृत मुकदमा धारा 419 ,420, 468, 471, 504, 506 भादवि थाना तरबगंज गोण्डा में दाखिल किया गया। अभियुक्त महेन्द्र प्रताप सिंह निवासी सिंगरिया, थाना परसपुर, गोण्डा के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

# प्रियंका ने किया विधान सभा चुनाव की रणनीति पर मंथन

● कांग्रेस महासचिव आज जारी करेंगी महिला घोषणा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा 8 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस का महिला घोषणापत्र जारी करेंगी। बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर वह कॉन्फ्रेंस करेंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रियंका महिला घोषणा पत्र जारी करेंगी। प्रियंका ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन आज आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित इलेक्शन स्ट्रेटजी कमेटी एवं चार्जशीट कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर मंथन किया। कांग्रेस के अभियानों को घर घर पहुंचाने के साथ चुनाव जीतने की रणनीति पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। कमेटी के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के चुनाव से सम्बन्धित विभिन्न विषयों एवं जनता से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त करते हुए सुझाव दिए। 32 सालों से उत्तर प्रदेश में सत्ता संभालने वाली भाजपा सपा एवं बसपा की सरकारों द्वारा जनता को धोखा दिये जाने एवं जन मुद्दों तथा सरकार की खामियों पर चार्जशीट तैयार करने पर चार्जशीट कमेटी के साथ रणनीति तैयार की गयी। दोनों बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिवगण धीरज गुर्जर, रोहित चौधरी, प्रदीप नरवाल, बाजीराव खाड़े एवं तौकीर आलम उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डा. उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि सर्वप्रथम प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनावी रणनीति और क्रियान्वयन से सम्बंधित स्ट्रेटजी कमेटी के साथ व्यापक मंथन किया गया। विधानसभा चुनाव 2022 की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति, कार्यक्रम एवं उनके समयबद्ध क्रियान्वयन से सम्बंधित सभी महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा कर तय किए गए कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए पार्टी के मुख्य संगठन एवं सभी विभागों, फ्रन्टल्स, तथा प्रकोष्ठों की भूमिका एवं लक्ष्य निर्धारित किए। इस बैठक में कमेटी के चेयरमैन एवं पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, कोऑर्डिनेटर एवं पूर्व सांसद राकेश सचान के साथ बीपी सिंह, संजय कपूर एवं बृजलाल खाबरी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव तथा मोहम्मद मुकीम, कमल किशोर कमांडो, अनिल श्रीवास्तव, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी एवं विश्व विजय सिंह तथा मोनिन्दर सूद बाल्मीकि उपस्थित रहे।

पाण्डेय ने बताया कि दूसरी बैठक चार्जशीट कमेटी के साथ सम्पन्न हुई, जिसमें गैरकांग्रेसी भाजपा, सपा एवं बसपा की सरकारों की खामियों को आगामी विधानसभा चुनाव में उजागर करना सुनिश्चित किया गया। इनके द्वारा जनता से किये गये झूठे वादों की सूची संकलित कर सभी मुद्दों पर चार्जशीट तैयार करने पर सहमति बनी।

## पूर्व सैनिकों को विधान परिषद व राज्यसभा में भागीदारी दी जाए: अजय कुमार

लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पूर्व सैनिक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. अजय कुमार ने कहा कि सैनिकों का देश के लिए बड़ा योगदान रहा है। इसके बावजूद भी सैनिकों की कई क्षेत्रों में काफी पीछे रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है की पूर्व सैनिकों को विधान परिषद व राज्यसभा में भागीदारी दी जाए। अजय कुमार ने यह बात मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। पूर्व सैनिक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा की भारत वर्ष के राष्ट्रपति को 12 राज्य सभा सदस्य अपने स्तर से नामित करने का अधिकार है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्यों के राज्यपाल कुल विधायकों की संख्या का 1/6 भाग में विधान परिषद् सदस्य नामित कर सकते है। विडंबना ये है कि इन सीटों के लिए पूर्व सैनिको को सर्वथा नजर अंदाज किया जाता रहा है। इसके अतिरिक्त लोकसभा, विधानसभा, पार्षद, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत में कुल सीटों का 5 प्रतिशत सीट पूर्व सैनिको के लिए आरक्षित होने चाहिए। प्रत्येक जनपदों के कैंट क्षेत्र से पूर्व सैनिको से ही विधायक हेतु सीट सुरक्षित किया जाना चाहिए। राज्य सभा एवं प्रत्येक विधान परिषदों में दो-दो सीटे पूर्व सैनिको के लिए आरक्षित की जाये। अजय कुमार ने एक सन्दर्भ में बताया गया की बीएसएफ जवान बिपिन मालिक की पत्नी सपना मालिक का इसी वर्ष 6 मई को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा 50 लाख की अनुग्रह राशि एवं उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया गया था परन्तु अभी तक वे अधिकारियों के ऑफिस का चक्कर लगा रहे है।

# रवि नाइक ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा, सदन में पार्टी सदस्यों की संख्या घटकर तीन हुई

**भाषा।** पणजी

**गोवा चुनाव** से पहले कांग्रेस को एक और झटका देते हुए, पार्टी विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाइक ने मंगलवार को राज्य विधानसभा से अपना इस्तीफा दे दिया। इससे पहले, गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री लुइजन्हिो फलेरियो ने सितंबर में कांग्रेस विधायक के तौर पर इस्तीफा दे दिया था और बाद में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। नाइक के इस्तीफे के साथ, 40 सदस्ईय राज्य विधानसभा में कांग्रेस का संख्याबल घटकर तीन हो गया है।

नाइक के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश चोडानकर ने कहा कि पार्टी ने बहुत पहले ही उनसे नाता तोड़ लिया था और आगामी राज्य चुनाव के लिए उन्हें पार्टी का प्रत्याशी बनाने पर विचार भी नहीं किया गया था। गोवा में पोंडा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले नाइक ने विधानसभा अध्यक्ष राजेश पाटनेकर को अपना इस्तीफा सौंपा। उनके साथ उनके दो बेटे भी थे, जो पिछले साल सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हुए थे। नाइक ने अपना इस्तीफा सौंपने के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने इस्तीफा दे दिया। मैं आपको बता दूंगा कि आगे क्या योजना है।

सूत्रों के मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गोवा चुनाव प्रभारी देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में दिन में नाइक के भाजपा में शामिल होने की उम्मीद है। रवि नाइक के छोटे बेटे रॉय नाइक ने कहा कि उन्होंने अपने पिता से भाजपा में शामिल होने का अनुरोध किया है। राज्य के 2017 के विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस 17 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। हालांकि, 13 सीटें जीतने वाली भाजपा ने तटीय राज्य में सरकार बनाने के लिए कुछ क्षेत्रीय दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ गठबंधन किया। तब से, कांग्रेस के कई विधायक पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इस बीच, चोडानकर ने दावा किया कि नाइक के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस को कोई नुकसान नहीं होगा क्योंकि वह पार्टी में सिर्फ कहने के लिए मौजूद थे।

कांग्रेस नेता ने संवाददाताओं से कहा, उनका एक पैर पहले से ही भाजपा में था। उन्होंने पहले अपने बेटों को भाजपा में भेजा था। चोडानकर ने कहा कि कांग्रेस ने पोंडा विधानसभा क्षेत्र में नया नेतृत्व बनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, हमने नाइक को पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं किया था। हमने बहुत पहले नाइक को खारिज कर दिया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने पहले ही भविष्यवाणी कर दी थी कि चुनाव से चार-पांच महीने पहले नाइक पार्टी छोड़ देंगे। 2017 के राज्य विधानसभा चुनावों के बाद से, कई कांग्रेस विधायकों ने पार्टी छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए।

वालपोई विधायक विश्वजीत राणे ने सबसे पहले कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए और इस सीट से उपचुनाव जीत लिया। राणे वर्तमान में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री हैं। राणे के बाहर निकलने के तुरंत बाद, कांग्रेस के दो और विधायक सुभाष शिरोडकर शिरोडा सीट का प्रतिनिधित्व किया। दयानंद सोपटे (मंदरेम) ने भाजपा में शामिल होने के लिए पार्टी छोड़ दी।

## आयकर विभाग ने तमिलनाडु के समूहों पर छापे के बाद करोड़ों रुपए की कर चोरी पकड़ी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने हाल ही में आभूषण, कपड़ा और घरेलू उपकरणों की बिक्री से संबंधित तमिलनाडु स्थित दो समूहों पर छापेमारी के बाद करोड़ों रुपए की कर चोरी का पता लगाया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। यह छापेमारी एक दिसंबर को अज्ञात समूहों के चेन्नई, कोयंबटूर, मदुरै और तिरुनेलवेल्ली स्थित शोरुम पर की गई। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि विभाग ने इस अभियान के दौरान 10 करोड़ रुपए नकद और छह करोड़ रुपए मूल्य के गहने जब्त किए हैं। उन्होंने दोनों समूहों पर कर अपवंचना के आरोप बताए हैं। उसने कहा कि पहले समूह के मामले में, जब्त किए गए दस्तावेजों से पता चलता है कि समूह अपने बहीखातों में हेरफेर करके बिक्री को व्यवस्थित रूप से दबाने में सक्रिय रूप से शामिल था।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा सांसद जेपी नड्डा भाजपा संसदीय पार्टी मीटिंग में बातचीत करते हुए

# देशमुख की संपत्ति कुर्क करने के संबंध में उच्च न्यायालय ने उसका पक्ष नहीं सुनाः ईडी

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय में कहा कि उसे अनिल देशमुख की संपत्ति अस्थाई रूप से कुर्क करने पर अंतिम निर्णय लेने से रोकने का आदेश देने से पहले उच्च न्यायालय ने उसका पक्ष नहीं सुना। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले महीने राकांपा नेता देशमुख को करोड़ों रुपए के धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

उच्च न्यायालय ने सोमवार को पूर्व मंत्री की पत्नी आरती देशमुख की याचिका पर सुनवाई करते हुए प्राधिकार को अगले निर्देश तक संपत्ति जब्ती के मामले में अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया था। याचिका में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अस्थाई कुर्की को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति जी एस पटेल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हालांकि प्राधिकार को सुनवाई पूरी करने की अनुमति दी और याचिका सुनवाई के लिए 22 जनवरी को सूचीबद्ध की है।

प्रवर्तन निदेशालय की ओर से मंगलवार को अतिरिक्त सॉलिसिटर अनिल सिंह ने पीठ को बताया कि अदालत इस तरह का आदेश पारित करने से पहले जांच एजेंसी की दलीलों को सुनने में विफल रही। अदालत ने कहा कि वह 10 दिसंबर को प्रवर्तन निदेशालय की इस दलील पर सुनवाई करेगी। याचिका में आरती देशमुख ने दावा किया था कि पीएमएलए के तहत निर्णायक प्राधिकरण की संरचना अनुचित थी। प्राधिकार में एक अध्यक्ष और दो सदस्य होने चाहिए थे।

## सुप्रिया सुले ने केंद्र से ओबीसी को आरक्षण देने के लिए कानून लाने को कहा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सांसद सुप्रिया सुले ने मंगलवार को मांग की कि केंद्र अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को राजनीतिक आरक्षण देने के लिए एक कानून लेकर आए और महाराष्ट्र में मराठा और धनगर समुदायों के लिए आरक्षण के मुद्दे का समाधान निकाले। महाराष्ट्र से लोकसभा सदस्य सुले ने यह मांग तब की है जब एक दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने राज्य में उन सीटों पर स्थानीय निकाय चुनावों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी जहां ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत तक आरक्षण है। सुले ने ट्वीट किया, माननीय उच्चतम न्यायालय ने ओबीसी राजनीतिक आरक्षण पर रोक लगा दी है। संसद का शीतकालीन सत्र चलने पर हम मांग करते हैं कि केंद्र सरकार एक कानून लेकर आए ताकि ओबीसी के साथ ही मराठा और धनगर समुदायों के लिए लंबित राजनीतिक आरक्षण के मुद्दे का समाधान निकाला जा सकें।

# नगारिकों की पहचान नहीं की, शवों को छिपाने का किया प्रयासः नगालैंड गोलीबारी रिपोर्ट

**कोहिमा।** नगालैंड के मोन जिले में शनिवार को एक पिकअप ट्रक पर गोलीबारी करने से पहले सेना ने उसमें सवार लोगों की पहचान करने की कोई कोशिश नहीं की थी। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) टी जॉन लोंगकुमेर और आयुक्त रोविलातुओ मोर की संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने चश्मदीदों के हवाले से कहा कि ग्रामीणों ने पाया कि सेना के विशेष बल छह लोगों के शव अपने आधार शिविर में ले जाने के इरादे से लपेटकर, एक पिकअप वैन में डालकर छिपाने की कोशिश कर रहे थे।

राज्य सरकार को रविवार को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया, चार दिसंबर को शाम चार बजकर 10 मिनट के आसपास, आठ ग्रामीण तिरु स्थित कोयले की एक खान से पिकअप ट्रक में घर लौट रहे थे, उन पर आचनक ही सुरक्षा बलों (कथित तौर पर, असम में स्थित 21 वीं पैरा स्पेशल फोर्स) ने घात लगाकर हमला किया और उनकी हत्या की। वस्तुतः उनकी पहचान करने की कोई कोशिश नहीं की गई थी। सभी ग्रामीण निहत्थे थे और कोयले की खान में काम करते थे। उनमें से छह की मौत मौके पर ही हो गई थी और दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

अधिकारियों ने रिपोर्ट में बताया कि गोलियां की आवाज सुन कर ग्रामीण मौक पर पहुंचे। घटनास्थाल पर पहुंचने पर, उन्होंने एक पिकअप ट्रक देखा और विशेष बल के कर्मी छह शवों को लपेटकर उन्हें ट्रक (टाटा मोबाइल) में चढ़ा रहे थे, वे जाहिरा तौर पर शवों को उनके आधार शिविर ले जाने के इरादे से ऐसा कर रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया कि शवों को तिरपाल में लिपटा देख गांववालों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हो गई। गुस्साए लोगों ने सुरक्षा बलों के तीन वाहनों में आग लगा दी। उन्होंने कहा, हंगामे में, सुरक्षा बलों ने फिर गांववालों पर गोलियां चलाईं, जिससे सात और ग्रामीण मारे गए। चश्मदीदों ने पुष्टि की है कि विशेष बलों के जवानों ने घटनास्थल से असम की ओर भागते हुए अंधाधुंध गोलियां चलाईं और यहां तक कि रास्ते में कोयला खदान की झोपड़ियों पर भी उन्होंने गोलीबारी की।

अमित शाह ने सोमवार को संसद में इस घटना को गलत पहचान का मामला बताया था। भारत सरकार नगालैंड की घटना पर अत्यंत खेद प्रकट करती है मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। नगालैंड में शनिवार को हुई गोलीबारी में 14 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। सेना के जवानों ने शनिवार शाम को एक पिकअप वैन में घर लौट रहे कोयला खदान कर्मियों को कथित तौर पर प्रतिबंधित संगठन एनएससीएन के के युंग आंग गुट से संबंधित उग्रवादी समझ लिया था।

## क्विक न्यूज

### हेमा मालिनी ने पशु क्रूरता विरोधी कानून में संशोधन की मांग लोकसभा में उठाई

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने पशुओं के खिलाफ क्रूरता को रोकने के लिए सख्त कानूनी प्रावधान की मांग करते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 में जरूरी संशोधन किए जाएं। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। उत्तर प्रदेश के मथुरा से लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी ने पशुओं के खिलाफ क्रूरता के कुछ चर्चित हालिया मामलो का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पशुओं के खिलाफ क्रूरता के कई मामले सामने आए है। 1960 का पशु क्रूरता विरोधी कानून बहुत पुराना है। इसमें ज्यादा संशोधन नही हुआ। उनके मुताबिक, सरकार को बहुत सारे सुझाव मिले कि पशुओं के खिलाफ क्रूरता के मामले में मौजूदा जुर्माने को बढ़ाया जाए तथा जरूरी संशोधन किया जाए। शून्यकाल में ही भाजपा के संजय सेठ ने कहा कि भारत को इंडिया नही कहा जाना चाहिए क्योंकि यह देश की गौरवशाली संस्कृति का अपमान है। उन्होंने कहा, जब इस देश का नाम आदिकाल से भारत रहा तो फिर इंडिया क्यो कहा जाए। अंग्रेजों ने सिंधु को हिंदू कहा। इस तरह से भारत का नाम हिंदुस्तान पड़ गया। फिर अंग्रेजों को हिंदुस्तान कहने में दिक्कत हुई तो उन्होंने इसे इंडिया कहना शुरू कर दिया। इंडिया कहना भारत की गौरवशाली संस्कृति का अपमान है। भारत का नाम भारत हो। इंडिया नही कहा जाए।

### पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा आईडीईए के सलाहकार बोर्ड में शामिल हुए

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल एसिस्टेंस (आईडीईए) के सलाहकार बोर्ड में शामिल हो गए है। यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जो स्टॉकहोम में स्थित है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि अरोड़ा को आईडीईए के सलाहकार बोर्ड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। उसमें कहा गया है, अरोड़ा अंतरराष्ट्रीय संस्थान के कामकाज में योगदान देने के लिए समृद्ध नेतृत्व अनुभव, ज्ञान व कौशल लेकर आएं है। 15 सदस्य सलाहकार बोर्ड संस्थान की सहायता करता है। सलाहकार अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित शख्सियतें या विशेषज्ञ होते है। अंतरराष्ट्रीय संस्थान का लक्ष्य दुनिया भर में स्थाई लोकतंत्र का समर्थन करना है। इसमें फिलहाल 34 सदस्य देश है, जिनमें सभी महाद्वीपो के बड़े और छोटे, पुराने और नए लोकतंत्र शामिल हैं। भारत इसके संस्थापक सदस्यों में से एक है। अरोड़ा भारत के 23वे मुख्य निर्वाचन आयुक्त थे, जो दो दिसंबर 2018 से इस साल 12 अप्रैल तक पद पर थे। वह सितंबर 2017 में निर्वाचन आयुक्त के तौर पर आयोग से जुड़े थे। आयोग ने कहा कि वह चुनावी प्रबंधन निकायों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान के जरिए दुनिया भर में लोकतंत्र को मजबूत और गहरा करने में विश्वास रखता है।

### सरकार नोटरी अधिनियम में संशोधन करेगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने नोटरी अधिनियम को संशोधित करने का प्रस्ताव रखा है, ताकि अधिक से अधिक युवा वकीलो को इस क्षेत्र मे प्रवेश मिल सके और किसी व्यक्ति को एक निश्चित अवधि तक ही इस कार्य में रहने दिया जाए। विधि मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रस्तावित संशोधन विधेयक में सम्बद्ध सरकार द्वारा पेशागत कदाचार के मामलो में नोटरी प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को निलंबित करने की शक्ति का विस्तार करने का भी प्रयास किया गया है। प्रस्तावित संशोधन विधेयक नोटरी द्वारा किए जा रहे संबंधित कार्यों के डिजिटीकरण से संबंधित भी है। फिलहाल नोटरी के तौर पर शुरुआती नियुक्ति के बाद प्रैक्टिस के प्रमाणपत्र के नवीनीकरण के लिए कोई सीमा निर्धारित नही की गई है। मंत्रालय ने कहा, (प्रस्तावित संशोधन विधेयक में) नोटरी की सेवा की अधिकतम अवधि 15 वर्ष निर्धारित करने का प्रस्ताव है, जिसमें पांच साल के शुरुआती कार्यकाल के बाद पांच-पांच साल के ही दो नवीकरण विस्तार शामिल होंगे। मंत्रालय ने कहा है कि मसौदा विधेयक की प्रति विधाई-पूर्व परामर्श के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी है। जिस पर 15 दिसम्बर तक टिप्पणी या अपने विचार प्रस्तुत किए जा सकते है।

### महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव कुंटे ईडी के सामने पेश हुए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव सीताराम कुंटे मंगलवार को राज्य के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ दर्ज धन शोधन के एक मामले मे बयान दर्ज कराने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के मुख्य सलाहकार कुंटे पूर्वाह्न करीब 11 बजे दक्षिण मुंबई के बलार्ड एस्टेट में एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। सूत्रों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने कुंटे को पहले भी तलब किया था लेकिन व्यस्त होने की वजह से वह पेश होने में विफल रहे थे। निदेशालय ने वरिष्ठ राकांपा नेता देशमुख को करोड़ो रुपए के धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। निलंबित मुंबई पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह का बयान महाराष्ट्र पुलिस प्रतिष्ठान में कथित अनियमितताओं मे करोड़ो रुपए के धन शोधन मामले की जांच के संबंध में दर्ज किया था।



नई दिल्ली में कांग्रेस केरल के सांसदों ने शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन के बाहर मुल्लापेरियार बांध मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए

# सीटों पर किसे समर्थन देना है इस पर स्थानीय नेता फैसला लेंगेः कुमारस्वामी

**बेंगलूरू।** आगामी विधान परिषद चुनावों के लिए सत्तारूढ़ भाजपा के साथ संभावित गठबंधन की चर्चा के बीच जनता दल (सेक्यूलर) नेता कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि स्थानीय नेताओं को यह फैसला लेने का अधिकार दिया गया है कि वे 2023 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए उन सीटों पर किसे समर्थन दें, जहां पार्टी चुनाव नहीं लड़ रही है।

किसी भी गठबंधन की संभावना को खारिज करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि जद(एस) विधान परिषद की उन सभी छह सीटों पर चुनाव जीतेगी, जिन पर वह लड़ रही है। 25 सीटों के लिए 20 स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्रों से कर्नाटक विधान परिषद का यह द्विवार्षिक चुनाव मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल खत्म होने के कारण हो रहा है। चुनाव 10 दिसंबर को होगा। कुमारस्वामी ने कहा, मैंने अपने स्थानीय नेताओं के साथ दो-तीन चरणों में चर्चा की है और उन सीटों के संबंध में उनकी राय ली है जहां हमने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं ङ्कमैंने हमारे सभी स्थानीय जिला नेताओं को 2023 विधानसभा चुनावों में पार्टी के आयामों को ध्यान में रखते हुए इन सीटों पर अन्य पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करने के संबंध में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि अभी या भविष्य में किसी भी गठबंधन का सवाल नहीं है और जद(एस) 123 सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ 2023 विधानसभा चुनावों के दौरान सभी 224 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। किसी भी गठबंधन या किसी भी आंतरिक या बाहरी समझ का कोई सवाल या गुंजाइश नहीं है...हमारा लक्ष्य 2023 चुनाव है। परिषद चुनावों के दौरान जो भी फैसले लिए जाने हैं, वे विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी को मजबूत करने की मंशा से लिए जाने हैं, हमने अपने स्थानीय नेताओं पर फैसला छोड़ दिया है।

## टीएमसी नेता का सरकारी दफ्तर मे हाथ मे बंदूक के साथ पोज देने की कथित तस्वीर वायरल

**इंग्लिश बाज़ार (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक सरकारी कार्यालय में टीएमसी की एक नेता की बंदूक के साथ पोज देने की एक कथित तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे मंगलवार को राजनीतिक विवाद पैदा हो गया। ओल्ड मालदा पंचायत समिति की अध्यक्ष मृणालिनी मंडल मैती कथित फोटो में एक आधिकारिक कुर्सी पर बैठी हैं और उनके एक हाथ में बंदूक है। मैती टीएमसी महिला इकाई की जिला इकाई की अध्यक्ष भी हैं। टीएमसी पर निशाना साधते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष गोबिंद चंद्र मंडल ने आरोप लगाया, अगर उनकी तलाशी ली जाए तो पुलिस को बम और राइफल भी मिलेगी। यह टीएमसी की संस्कृति है। पुलिस नौकरी जाने के डर से कुछ नहीं कर रही है। टीएमसी ने कहा कि पुलिस मामले को देखेगी। टीएमसी के राज्य महासचिव कृष्णेंदु नारायण चौधरी ने कहा, आधिकारिक कुर्सी पर बैठकर कोई पिस्तौल से नहीं खेल सकता।

# पंजाब के सीएम के निर्वाचन क्षेत्र में चल रहा रेत खनन, जांच की जाएः केजरीवाल

**चंडीगढ़।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के निर्वाचन क्षेत्र में अवैध रेत खनन हो रहा है और राज्य में 20,000 करोड़ रुपए की रेत की चोरी हो रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने चन्नी के गृह क्षेत्र में कथित अवैध रेत खनन की स्वतंत्र जांच और प्राथमिकी दर्ज करने की भी मांग की।

पंजाब में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले केजरीवाल एक दिवसीय दौरे पर अमृतसर में हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अमृतसर हवाई अड्डा के बाहर कहा, यदि मुख्यमंत्री के अपने निर्वाचन क्षेत्र में अवैध खनन चल रहा है तो यह सोचना मुश्किल है कि उन्हें (चन्नी को) इसकी जानकारी नहीं है।

केजरीवाल का आरोप उनकी पार्टी के नेता राघव चड्ढा द्वारा चमकौर साहिब के जिंदापुर गांव का औचक दौरा करने के कुछ दिनों बाद आया है। चड्ढा ने आरोप लगाया था कि चन्नी के गृह क्षेत्र में अवैध रेत खनन गतिविधि चल रही है। चन्नी ने रविवार को चड्ढा के दावों का खंडन किया था।

केजरीवाल ने जानना चाहा कि चन्नी के निर्वाचन क्षेत्र में कथित अवैध रेत खनन को संरक्षण कौन दे रहा है। उन्होंने कहा, ँपंजाब के लोग जानना चाहते हैं कि क्या चन्नी मालिक हैं या उनके निर्वाचन क्षेत्र में अवैध रेत खनन में उनकी भागीदारी है या वह इसे संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने अमृतसर में संवाददाताओं से कहा, सच क्या है और यह सामने आना चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कुछ दिन पहले कहा था कि कई विधायक और मंत्री हैं जो या तो अवैध रेत खनन को संरक्षण देते हैं या इसमें शामिल हैं। आप नेता ने यह भी आरोप लगाया कि पंजाब में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है।

# नेकां ने जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर प्रस्ताव पारित किया

**भाषा।** जम्मू

**नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां)** ने पार्टी अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला की अध्यक्षता में यहां मंगलवार को हुई बैठक में जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा, संविधान के अनुच्छेद 370 और 35-ए को बहाल करने की मांग समेत कुल सात प्रस्ताव पारित किए। बैठक में, दरबार स्थानांतरण प्रथा बहाल करने, पर्यटन उद्योग के लिए विशेष पैकेज, युवाओं के लिए रोजगार, जम्मू-कश्मीर में मंडल आयोग की अनुशंसाएं लागू करने, फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और आवश्यक उत्पादों की कीमतें कम करने जैसी मांग भी की गईं।

नेकां का केंद्रीय जोन जिसमें जम्मू, सांबा और कठुआ जिले आते हैं, उसका एक दिवसीय सम्मेलन यहां शेर-ए-कश्मीर भवन में हुआ, जिसमें ए प्रस्ताव पारित किए गए। पार्टी ने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने से यहां का सामाजिक ताना-बाना गड़बड़ा गया, अखंडता और मिश्रित संस्कृति भी प्रभावित हुई। पार्टी ने कहा, पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर में तीन क्षेत्रों में अलग भाषाएं और संस्कृति हैं, जिन्हें तीनों क्षेत्रों के लोग समानता और शांतिपूर्वक साझा करते हुए उनका आनंद उठाते थे।

नेकां ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान के अनुच्छेद 370 और 35-ए को बहाल करने संबंधी प्रस्ताव यहां के लोगों के व्यापक हित में है। इसका उद्देश्य एकता, अखंडता, शांति, प्रगति और लोगों के बीच सांप्रदायिक सौहार्द कायम करना है। प्रस्ताव में कहा गया, नौकरियां और जम्मू-कश्मीर के लोगों की भूमि को जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए ही सुरक्षित रखना आवश्यक है। यह पांच अगस्त 2019 से पहले की स्थिति को बहाल करने के जरिए ही संभव है।

पिछले वर्ष उप राज्यपाल के तहत प्रशासन द्वारा खत्म कर दी गई दरबार स्थानांतरण प्रथा को बहाल करने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किया गया। 149 वर्ष पुरानी इस परंपरा के तहत सरकार छह महीने श्रीनगर से और छह महीने जम्मू से संचालित होती थी। एक अन्य प्रस्ताव में पर्यटन क्षेत्र के लिए विशेष पैकेज की मांग की गई। पार्टी ने वादा किया कि सत्ता में आने पर वह पर्यटन उद्योग की शिकायतों का निवारण करेगी। एमएसपी की कानूनी गारंटी देने संबंधी प्रस्ताव में कहा गया कि किसान समुदाय एमएसपी पर कानून पारित कराने के लिए संघर्ष कर रहा है, ऐसे में नेशनल कॉन्फ्रेंस उनका समर्थन करती है।



मोन जिले में आर्मी सेना द्वारा मारे गए 13 लोगों के शव दफनाए गए।

# वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ सेंसेक्स 887 अंक उछला

भाषा। मुंबई

**शेयर बाजारों** में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 887 अंक का उछाल आया। कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर चिंता कम होने के बीच वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के साथ घरेलू बाजार में तेजी लौटी। विशेषज्ञों के अनुसार, ओमीक्रोन को लेकर एक अध्ययन के सामने आने के बाद वैश्विक शेयर बाजारों को कुछ राहत मिली है। अध्ययन में कहा गया है कि हालांकि यह तेजी से फैल रहा है, लेकिन इसका असर डेल्टा स्वरूप के मुकाबले हल्का है।







धातु तथा बैंक शेयरों में लिवाली के साथ डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में सुधार से भी धारणा को बल मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 886.51 अंक यानी 1.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,633.65 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार एनएसई निफ्टी 264.45 अंक यानी 1.56 प्रतिशत उछलकर 17,176.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 3.63 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में टाटा स्टील रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, सिर्फ एशियन पेंट्स में 0.22 प्रतिशत की गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, चौतरफा लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी आई। हालांकि, स्वास्थ्य से जुड़े शेयरों में गिरावट रही। वैश्विक बाजारों में ओमीक्रोन को लेकर अध्ययन से समर्थन मिला। इसमें कहा गया है कि कोरोना वायरस का यह स्वरूप घातक नहीं है। इसके अलावा चीन के केंद्रीय बैंक द्वारा नीतिगत उपायों के जरिए नकदी बढ़ाए जाने के उपायों से चीनी बाजार में तेजी रही। उन्होंने कहा, घरेलू बाजार में बैंक तथा वित्तीय शेयरों में तेजी रही। इसका कारण मौद्रिक नीति समिति की बुधवार को पेश की जाने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा है। ऐसी संभावना है कि आरबीआई अल्पकालीन अनिश्चितताओं को देखते हुए नीतिगत दर को यथावत रखेगा। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, निवेशकों की लिवाली से वैश्विक बाजारों में तेजी का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। बैंक तथा धातु शेयरों में तेजी के साथ बाजार में लाभ रहा। हाल के सत्रों में इन दोनों खंडों में काफी गिरावट आई है। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार के दौरान तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.26 प्रतिशत बढ़कर 74.73 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मामूली चार पैसे की बढ़त के साथ 74.73 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल बने रहें।

### शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 3.45 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मंगलवार को आई तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 3,45,719.55 करोड़ रुपए बढ़ी। इससे पहले, दो कारोबारी सत्रों में बाजार में गिरावट रही थी। बीएसई सेंसेक्स 886.51 अंक यानी 1.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,633.65 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को सेंसेक्स कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन की चिंता में 949.32 अंक यानी 1.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,747.14 अंक पर बंद हुआ।

## रिलायंस कैपिटल के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करेगा एनसीएलटी, मामले को स्वीकार किया

भाषा। नई दिल्ली

**रिलायंस कैपिटल** ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने कॉरपोरेट दिवाला प्रक्रिया के लिए उसके मामले को स्वीकार कर लिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, एनसीएलटी, मुंबई के छह दिसंबर, 2021 के आदेश के अनुसार रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू की गई है। उसने कहा कि छह दिसंबर के आदेश के अनुसार नागेश्वर राव वाई को कंपनी का प्रशासक नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि एनसीएलटी ने सोमवार को रिलायंस कैपिटल के खिलाफ दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के आवेदन को स्वीकार कर लिया। केंद्रीय बैंक ने पिछले सप्ताह कंपनी के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने के लिए आवेदन किया था। शीर्ष बैंक ने कर्ज लौटाने में चूक और संचालन के मुद्दों का हवाला देते हुए रिलायंस कैपिटल के निदेशक मंडल को भंग कर दिया था। कंपनी के प्रवर्तकों ने एक बयान में कहा कि वे तेजी से समाधान के लिए धारा 227 के तहत कंपनी को एनसीएलटी में भेजने के रिजर्व बैंक के आवेदन का समर्थन करते हैं। रिलायंस कैपिटल पर ऋणदाताओं का 19,805 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। इसमें से अधिकतर राशि न्यासी विस्तारा आईटीसीएल इंडिया के तहत बांड से जुड़ी है।

## जनवरी-सितंबर में चाय निर्यात 10 प्रतिशत घटकर 13.7 करोड़ किलोग्राम पर

भाषा। कोलकाता

**वर्ष 2021** की जनवरी-सितंबर की अवधि के दौरान भारत से चाय निर्यात लगभग 10 प्रतिशत घटकर 13.7 करोड़ किलोग्राम रह गया। हालांकि, इस दौरान विदेशी बाजारों में भारतीय चाय के लिए उंची कीमत हासिल हुई। चाय बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने एक साल पहले इसी अवधि में 15.3 करोड़ किलोग्राम चाय का निर्यात किया था।उद्योग जगत के सूत्रों ने कहा कि निर्यात की मात्रा में गिरावट मुख्य रूप से कार्गो कंटेनरों की अनुपलब्धता के कारण हुई। वर्ष 2021 के पहले नौ महीनों के दौरान निर्यात का कुल मूल्य 3,764.69 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 3,637.13 करोड़ रुपए था।

सूत्रों ने कहा कि निर्यात में गिरावट के बावजूद उंची कीमत की वजह से प्राप्ति अधिक रही है। रूस, यूक्रेन और कजाकिस्तान सहित सीआईएस देशों ने मौजूदा कैलेंडर वर्ष की जनवरी-सितंबर अवधि के दौरान तीन करोड़ 18.7 लाख किलोग्राम भारतीय चाय का आयात किया, जो कि वर्ष 2020 के इन्हीं महीनों में तीन करोड़ 83.7 लाख किलोग्राम के आयात से कम है। समीक्षाधीन अवधि में ईरान को निर्यात भी दो करोड़ 63.9 लाख किलोग्राम से घटकर एक करोड़ 82.6 लाख किलोग्राम रह गया। पड़ोसी देश, चीन ने वर्ष 2021 के पहले नौ महीनों में 44.7 लाख किलोग्राम भारतीय चाय का उठान किया जो पिछले साल की समान अवधि में 76.3 लाख किलोग्राम था। संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और जर्मनी ने क्रमश: एक करोड़ 3.4 लाख किग्रा, एक करोड़ 8.3 लाख किग्रा और 67 लाख किग्रा का आयात किया। इन देशों ने वर्ष 2020 की तुलना में इस साल जनवरी-सितंबर की अवधि के दौरान भारत से अधिक चाय खरीदी।

## कोकिंग कोयले की कीमत को आयातित कोयले से जोड़ने पर विचार कर रही है सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि कोकिंग कोयले की आपूर्ति बढ़ाने और इसे सस्ती दर पर उपलब्ध कराने के लिए घरेलू कोकिंग कोयले की कीमत को आयातित सूखे ईंधन से जोड़ने जैसे उपायों पर विचार किया जा रहा है। यह घटनाक्रम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि एक अंतर मंत्रालई समिति ने गुणवत्ता मानकों को ध्यान में रखते हुए घरेलू कोकिंग कोयले के लिए एक आयात आधारित मूल्य निर्धारण तंत्र तैयार करने का सुझाव दिया है।

कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा, देश में कोकिंग कोयला की आपूर्ति बढ़ाने और इसकी कीमतों में कमी के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ राख के प्रतिशत को कम करने और कोकिंग कोयले की कीमत को आयातित कोयले से जोड़ने के उपायों पर विचार किया जा रहा है। अतिरिक्त कोयला सचिव की अध्यक्षता वाली समिति ने कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और निजी क्षेत्र द्वारा उत्पादन के लिए अतिरिक्त कोकिंग कोयला ब्लॉकों की पहचान और सीबीएम कोकिंग कोयला ब्लॉकों की नीलामी का भी सुझाव दिया है। मंत्रालय ने कहा कि देश में कोकिंग कोयले के उत्पादन को बढ़ाने की रणनीति बनाने के लिए उद्योग हितधारकों समेत अंतर मंत्रालई समिति ने अपने सुझाव भेज दिए हैं। इसी के आधार पर कोयला मंत्रालय ने घरेलू कोकिंग कोयले के उत्पादन और उपयोग को बढ़ाने को लेकर रूपरेखा तैयार करने के लिए मिशन कोकिंग कोयला की शुरुआत की है।

## जे-के प्रशासन ने राजकोषीय अनुशासन के लिए मितव्ययिता उपायों की घोषणा की

भाषा। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** प्रशासन ने राजकोषीय अनुशासन को प्रोत्साहन के लिए मितव्ययिता उपायों की घोषणा की है। प्रशासन ने कहा है कि संघ शासित प्रदेश परिचालन दक्षता को प्रभावित किए बिना खर्च की रफ्तार को संतुलित रखना चाहता है।

वित्त विभाग में वित्तीय आयुक्त (अतिरिक्त मुख्य सचिव) अटल दुल्लो ने सरकारी विभागों और सरकार द्वारा वित्तपोषित स्वायत्त निकायों को तीन पृष्ठ का पत्र लिखा है। पत्र में प्रशासनिक सचिवों से कहा गया है कि वे इन उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करें। आदेश में कहा गया है, चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के दौरान व्यय बजट आवंटन के 30 प्रतिशत तक सीमित रहना चाहिए। वहीं मार्च में व्यय बजट अनुमान के 15 प्रतिशत तक सीमित रहना चाहिए। दुल्लो ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के अंतिम महीने में सिर्फ उन वस्तुओं और सेवाओं के लिए भुगतान किया जाए, जिनकी खरीद की गई है।

## शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक ने डिजिटल सोने के बदले कर्ज देने को इंडिया गोल्ड के साथ हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएसएफबी) ने मंगलवार को डिजिटल सोने के बदले कर्ज सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी इंडिया गोल्ड के साथ भागीदारी की घोषणा की। एसएसएफबी ने एक बयान में कहा कि इस सहयोग के माध्यम से ग्राहक 60,000 रुपए तक के तत्काल और डिजिटल ऋण के लिए अपने डिजिटल तरीके से रखे सोने का उपयोग कर सकेंगे। ऋण चुकाने पर ग्राहकों के पास नया कर्ज लेने या फिर अपना सोना घर पर प्राप्त करने का विकल्प होगा। बयान के अनुसार, ग्राहक स्वर्ण ऋण शुरुआती मासिक एक प्रतिशत ब्याज पर ले सकेंगे। ग्राहकों को अपनी स्वर्ण संपत्ति के एवज में कर्ज लेने को लेकर शाखाओं के चक्कर नहीं लगाने होंगे। साथ ही उन्हें कम कागजी दस्तावेजों के साथ तुरंत कर्ज मिलेगा और कोई प्रसंस्करण शुल्क नहीं देना होगा।

## भारत ने चालू विपणन वर्ष में अब तक 9.39 लाख टन चीनी का निर्यात किया : एआईएसटीए

**नई दिल्ली।** चीनी मिलों ने एक अक्टूबर से शुरू हुए विपणन वर्ष 2021-22 के दौरान दिसंबर के पहले सप्ताह तक 9.39 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। व्यापार निकाय एआईएसटीए ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक कीमतों में नरमी के रुख को देखते हुए और स्टॉक बेचने की कोई जल्दीबाजी नहीं है। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने एक बयान में कहा कि लगभग 4.68 लाख टन चीनी निर्यात के रास्ते में है। इसमें कहा गया है कि चीनी मिलों ने विपणन वर्ष 2021-22 में अब तक बिना सरकारी सब्सिडी के 33 लाख टन चीनी निर्यात करने का अनुबंध किया है।

चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। इस साल चीनी का निर्यात बिना सरकारी सब्सिडी के किया जा रहा है। एआईएसटीए के अनुसार, चीनी मिलों ने एक अक्टूबर से छह दिसंबर, 2021 तक कुल 9,39,435 टन चीनी का निर्यात किया है। एआईएसटीए ने कहा, भारतीय चीनी मिलें, चीनी बेचने की जल्दी में नहीं हैं क्योंकि पिछली बिक्री का क्रियान्वयन अभी बाकी है। साथ ही उन्हें मौजूदा वैश्विक कीमतें आकर्षक नहीं लग रही हैं। एआईएसटीए ने कहा है कि सबसे अधिक निर्यात सौदे महाराष्ट्र में चीनी मिलों द्वारा किए गए हैं। यहां मिलों को भारी लॉजिस्टिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जैसे कि, रेलवे और सड़क दोनों मार्गों से परिवहन की गंभीर समस्याएं हैं। विपणन वर्ष 2020-21 के दौरान देश ने रिकॉर्ड 72.3 लाख टन चीनी का निर्यात किया था। अधिकतम निर्यात सरकारी सब्सिडी की मदद से किया गया था।

## आईओसी के चेयरमैन वैद्य वर्ल्ड एलपीजी एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए

**नई दिल्ली (भाषा)।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चेयरमैन एस एम वैद्य को वर्ल्ड एलपीजी एसोसिएशन (डब्ल्यूएलपीजीए) का अध्यक्ष चुना गया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पेरिस मुख्यालय वाला डब्ल्यूएलपीजीए वैश्विक एलपीजी नेटवर्क का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें 125 से अधिक देशों में परिचालन कर रहे 300 सदस्य हैं। यह संघ मुख्य रूप से एलपीजी के लिए प्रीमियम मांग के जरिए मूल्यवर्द्धन का काम करता है। साथ ही यह मजबूत और सुरक्षित कारोबारी माहौल को भी बढ़ावा देता है। कंपनी ने बयान में कहा, डब्ल्यूएलपीजीए की आमसभा ने दुबई में चल रहे विश्व एलपीजी मंच, 2021 में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर एस एम वैद्य को अपना अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला किया। डब्ल्यूएलपीजी के बोर्ड में अध्यक्ष, प्रथम उपाध्यक्ष, खजांची, तीन उपाध्यक्ष और पांच तक बोर्ड सदस्य होते हैं।

## सरकार ने एनएचपीसी के निदेशक-कार्मिक को कार्यकाल पूरा होने से दो महीने पहले सेवामुक्त किया

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने बिजली मंत्रालय के अधीन आने वाली कंपनी एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) निखिल कुमार जैन को प्रदर्शन के आधार पर अपना कार्यकाल पूरा होने से दो महीने पहले ही सेवामुक्त कर दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बिजली मंत्रालय ने दो दिसंबर, 2021 को जैन के कार्यकाल को कम करने के अपने फैसले के बारे में एनएचपीसी को सूचित किया था।

मंत्रालय के निर्देश के बाद जैन को तत्काल प्रभाव से पद से मुक्त कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा, जैन का कार्यकाल फरवरी, 2022 में पूरा होना था। मंत्रालय से कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद भी उन्होंने अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं किया। संगठन के विकास में योगदान नहीं देकर वह कंपनी की प्रगति में बाधा बन रहे रहे थे। जैन को इस पद पर सात फरवरी, 2017 को पांच साल के लिए नियुक्त किया गया था। एनएचपीसी में आने से पहले वह 2012 से एयर इंडिया लिमिटेड में निदेशक (कार्मिक) थे।

एक सरकारी सूत्र ने कहा कि जैन के खिलाफ इस तरह का कदम उन अधिकारियों के लिए उदाहरण रहेगा, जो बेहतर प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। जैन ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान(आईआईटी)-रुड़की से औद्योगिक इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की थी। उन्होंने 2010 में दिल्ली विश्वविद्यालय से वकालत की पढ़ाई पूरी की थी। इस बारे में संपर्क करने पर जैन ने कुछ भी कहने से इनकार किया।

## क्विक न्यूज

### पांच साल में सरकारी रिकॉर्ड से 3.96 लाख कंपनियों को हटाया गया

**नई दिल्ली।** कंपनी कानून के तहत उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद पिछले पांच वित्त वर्षों में 3.96 लाख से अधिक कंपनियों को सरकारी रिकॉर्ड से हटा दिया गया। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। कंपनी अधिनियम, 2013 को लागू करने वाले कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने पिछले वित्त वर्ष में सरकारी रिकॉर्ड से 12,892 कंपनियों को हटाया, जबकि 2019-20 में यह संख्या 2,933 थी। कॉरपोरेट मामलों के राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह द्वारा मंगलवार को एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को उपलब्ध कराए गए आंकड़े बताते हैं कि पिछले पांच वित्त वर्षों में कुल 3,96,585 कंपनियों को कंपनी पंजीयक से हटाया गया है। वर्ष 2016-17 में कुल 7,943 कंपनियों को रजिस्टर से हटाया गया, जबकि वर्ष 2017-18 में यह संख्या 2,34,371 और वर्ष 2018-19 में।,38,446 थी।यह पूछे जाने पर कि क्या अनुपालन में कमी के कारण कई कंपनियों को बंद कर दिया गया, मंत्री ने हां में जवाब दिया।

### मेट्रो का आईपीओ 10 को खुलेगा

**मुंबई।** मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड 10 दिसंबर को अपने आईपीओ की बोली ऑफर खोलेगा । ऑफर का प्राइस बैंड 5 रु के फेस वैल्यू पर 485 रु से 500 रु प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 30 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 30 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। ऑफर में कुल 295 करोड़ के इक्विटी शेयर्स का फ्रेश इश्यू और विक्रेता शेयरधारकों के 21,450,100 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है।ऑफ फॉर सेल में प्रवर्तक विक्रेता शेयरधारकों के 13,015,000 इक्विटी शेयर, प्रवर्तक समूह विक्रेता शेयरधारकों के 8,427,000 इक्विटी शेयर और अन्य विक्रेता शेयरधारकों के 8,100 इक्विटी शेयर शामिल हैं। ऑफर फॉर सेल कंपनी ने बीआरएलएमएस के परामर्श से 73,136 इक्विटी शेयरों को नकद रूप से कुल 3.29 करोड़ रु् में प्राइवेट प्लेसमेंट का विचार किया है।

### मेडप्लस हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 13 दिसंबर को

**मुंबई।** मेडप्लस हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड ने 13 दिसंबर 2021 को अपना आईपीओ खोलने की योजना बनाई है। ऑफर का प्राइस बैंड 2 रु अंकित मूल्य पर 780 से 796 रुप्रति इक्विटी शेयर के बीच तय किया गया है। बोलियाँ न्यूनतम 18 इक्विटी शेयर्स और उसके बाद 18 इक्विटी शेयर्स के गुणनों में लगायी जा सकती है। ऑफर में मेडप्लस हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड के 2 रु अंकित मूल्य के कुल 13,982.95 मिलियन रु के इक्विटी शेयर्स ऑफर शामिल हैं जिसमें कुल 6,000 मिलियन रु तक का फ्रेश इश्यू इश्यूष्द्व और कुल 7,982.95 मिलियन रुण् तक का ऑफर फॉर सेल ऑफर फॉर सेल शामिल है।

### सेबी ने विलय एवं अधिग्रहण को सुगम बनाने को सूचीबद्धता समाप्त करने संबंधी नियमों में संशोधन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए विलय और अधिग्रहण सौदों को सुगम बनाने के प्रयासों के तहत खुली पेशकश के बाद कंपनी के इक्विटी शेयरों को गैर-सूचीबद्ध (शेयर बाजारों से हटाने) करने से संबंधित नियमों में संशोधन किया है। सेबी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, नई रूपरेखा के तहत प्रवर्तकों या अधिग्रहण करने वाली कंपनियों को प्रारंभिक सार्वजनिक घोषणा के जरिए कंपनी के शेयरों को एक्सचेंजों से हटाने की अपनी मंशा का खुलासा करना होगा। यदि अधिग्रहण करने वाली कंपनी लक्षित फर्म को गैर-सूचीबद्ध करना चाहती है, तो उसे खुली पेशकश के मूल्य से अधिक कीमत पर शेयरों को हटाने की घोषणा करनी होगी। सेबी ने कहा, यदि खुली पेशकश अप्रत्यक्ष तरीके से अधिग्रहण के लिए है, तो अधिग्रहण करने वाली कंपनी को खुली पेशकश के मूल्य और सांकेतिक कीमत का खुलासा विस्तृत सार्वजनिक बयान के दौरान और पेशकश पत्र में करना होगा।

### आईओसी ने रूस के रोसनेफ्ट से बीस लाख टन तेल खरीद सौदे को नवीनीकृत किया

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने रूस की पेट्रोलियम रिफाइनरी कंपनी रोसनेफ्ट से 20 लाख टन कच्चा तेल खरीदने के सौदे का नवीनीकरण किया है। आईओसी ने फरवरी 2020 में रोसनेफ्ट तेल कंपनी के साथ नोवोरोस्सिएस्क बंदरगाह के जरिए बीस लाख टन तेल आयात करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के तहत आईओसी ने हालांकि केवल 17 लाख टन कच्चे तेल की खरीद की, क्योंकि पार्सल या जहाज के जरिए लदान से तेल के परिवहन की लागत ने इसे अलाभकारी बना दिया था। इस समझौते के तहत, वर्ष 2022 के लिए नोवोरोसिस्क के काला सागर बंदरगाह से बीस लाख टन तक तेल की आपूर्ति की जाएगी।

### चीन का निर्यात नवंबर में 21.4 प्रतिशत बढ़ा

**बीजिंग।** चीन का निर्यात सालाना आधार पर नवंबर में 21.4 प्रतिशत बढ़कर 325 अरब डॉलर पर पहुंच गया लेकिन इस दौरान आर्थिक वृद्धि में गिरावट दर्ज की गई। चीन के सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार नवंबर में उसका निर्यात 21.4 प्रतिशत बढ़ गया। इसी वर्ष के अक्टूबर महीने के दौरान चीन के निर्यात में हालांकि 27.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वही पिछले महीने में चीन का आयात भी 31.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 253.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अक्टूबर में उसका आयात 20.6 प्रतिशत था। चीन के निर्यात को विदेशी मांग से ऐसे समय में बढ़ावा मिला है जब अन्य देशों को कोरोना वायरस महामारी के कारण कई तरह की दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा है।

### श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम आज

**मुंबई।** श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड कंपनी 8 दिसंबर को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में अपनी बोली प्रस्ताव खोलेगी। ऑफर का प्राइस बैंड 113 से 118 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 125 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 125 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। इस ऑफर में कुल मिलाकर 600 करोड़ रुपये तक के कुल इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे ऑफर । इसमें 250 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और 350 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल शामिल है। बिक्री की पेशकश में शामिल है। ओमेगा टीसी सेबर होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड द्वारा 90.95 करोड़ तक टाटा कैपिटल फइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड द्वारा 8.34 करोड़ रुपये तक, टीपीजी एशिया एसएफ पीटीई द्वारा 92.21 करोड़ रुपये तक डब्ल्यूएसआई डब्ल्यूएसक्यूआई मॉरीशस इन्वेस्टर्स लिमिटेड निवेशक बेचने वाले शेयर धारक द्वारा 133.50 करोड़ रुपये तक और अन्य बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 25 करोड़ रुपये तक।

### डीएसपी निफ्टी 50 ईटीएफ लॉन्च

**मुंबई।** डीएसपी इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने निफ्टी मिडकैप 150 क्वॉलिटी 50 इंडेक्स डीएसपी निफ्टी मिडकैप 150 क्वॉलिटी 50 ईटीएफके साथ-साथ डीएसपी निफ्टी 50 ईटीएफके आधार पर भारतीय म्युचुअल फंड उद्योग में पहला पैसिव प्रॉडक्ट लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नया गुणवत्ता केंद्रित मिड कैप ईटीएफनिवेशकों को उच्च मुनाफे की क्षमताए कम लेवरेज और तुलनात?मक रूप से स्थित आय के साथ मिड.कैप कंपनियों में निवेश करने का विकल?प देता है।

## पेज एक का शेष

### किसान आंदोलन...

पहले अपनी मांगों पर केंद्र और राज्य सरकारों के साथ बातचीत करने के लिए बलबीर सिंह राजेवाल, शिव कुमार कक्का, गुरनाम सिंह चढ़ूनी, युद्धवीर सिंह और अशोक धावले की पांच सदस्यीय समिति बनाई थी। एसकेएम ने तीन विवादित कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा के बाद 21 नवंबर को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर छह मांगें रखी थीं। ये मांगें हैं- सी2 प्लस 50 परशेंट फॉर्मूला पर आधारित सभी उत्पादों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी, विद्युत संशोधन विधेयक 2020/2021 के मसौदे को वापस लेना, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम 2021 में किसानों पर दंड प्रावधानों को हटाना, चल रहे आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज झूठे मामलों को वापस लेना, लखीमपुर खीरी कांड के सिलसिले में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी, कृषि आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों के परिवारों को मुआवजा और पुनर्वास, सिंघु बॉर्डर पर शहीद किसान स्मारक के लिए भूमि का आवंटन।

### योगी के...

स्थित आईसीएमआर के रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में एम्स की मांग बरसों से हो रही थी लेकिन 2017 से पहले जो सरकार चला रहे थे उन्होंने एम्स के लिए जमीन देने में हर तरह के बहाने किए। जब बात आर या पार की हो गई तब बहुत बेमन से मजबूरी में उस वक्त की सरकार ने एम्स के लिए जमीन आवंटित की थी। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत पुरबिया बोली से की और क्षेत्र के लोगों को इन विकास परियोजनाओं के लोकार्पण की बधाई दी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की वजह से गोरखपुर और बस्ती मंडलों के सात जिलों में दिमागी बुखार के मामले लगभग 90ञ तक कम हो चुके हैं। मोदी ने कहाकि पहले किसानों को खाद के लिए लाठी-गोली तक खानी पड़ती थी। इसलिए हमने अभियान के तहत गोरखपुर के इस फर्टिलाइजर प्लांट समेत देश के चार और बड़े खाद कारखाने खोलने के लिए चुने। आज उनमें से एक की शुरुआत हो गई है बाकी भी अगले वर्षों में शुरू हो जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहाकि कोविड-19 के चलते आपूर्ति श्रृंखला टूट गई, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद की कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ गई लेकिन किसानों के लिए समर्पित और संवेदनशील हमारी सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि दुनिया में फर्टिलाइजर के दाम भले बढ़े लेकिन वह बोझ हम किसानों पर नहीं जाने देंगे।

### क्रांति भूमि...

किसानों का स्मारक बनवाएगी। अखिलेश ने रैली में जमा भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा, इस समय का उत्साह बता रहा है कि वर्ष 2022 में बदलाव होगा। यहां के किसानों और युवाओं ने मिलकर भाजपा को भगाने का फैसला लिया कर लिया है। किसानों आंदोलन की पृष्ठभूमि में, गठबंधन को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद है। भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान इस क्षेत्र की 136 विधानसभा सीट में से 109 सीट जीती थीं। सपा प्रमुख ने कहा, उनका गठबंधन चाहता है कि किसानों को उनका हक मिले और एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर ठोस फैसला हो। लेकिन भाजपा किसानों के हक में फैसला नहीं करना चाहती है। अखिलेश ने दावा किया कि गठबंधन, किसानों को उनका हक दिलाएगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा के मंत्री और समर्थकों ने किसानों को गाड़ी से कुचल दिया है। मान छीना है, भाजपा को जाना होगा। सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा सरकार ने हवाई जहाज बेच दिए, एयरपोर्ट बेच दिए, रेलवे स्टेशन बेच दिए। हवाई चप्पल वाले को हवाई जहाज में बैठाने का क्या हुआ। आज मोटरसाइकिल चलाना भी मुश्किल हो गया है।

### दो दिन...

के समर्थन में छह दिसंबर से सभी (नियमित व आपातकालीन) सेवाओं से हटने का फैसला किया। प्रोग्रेसिव मेडिकोज एंड साइंटिस्ट्स फोरम ने एक बयान में कहा कि पीजी में दाखिले में देरी के कारण रेजिडेंट डॉक्टरों को अधिक काम करना पड़ा है। उसने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद पीजी के मौजूदा बैच के जो छात्र बच गए हैं, उन्हें न सिर्फ व्यक्तिगत हानि हुई है बल्कि दो साल की स्नातकोत्तर शिक्षा का भी नुकसान हुआ है जो एक रेजिडेंट डॉक्टर को दो-तीन साल के प्रशिक्षण के दौरान हासिल करनी होती है। पीएमएसएफ ने स्पष्ट कहा कि वह प्रदर्शन करने के लिए रेजिडेंट डॉक्टरों के खिलाफ किसी भी दंडात्मक कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेगा। फोरम प्रदर्शनकारी रेजिडेंट डॉक्टरों के साथ दृढ़ता से खड़ा है। एम्स आरडीए ने कहा कि नीट-पीजी काउंसिलिंग में देरी से भारतीय नागरिकों को लगभग 42,000 डॉक्टरों की सेवाओं से वंचित रखा जा रहा है जिन्हें कम से कम छह महीने पहले ही शामिल होना था। उसने कहा कि कई अस्पताल अपने रेजिडेंट डॉक्टरों की कुल क्षमता का केवल दो तिहाई के साथ ही काम कर रहे हैं और मरीजों की देखभाल की गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं। आरडीए ने शीर्ष अदालत और स्वास्थ्य मंत्रालय से जन और देश हित में नीट-पीजी 2021 काउंसिलिंग की प्रक्रिया को तेज करने का अनुरोध किया। कोविड-19 के नये स्वरूप ओमीक्रोन का पता लगने के परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में कर्मियों की कमी पर चिंता जताते हुए आईएमए ने सोमवार को कहा कि मेडिकल कॉलेजों में नीट पीजी प्रवेश स्थगित करना खतरनाक है। इस बीच स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने सोमवार को सफदरजंग अस्पताल का दौरा किया और रेजिडेंट डॉक्टरों से प्रदर्शन समाप्त करने की अपील की।

### नीलमणि फूकन...

लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किए जाने वाले मौउजो कोंकणी साहित्यिक परिदृश्य में चर्चित चेहरा हैं। 1944 में जन्में मौउजो ने करीब 50 साल के अपने लेखन करियर में छह कहानी संग्रह, चार उपन्यास, दो आत्मकथात्मक कृतियां और बाल साहित्य को कलमबद्ध किया है। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, गोवा कला अकादमी साहित्य पुरस्कार, कोंकणी भाषा मंडल साहित्य पुरस्कारों से नवाज़ा जा चुका है।

### सुधा भारद्वाज...

दाखिल करने के लिए 90 दिनों से अधिक की समय अवधि बढ़ाने के लिए पुणे के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सक्षम प्राधिकारी नहीं था, क्योंकि इसे एनआईए अधिनियम के प्रावधान के तहत विशेष अदालत के रूप में अधिसूचित नहीं किया गया था। मंगलवार को सुनवाई की शुरुआत में, एनआईए की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अमन लेखी ने कहा कि उच्च न्यायालय ने आरोपी को डिफ़ॉल्ट जमानत देकर कानून की गलत व्याख्या की है। आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत यदि जांच एजेंसी आरोपपत्र दायर नहीं करती है तो आरोपी स्वत: जमानत पाने का हकदार हो जाता है। उन्होंने कहा कि निचली अदालत ने 26 नवंबर, 2018 को समय बढ़ाने के लिए एनआईए की याचिकाओं को स्वीकार कर लिया था और उसी दिन आरोपी ने डिफ़ॉल्ट जमानत के लिए याचिका दायर की थी। इस पर पीठ ने कहा, तो सवाल यह है कि क्या अदालत सक्षम थी। अगर अदालत सक्षम नहीं थी, तो अवधि का विस्तार वैध नहीं था और महिला वैधानिक जमानत की हकदार थी। पीठ ने कहा, आपका मामला यह नहीं है कि महाराष्ट्र में विशेष अदालत नहीं है। महाराष्ट्र में विशेष अदालते हैं। इसलिए आपने यह याचिका अन्य अदालत के समक्ष क्यों लगाई? पीठ ने भारद्वाज का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील की दलीलें सुने बिना ही याचिका खारिज कर दी। मामले में गिरफ्तार किए गए 16 कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों में भारद्वाज पहली व्यक्ति हैं, जिन्हें डिफ़ॉल्ट जमानत दी गई है। कवि-कार्यकर्ता वरवर राव फिलहाल चिकित्सीय आधार पर मिली जमानत पर हैं।

### स्पाइस जेट...


सप्ताह के भीतर पचास लाख डॉलर के बराबर राशि जमा करने की शर्त पर तीन सप्ताह तक की राहत दी है। स्पाइसजेट ने कहा कि कंपनी इस आदेश की समीक्षा कर रही है और मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दी गई समयसीमा के भीतर उचित कदम उठाएगी। इससे पहले न्यायमूर्ति आर सुब्रमण्यम ने सोमवार को अपने आदेश में कहा था कि स्पाइसजेट मतुसूदन गोवर्धनदास एंड कंपनी बनाम मधु वूलन इंडस्ट्रीज (पी) लिमिटेड मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा सुझाए गए तीन परीक्षणों के मोर्चे पर संतुष्ट करने में पूरी तरह विफल रही है। क्रेडिट सुइस ने कंपनी कानून, 1956 के प्रावधानों के तहत भारतीय कंपनी के परिसमापन और आधिकारिक परिसमापक नियुक्त करने की अपील की थी।

# पुराना हिसाब चुकता करने उतरेगा इंग्लैंड

## एशेज सीरीज का पहला टेस्ट आज से, ऑस्ट्रेलिया ने भी कमर कसी

### ● अंग्रेजों को अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की कमी खलेगी

**भाषा**। ब्रिसबेन



**तेज** गेंदबाज पैट कमिन्स की अगुवाई में आस्ट्रेलिया बुधवार से यहां शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला में अपने नए क्रिकेट युग की शुरुआत करने उतरेगा तो इंग्लैंड की निगाह 11 साल पुराने प्रदर्शन को दोहराने पर होगी जब उसने आखिरी बार आस्ट्रेलियाई धरती पर श्रृंखला जीती थी। दोनों टीम के लिए ऐतिहासिक एशेज श्रृंखला की शुरुआत अनुकूल नहीं रही। इंग्लैंड की टीम नस्लीय टिप्पणियों के आरोपों के साए में यहां पहुंची है जबकि आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन को अपनी सहयोगी को अश्लील संदेश भेजने के कारण न सिर्फ अपना पद छोड़ना पड़ा बल्कि वह अनिश्चितकाल के लिए अवकाश पर चले गए। यही नहीं खराब मौसम के कारण दोनों टीम को पर्याप्त अभ्यास का मौका भी नहीं मिला।

अब दोनों टीम इन बातों को पीछे छोड़कर एशेज की दशकों पुरानी परंपरा और प्रतिद्वंद्विता में नए अध्याय जोड़ने के लिए मैदान पर उतरेंगी। आस्ट्रेलिया ने पेन के हटने के बाद कमिन्स को कप्तानी सौंपी है और यह 1956 के बाद पहला अवसर होगा जबकि कोई तेज गेंदबाज उसकी कमान संभालेगा।

पेन के अनिश्चितकाल के अवकाश पर चले जाने से विकेटकीपर एलेक्स कैरी को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला है। कैरी पर्याप्त अनुभवी हैं। उन्होंने 45 वनडे और 38 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और सीमित ओवरों में आस्ट्रेलिया की अगुवाई भी कर चुके हैं।

आस्ट्रेलिया के आक्रमण में हालांकि वे चारों गेंदबाज शामिल हैं जिन्होंने चार साल पहले टीम की 4-0 से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मिशेल स्टार्क को झाय रिचर्डसन पर प्राथमिकता मिलने से यह तय है कि वह जोश हेजलवुड के साथ नई गेंद संभालेंगे। कमिन्स और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन आस्ट्रेलियाई आक्रमण के अन्य प्रमुख स्तंभ है। कैमरन ग्रीन आलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। आस्ट्रेलिया ने अपना आखिरी टेस्ट मैच 11 महीने पहले खेला था और लियोन तब से 400 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल होने के लिए इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें केवल एक विकेट की जरूरत है।

आस्ट्रेलिया से अब तक शेन वार्न और ग्लेन मैकग्रा ही इस मुकाम पर पहुंचे हैं। आस्ट्रेलिया ने रविवार को ही अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी थी। उसने पारी का आगाज करने के लिए डेविड वार्नर के साथ मार्कस हैरिस को रखा है। वार्नर पिछले 23 महीनों में केवल दो टेस्ट मैच खेल पाए हैं लेकिन टी-20 विश्व कप की शानदार फॉर्म से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। मार्नस लाबुशेन और अनुभवी स्टीव स्मिथ मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे जिसमें ट्रैविस हेड उनका साथ देंगे। हेड को उस्मान ख्वाजा पर प्राथमिकता दी गई है। वह शैफील्ड शील्ड की अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया में आखिरी श्रृंखला 2010-11 में 3-1 से जीती थी। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड उस

श्रृंखला का भी हिस्सा थे और फिर से इंग्लैंड के आक्रमण की कमान इन दोनों के हाथों में होगी।

इंग्लैंड ने हालांकि छह सप्ताह के अंदर पांच टेस्ट मैचों के आयोजन को देखते हुए कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत एंडरसन को पहले टेस्ट मैच में विश्राम देने का फैसला किया है ताकि वह एडीलेड में होने वाले दूसरे दिन रात्रि टेस्ट के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। ऐसे में इंग्लैंड का आक्रमण ब्रॉड, मार्क वुड, क्रिस वोक्स और ओली रॉबिन्सन संभालेंगे। बेन स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड की टीम में संतुलन स्थापित हुआ है लेकिन उन्होंने लंबे समय से प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है।

इंग्लैंड को अगर श्रृंखला जीतनी है तो रोरी बर्न्स को शीर्ष क्रम में जबकि कप्तान रूट को मध्यक्रम में अहम भूमिका निभानी होगी। रूट अभी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं और अगर वह उसे बरकरार रखते हैं तो आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के लिए सरदर्द बन सकते हैं।

**टीमें**- आस्ट्रेलिया : डेविड वार्नर, मार्कस हैरिस, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिन्स (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

इंग्लैंड : रोरी बर्न्स, हसीब हमीद, जॉक क्राउली, डाविड मालन, जो रूट (कप्तान), बेन स्टोक्स, ओली पोप, जॉनी बेयरस्टॉ, जोस बटलर (विकेटकीपर), डॉम बेस, क्रिस वोक्स, ओली रॉबिन्सन, मार्क वुड, स्टुअर्ट ब्रॉड, जैक लीच में से।

## एल्गर होंगे कप्तान, ओलिवर की वापसी

### ● भारत दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम घोषित

**भाषा**। जोहानिसबर्ग



**दक्षिण** अफ्रीका ने 26 दिसंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को 21 सदस्यीय टीम घोषित की जिसमें तेज गेंदबाज सिसांडा मगाला और विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकेलटन के रूप में दो नए चेहरे शामिल हैं।

डीन एल्गर की अगुवाई वाली टीम में तेज गेंदबाज डुआने ओलिवर को भी जगह मिली है जिन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2019 में खेला था। अनुभवी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और एनरिक नोर्किया की टीम में वापसी हुई है। उन्हें नीदरलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए विश्राम दिया गया था।

ग्लेनटन स्टुरमैन और प्रेनलान सुब्राएन की भी टीम में वापसी हुई है। दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 का नया स्वरूप पाए जाने के बाद अब पहला टेस्ट मैच एक सप्ताह बाद 26 दिसंबर से शुरू होगा।

कोविड-19 का नया स्वरूप मिलने के कारण एक समय श्रृंखला पर ही खतरा मंडरा रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) दोनों ने कहा कि श्रृंखला कार्यक्रम में कुछ बदलावों के साथ खेली जाएगी। सीएसए की चयनसमिति के समन्वयक विक्टर एमपिटसैंग ने कहा कि सीएसए के लिए यह प्रारूप बेहद महत्वपूर्ण है तथा इसे प्रासंगिक बनाए रखना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि हम डीन एल्गर और उनके साथियों की मैदान पर वापसी का वास्तव में बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमने पिछली बार उन्हें वेस्टइंडीज पर दबदबा बनाते हुए देखा था और तब से काफी समय बीत गया है। एमपिटसैंग ने कहा कि हमें उस टीम पर भरोसा है जिसे हमने चुना है और हमने पिछले दो सत्रों में जिस प्रतिभा को तराशा है उसका पूरा समर्थन करते हैं।

तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। भारत दक्षिण अफ्रीका में अपनी पहली श्रृंखला जीतने की भी कोशिश करेगा। पहला टेस्ट मैच सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) से खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट तीन जनवरी से जोहानिसबर्ग और तीसरा मैच 11 जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। इसके बाद तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला होगी तथा मूल कार्यक्रम का हिस्सा रहे चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन बाद में किया जाएगा।

सीएसए ने सोमवार को संशोधित कार्यक्रम जारी किया था। **टीम**: डीन एल्गर (कप्तान), तेम्बा बावुमा (उप-कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), कैगिसो रबाडा, सारेल इरवी, बेउरन हेंड्रिक्स, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, एनरिक नोर्किया, कीगन पीटरसन, रासी वान डर डुसेन, काइल वेरेन, मार्को जेन्सन, ग्लेनटन स्टुरमैन, प्रेनेलान सुब्रायन, सिसांडा मगाला, रेयान रिकेलटन, डुआने ओलिवर।

## न्यूजीलैंड के लिए लंबी पारी खेलना चाहता हूं: ऐजाज पटेल

**भाषा**। मुंबई

**भारत** में जन्मे न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ऐजाज पटेल को यह नहीं पता है कि टेस्ट मैच की एक पारी में 10 विकेट झटकने के बाद उनकी जिंदगी में क्या बदलाव आएगा लेकिन इस प्रदर्शन के बाद उन्हें अपने देश के लिए 80-90 टेस्ट खेलने की उम्मीद है।

मुंबई में जन्मे 33 साल के इस बाएं हाथ के गेंदबाज ने पिछले सप्ताह इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने भारत की पहली पारी में सभी 10 विकेट लिए। वह जिम लेकर और अनिल कुंबले के बाद ऐसा करने वाले सिर्फ तीसरे क्रिकेटर बने। ऐजाज के परिवार के कई सदस्य अब भी मुंबई में रहते हैं।

भारतीय टीम से टेस्ट श्रृंखला को 0-1 से गंवाने के बाद यहां से न्यूजीलैंड लौटने से पहले उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के बाद वह पैसे की बारिश की उम्मीद नहीं कर रहे हैं लेकिन उनकी कोशिश एशियाई मूल के बच्चों को न्यूजीलैंड में खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करने की होगी।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,**
**उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट, पिथौरागढ़**

निविदा सूचना सं0 : 2405/निविदा/745 दिनांक : 06.12.2021

**ई-निविदा सूचना**

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल एवं संसाधन विकास निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम तथा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. **कार्य का नाम:**- 1. जोशा पे0यो0 (जल जीवन मिशन द्वितीय चरण)।
2. **ई-निविदा पोर्टल में प्रकाशन की तिथि:**- 08.12.2021 अपरान्ह 3:00 बजे।
3. **निविदा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथि:**- 21.12.2021 अपरान्ह 5:00 बजे।

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें **www.uktenders.gov.in** से प्राप्त की जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,**
**उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट, पिथौरागढ़**

निविदा सूचना सं0 : 2406/निविदा/746 दिनांक : 06.12.2021

**ई-निविदा सूचना**

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल एवं संसाधन विकास निर्माण निगम देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम तथा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. **कार्य का नाम:**- 1. गोल पे0यो0, 2. अठखेत सोलर पम्पिंग पे0यो0, 3. सेरा सौनाली पे0यो0, 4. ढुंगेती पे0यो0, 5. शिलिंग पे0यो0, 6. पोर्थी पे0यो0, 7. सेलमाली पे0यो0, 8. गूंठी पे0यो0, 9. बोरागांव पे0यो0, 10. गैला पे0यो0, 11. रिंगू पे0यो0।
2. **ई-निविदा पोर्टल में प्रकाशन की तिथि:**- 08.12.2021 अपरान्ह 3:00 बजे
3. **निविदा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथि:**- 21.12.2021 अपरान्ह 5:00 बजे।

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें **www.uktenders.gov.in** से प्राप्त की जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता


## कोहनी में चोट के चलते दो महीने क्रिकेट से दूर रहेंगे कप्तान केन विलियमसन

**भाषा**। वेलिंगटन



**न्यूजीलैंड** के कोच गैरी स्टीड ने बताया कि कप्तान केन विलियमसन कोहनी की में चोट के कारण कम से कम दो महीने के लिए खेल से दूर हो सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक विलियमसन के अगले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्राइस्टचर्च में 17 फरवरी से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वापसी की संभावना है।

विलियमसन भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन की सुबह इस चोट के कारण टीम से बाहर हो गए थे। स्टीड ने मंगलवार को पुष्टि की कि उन्हें पूरी तरह से ठीक होने में कम से कम आठ या नौ सप्ताह का समय लगेगा। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि उन्हें सर्जरी की जरूरत ना पड़े। स्टीड ने कप्तान के चोट के बारे में कहा, केन जल्दी स्वस्थ हो जाएंगे। पिछली बार वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के बाद और इंडियन प्रीमियर लीग से पहले उन्हें इस तरह की चोट से उबरने में आठ से नौ सप्ताह का समय लगा था। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस बार फिर से उतना ही समय लगेगा। हम इस समय कोई समय सीमा तय करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। न्यूजीलैंड एक जनवरी से अपनी सरजमीं पर शुरू होने वाले दो मैचों की टेस्ट मैच की श्रृंखला में बांग्लादेश का सामना करेगा। टीम इसके बाद तीन एकदिवसीय और एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय के लिए 30 जनवरी से आठ फरवरी तक आस्ट्रेलिया का सामना करेगी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला शुरू होगा। स्टीड ने कहा, मुझे लगता है कि सर्जरी की जरूरत नहीं होगी। कोच ने कहा, केन के लिए यह मुश्किल समय है, उसे न्यूजीलैंड के लिए खेलना पसंद है। सिर्फ टेस्ट ही नहीं उसे हर प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करना पसंद है।


THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I Namaha S/o Jagdish Yadav R/o R-155, R-Block, Ramesh Park, Laxmi Nagar, Delhi-110092, have changed my name Vinod Yadav to Namaha for all future purpose.

PD(9015)A


## अनफिट हार्दिक पंड्या विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे

**भाषा**। नई दिल्ली



**भारतीय** टीम से बाहर चल रहे आलराउंडर हार्दिक पंड्या ने बुधवार से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी (राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट) में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है क्योंकि वह गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। बीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बड़ौदा क्रिकेट संघ (बीसीए) ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए उपलब्धता के बारे में पूछते हुए हार्दिक को ईमेल भेजा था। पिछले तीन साल में वह बमुश्किल ही बड़ौदा की ओर से खेला है। हालांकि उसने एक पंक्ति में जवाब दिया है कि वह अभी मुंबई में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहा है।

हार्दिक की चोट के बारे में पूछने पर अधिकारी ने कहा कि बीसीए को भी इसकी जानकारी नहीं है। समझा जा रहा है कि वह अपनी कमर को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है जो 2019 में सर्जरी के बाद से काफी अच्छी स्थिति में नहीं है। अगर हार्दिक घरेलू टूर्नामेंट में नहीं खेलते हैं तो भारत की सीमित ओवरों की टीम में उनकी वापसी पर विचार नहीं किया जाएगा। सूत्र ने कहा कि मौजूदा राष्ट्रीय चयन समिति ने उन सभी खिलाड़ियों को जो भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है, कह दिया है कि वे घरेलू क्रिकेट- हजारे और रणजी ट्रॉफी में खेलें। माना जा रहा है कि अपने करियर को लंबा खींचने के लिए हार्दिक अब टेस्ट क्रिकेट में खेलने के इच्छुक नहीं हैं और मुख्य रूप से टी-20 और एकदिवसीय क्रिकेट पर ध्यान देंगे लेकिन इसके लिए उन्हें नियमित रूप से गेंदबाजी शुरू करने की जरूरत है। मुंबई में रिहैबिलिटेशन के बावजूद हार्दिक को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में वहां के कोच के समक्ष फिटनेस साबित करनी होगी।

**नई दिल्ली**। भारत के पूर्व आफ स्पिनर हरभजन सिंह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग की एक बड़ी फ्रेंचाइजी के सहयोगी स्टाफ के अहम सदस्य के रूप में नजर आएंगे।


**निविदा/प्रस्ताव हेतु आमंत्रण**

शिप्रा सृष्टि अपार्टमेंट ओनर्स असोसीएशन, निम्नलिखित सेवाए देने वाली संस्थाओं से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित करता है: १. सभी फ़ैसिलिटी एवं मैनज्मेंट सर्विस उपलब्ध करवाने वाली संस्थाओ से शिप्रा सृष्टि,१५,अहिंसा खंड-१,इंदिरापुरम,ग़ाज़ियाबाद-२०१०१४ के रख रखाव और फ़ैसिलिटी मैनज्मेंट सम्बंधित सभी सेवाओं हेतु, २. अकाउंटिंग संस्थाओ द्वारा शिप्रा सृष्टि के बहि खाता के रख रखाव हेतु, ३. बाग़वानी सम्बंधित सेवाओं हेतु, ४. सोसायटी की इंटर्काम सेवाओं के रख रखाव हेतु, ५. सुरक्षा सेवाएँ, ६. कचरा संग्रहण, ७. किराने की दुकान, ८. रेस्टोरेंट (veg & non-veg) एवं सलून संचालन सम्बंधित संस्थाएँ अपनी निविदा/प्रस्ताव सील बंध लिफ़ाफ़े में सचिव,शिप्रा सृष्टि अपार्टमेंट ओनर्स असोसीएशन को दिनांक १५ दिसंबर २०२१ साँय ६ बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। साइट विज़िट हेतु प्रार्थना / प्रशन / स्पष्टीकरण के लिए सम्पर्क सूत्र : श्री के के गौतम, सचिव, SSAOA, मो॰ 9650177221, ईमेल: aoa.srishti@gmail.com



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है कि अभियुक्त **(1) नरेन्दर सिंह पुत्र** कृपाल सिंह **निवासी** बलजीत नगर, पटेल नगर, दिल्ली **(2) कृपाल सिंह पुत्र** राम सिंह **निवासी** ए-940, चतुर्थ तल, बाबा फरीद पुरी, वेस्ट पटेल नगर, दिल्ली **(3) रितु सिंह पत्नी** नरेन्दर सिंह **निवासी** बलजीत नगर, पटेल नगर, दिल्ली ने **FIR No. 543/14, U/s 498A/406/34 IPC, थाना- कृष्णा नगर, दिल्ली** के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) नरेन्दर सिंह (2) कृपाल सिंह (3) रितु सिंह** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त **(1) नरेन्दर सिंह (2) कृपाल सिंह (3) रितु सिंह** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **(1) नरेन्दर सिंह (2) कृपाल सिंह (3) रितु सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **FIR No. 543/14, U/s 498A/406/34 IPC थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के संदर्भ में दिनांक **21.01.2022** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार

श्रुति चौधरी, महानगर दण्डाधिकारी महिला न्यायालय-01,
पूर्व जिला, न्यायालय कक्ष संख्या-14, द्वितीय तल,
DP/631/SHD/2021-(Court Matter) कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली-32



**CSB Bank**
Formerly The Catholic Syrian Bank Ltd.

**CSB Bank, Greater Kailash-2 Branch, M-56A, Main Market, Greater Kailash-II, New Delhi-110048**

**GOLD AUCTION NOTICE**

CSB Bank Limited, Greater Kailash-2 branch had granted gold loan against pledge of gold ornaments to the below mentioned borrower/s. Notice has been issued to him/them demanding repayment of the amount with interest and charges thereon. Since they have failed to repay the balance outstanding in the respective account/s, we are constrained to recover the amount by sale of gold ornaments in public auction and if the auction does not fetch required amount, bank will proceed with the sale by private treaties/contract. Bank reserves its right to change/extend the date and venue of auction without assigning any reason.

| Sl No. | Name of borrower | Gross Weight of Pledge items (in grams) | Overdue Gold Loan Account no. | Amount | Balance as on 07-12-2021 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Devender | 12.76 | 0296-07260692-000006 | 31718/- | 34305.54/- |
| 2 | Bhim Singh | 34.9 | 0296-04284461-000001 | 90059/- | 100595.5/- |
| 3 | Anil Kumar | 31.6 | 0296-04286967-000001 | 90059/- | 100472.5/- |

The auction will be conducted at the premises of CSB Bank Limited, Greater Kailash-II branch premises situated at M-56A,Main Market, Greater Kailash-II, Delhi-110048 on **15th December 2021.** Interested parties may contact the Branch Manager in the above address. Participants should attend the auction along with copy of Pan Card, passport size photo, valid identity proof and address proof on the date of auction.

**Place: Greater Kailash-II, Date : 07-12-2021**



**punjab national bank**
...Together for the better

सर्कल सस्तरा, जालंधर (पश्चिम) दूसरा तल 922, जी.टी. रोड, जालंधर, पंजाब

**अचल जायदाद की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समैंट) रूल्ज 2002 के रूल 8(6) के प्रोविजो सहित पढ़े जाते ''सिक्योरिटाईजेशन एंड रीकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनैंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समैंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002'' केअधीन अचल एसेट्स की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। नोटिस एतद् द्वारा आम तौर पर जनता को तथा विशेष, तौर पर कर्जदार (ों) और गारंटर (ों) को दिया जाता है कि सिक्योर्ड क्रैडिटर के पास निम्नवर्णित अचल जायदाद (ों) मार्टगेज्ड / चार्ज्ड का, रचनात्मक / मूल / सांकेतिक कब्जा, जिसका बैंक के अधिकृत अफसर, सिक्योर्ड क्रैडिटर द्वारा ले लिया गया है, की बिक्री ''जैसे है जहां है'', ''जो है सो है'' तथा ''जो भी है जहां है'' आधार पर अलग-अलग कर्जदार (ों) और गारंटर (ों) से बैंक / सिक्योर्ड क्रैडिटर को उनके देयों की वसूली के लिए, इसमें निम्न सारिणी में वर्णित अनुसार तिथि को की जाएगी। आरक्षित कीमत और धरोहर राशि जमा अलग-अलग जायदादों के सामने निम्न सारिणी में वर्णित अनुसार होगी।

**सिक्योर्ड एसेट्स का शैड्यूल**

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | ब्रांच का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/गारंटर का नाम और पद | मार्टगेज्ड अचल जायदादों का विवरण/ मालिक का नाम / जायदाद (ों) की मार्टगेजर | ई) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के अधीन डिमांड नोटिस की तिथि एफ) बकाया राशि के अनुसार - जी) कब्जा सांकेतिक/मूल/रचनात्मक की प्रकृति | ए) आरक्षित कीमत (रु. लाखों में) बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/ समय | सिक्योर्ड क्रैडिटर्स को ज्ञात भारों के विवरण |
| 1. | **इंडस्ट्रीयल एरिया, जालंधर** कर्जदार (ों) : 1. **मैसर्ज आर.एस. इंटरनैशनल**, प्लाट नं. 71, लैदर काम्प्लैक्स, कपूरथला रोड, जालंधर, 2. **मैसर्ज कांति लॉज प्राइवेट लिमि.**, 46 अमृत नगर, न्यू दिल्ली, 3. श्रीमती पूनम विरालिया पत्नी श्री विनय कुमार, 4. **श्री खुशाल विरालिया** पुत्र विनोद कुमार, 5. **श्री विनोद कुमार** पुत्र रघुवीर सिंह, 6. **श्री विनय कुमार** पुत्र श्री रघुवीर सिंह, 7. **श्री रघुवीर सिंह** (252/3एशिवलोकपुरी, कंकर खेड़ा, मेरठ, उत्तर प्रदेश) | रिहायशी प्लाट नं. 1/2 ए आरटीडी नं. 6807 तिथि 28.05.2011 मैसर्ज कांति लॉज प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर इसके निदेशकों मि. विनय कुमार तथा रघुवीर सिंह द्वारा मौजा रिठानी, परगना, ओल्ड मेरठ दिल्ली नैशनल हाईवे, तहसील तथा जिला मेरठ में स्थित। दिशाएं निम्न आनुसार :- पूर्व - अन्यों के अहाता, पश्चिम - रास्ता आम, उत्तर - अन्यों की जायदाद, दक्षिण - अन्यों का अहाता, भूमि परिमाप 2365.38 वर्ग मीटर्स जिसका खसरा नं. 1034 मिन, 1035 मिन, 1037 मिन। **Property ID PUNB0242XRSI** | **डिमांड नोटिस तिथि 11.10.2018** 30.09.2018 के अनुसार बकाया राशि रु. 4,81,91,668.69 (रुपए चार करोड़ इक्यासी लाख इक्यानवें हजार छह सौ अड़सठ तथा उनहत्तर पैसे मात्र) + भावी ब्याज तथा अन्य चार्जिस जब तक पूरी अदायगी नहीं की जाती है। **धारा 13(4) के अधीन कब्जा तिथि 24.12.2018, मूल कब्जा** | A) Rs. 4,25,30,000 (Rupees Four Crore Twenty Five Lacs Thirty Thousand Only) B) Rs. 43,00,000.00 (Rs. Forty Three Lac Only) C) Rs. 10,000.00 (Rs. Ten Thousand Only) | 24-12-2021 01:00 PM TO 02:00 PM | NIL |

**नियम और शर्तें**

बिक्री सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समैंट में निर्धारित नियमों और शर्तों तथा अधोलिखित अन्य शर्तों का विषय होगी : 1) जायदादों की बिक्री ''जैसे है जहां है'' आधार तथा ''जो है सो है आधार'' और ''जो भी है जहां है'' आधार पर की जा रही है। 2) यहां उपरोक्त शैड्यूल में निर्दिष्ट सिक्योर्ड एसेट्स का विवरण अधिकृत अफसर की जानकारी के अनुसार सर्वोत्तम बताया गया है परंतु अधिकृत अफसर किसी त्रुटि, गलत बयानबाजी या इस उद्घोषणा में चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगी। 3) बिक्री कामल नं. 6 में उपरोक्त दिए समय के अनुसार **24-12-2021** को वैबसाइट **https://www.mstcecommerce.com** पर मुहैया ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। 4) बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया **www.ibapi.in, www.mstcecommerce.com** का संदर्भ लें।

**दि सरफेसी एक्ट, 2002 के नियमों के अधीन वैधानिक 15 बिक्री नोटिस**

तिथि : 07-12-2021 स्थान : जालंधर अधिकृत अधिकारी (पंजाब नैशनल बैंक, सिक्योर्ड क्रैडिटर)

# इजराइल ने विवादित पूर्वी यरुशलम बस्ती की योजना पर रोक लगायी

**एपी**। यरुशलम

**यरुशलम** नगर निकाय के अधिकारियों ने पूर्वी यरुशलम में एक खाली पड़े हवाई अड्डे पर विवादास्पद बड़ी यहूदी बस्ती बनाने की योजना पर सोमवार को रोक लगा दी। परियोजना को लेकर अमेरिका के भारी विरोध के मद्देनजर एटारोट बस्ती योजना को रोकने का निर्णय किया गया।

घनी आबादी वाले फलस्तीनी समुदाय के ऐसे तीन क्षेत्रों के पास एक खुले क्षेत्र में अत्यंद रूढ़िवादी यहूदियों के लिए 9,000 मकानों वाली बस्ती के निर्माण की योजना थी, जिनमें से एक इजरायल के विवादास्पद क्षेत्र के पीछे है।

नगर निकाय के योजना आयोग ने कहा कि योजना काफी प्रभावी है लेकिन इसकी मंजूरी से पहले एक पर्यावरणीय प्रभाव सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। डिप्टी मेयर फ्लेर हसन-नहौम ने कहा कि इस प्रक्रिया में लगभग एक साल लगने की उम्मीद है। प्रस्तावित बस्ती के समस्याग्रस्त स्थान का हवाला देते हुए, बस्ती विरोधी समूह पीस नाउ ने योजना के खिलाफ एक सार्वजनिक अभियान चलाया था। इससे पहले सोमवार को इजरायल के विदेश मंत्री याइर लापिद ने संकेत दिया था कि इजरायल सरकार को योजना को मंजूरी देने की कोई जल्दी नहीं है।

उन्होंने कहा कि इससे राष्ट्रीय स्तर पर निपटा जाएगा और हम जानते हैं कि इससे कैसे निपटना है। यह एक प्रक्रिया है और हम सुनिश्चित करेंगे कि यह (अमेरिकी) प्रशासन के साथ टकराव में ना बदल जाए। बाइडन प्रशासन ने बार-बार बस्ती निर्माण की आलोचना करते हुए कहा है कि यह शांति प्रक्रिया को फिर से शुरू करने में बाधा डालता है, लेकिन इजराइल ने बस्ती निर्माण की योजनाओं को आगे बढ़ाना जारी रखा।

## ब्रिटेन ने अफगानिस्तान में अपने समर्थकों को तालिबान की दया पर छोड़ा: व्हिसलब्लोअर

**लंदन**। ब्रिटेन के एक व्हिसलब्लोअर ने मंगलवार को आरोप लगाया कि विदेश कार्यालय ने काबुल के विद्रोहियों के कब्जे में जाने के बाद अफगानिस्तान में अपने अनेक सहयोगियों को तालिबान की दया पर छोड़ दिया, क्योंकि इन लोगों को बाहर निकालने का अभियान निष्क्रिय रहा और इसे मनमाने ढंग से चलाया गया। राफेल मार्शल ने एक संसदीय समिति को दिए बड़े सबूत में कहा कि ईमेल के माध्यम से मदद के लिए भेजे गए हजारों अनुरोध 21 अगस्त और 25 अगस्त के बीच पढ़े ही नहीं गए थे। विदेश कार्यालय के पूर्व कर्मचारी ने अनुमान व्यक्त किया कि ब्रिटेन के एक कार्यक्रम के तहत देश छोड़ने के लिए आवेदन करने वाले अफगान नागरिकों में से केवल पांच प्रतिशत लोगों को ही मदद मिली। विदेश कार्यालय का यह पूर्व कर्मचारी मेल पर आने वाले संदेशों की निगरानी करने के कार्य से जुड़ा था।

## विदेश सचिव ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री से द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की

**ढाका**। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने मंगलवार को यहां बांग्लादेशी विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन से मुलाकात की और इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच विविध मुद्दों और बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की, जिनमें कोविड-19 महामारी पर लगाम लगाना भी शामिल है। दो पड़ोसी देशों के बीच व्यापक सहयोग की समीक्षा के लिए दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर यहां पहुंचे श्रृंगला ने अपने समकक्ष मसूद बिन मोमेन से भी मुलाकात की और सभी मोर्चों पर द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति पर चर्चा की।

बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने विदेश मंत्री डॉ. एके अब्दुल मोमेन से मुलाकात की। हमारे कोविड सहयोग समेत दोनों देशों के बीच व्यापक और बढ़ते सहयोग की समीक्षा की। संयुक्त रूप से आयोजित मैत्री दिवस की सफलता पर संतोष व्यक्त किया।

# कश्मीरी पंडित सबसे सफल भारतीय अमेरिकी समुदायों में से एक

**भाषा**। वाशिंगटन

**● भारतीय अमेरिकी सांसद ने कश्मीरी समुदाय की प्रशंसा की**

**कश्मीरी** पंडित सबसे सफल भारतीय-अमेरिकी समुदायों में से एक हैं। एक शीर्ष अमेरिकी सांसद ने अमेरिका और दुनिया भर में उनके योगदान के लिए समुदाय के सदस्यों की प्रशंसा करते हुए यह बात कही।

भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने पिछले हफ्ते अमेरिकी कैपिटल में फिल्म द कश्मीर फाइल्स के एक रिसेप्शन और निजी स्क्रीनिंग के मौके पर कहा कि जब आप अपने जीवन को बचाने के लिए जूझते हैं, जब आप संपत्ति से वंचित हो जाते हैं, तो जीवन का वास्तविक अर्थ जानते हैं। आप जानते हैं कि आप कहीं भी रहें, इसको कैसे महत्व देना है, इसे कैसे सींचा जाता है और यह सुनिश्चित करते हैं कि हर कोई अपनी विरासत और जड़ों को याद रखे। उन्होंने ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि कश्मीरी पंडित समुदाय सबसे सफल भारतीय अमेरिकी समुदायों में से एक है। अतीत में आपने जिन चुनौतियों का सामना किया है, उन चुनौतियों पर काबू पाने की तुलना में अन्य सभी चुनौतियों फीकी हैं। पुरस्कार विजेता निर्देशक विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित और लिखित तथा पुरस्कार विजेता अभिनेत्री पल्लवी जोशी द्वारा निर्मित, फिल्म द कश्मीरी फाइल्स कश्मीरी पंडितों के नरसंहार और जातीय सफाए पर आधारित है। यह फिल्म उन चुनौतियों के मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती है जो वैश्विक आतंकवाद के कारण उत्पन्न होती हैं और समुदायों को बेदखल करती हैं जिसे उनकी जड़ें उखड़ जाती हैं। यह मानव दर्द और पीड़ा को भी उजागर करती है। फिल्म को अमेरिका के 16 शहरों में दिखाया जा रहा है। कांग्रेस सांसद एंडी ब ने भारत-अमेरिका संबंधों और भारतीय-अमेरिकियों के योगदान पर जोर दिया। एक संदेश में, सीनेटर मार्क वार्नर ने स्वागत समारोह में सभी मेहमानों को हार्दिक बधाई दी। अपने मुख्य भाषण में, अग्निहोत्री ने कश्मीर की पवित्र भूमि से उभरी एकता की भारतीय संस्कृति और कला, सौंदर्यशास्त्र, संगीत और साहित्य के क्षेत्र में कश्मीर के अपार योगदान के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि कश्मीर का विनाश ज्ञान का विनाश है, और दुनिया को पता होना चाहिए कि मानवता का क्या मतलब है।

# इराक के बसरा शहर में विस्फोट चार लोगों की दर्दनाक मौत हुई

**एपी**। बसरा

**इराक** के दक्षिणी शहर बसरा के मध्य हिस्से में सोमवार को हुए एक विस्फोट में कम से कम चार लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। इराकी सुरक्षाबलों ने यह जानकारी दी। सोमवार को हुए इस धमाके के बाद आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। स्थानीय खबरों में शुरुआत में कहा गया कि यह एक कार बम था लेकिन बसरा के गवर्नर असद अल-इदानी ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि एक मोटरसाइकिल में विस्फोट हुआ। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है कि मोटरसाइकिल पर बम लगाया गया था या यह आत्मघाती हमला था। गवर्नर ने कहा कि विस्फोट से दो कार जल गईं। इराक के सुरक्षा मीडिया प्रकोष्ठ ने एक बयान में कहा कि मोटरसाइकिल के पास की दो कार जल गईं जिससे चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। इसने कहा कि फॉरेंसिक दल घटनास्थल पर है और जांच पूरी होने के बाद विस्फोट की प्रकृति के बारे में अधिक जानकारी जारी की जाएगी। हाल के वर्षों में बसरा में विस्फोट नहीं हुए हैं, खासकर 2017 में सुन्नी आतंकवादी इस्लामिक स्टेट समूह की हार के बाद से। तेल समृद्ध बसरा मुख्य रूप से शिया बहुल है। विस्फोट की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

## श्रीलंका ने भीड़ हत्या के शिकार अपने नागरिक के परिजनों को मुआवजे की पेशकश की

**भाषा**। कोलंबो

**श्रीलंका** की सरकार ने पाकिस्तान के पंजाब सूबे में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ द्वारा पीट-पीट कर मार डाले गए अपने नागरिक प्रियंथा कुमारा दियावदना के परिजनों के लिए मंगलवार को 25 लाख श्रीलंकाई रुपए के मुआवजे को मंजूरी दी। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को एक स्तब्ध करने वाली घटना में कट्टरपंथी इस्लामी संगठन तहरीक-ए- लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने पाकिस्तान में पंजाब सूबे के सियालकोट स्थित एक कपड़ा फैक्टरी पर हमला किया और वहां के महाप्रबंधक दियावदना की ईशनिंदा के आरोप में पीट-पीटकर हत्या करने के बाद उनके शव को जला दिया।



दक्षिणी फ्रांस के भूमध्यसागर तट पर गैस विस्फोट से ढही तीन मंजिला इमारत के मलबे से एक शिशु और उसकी मां को निकाला गया

## 100 सांसदों ने विवादित स्मारक पर की प्रार्थना

**टोक्यो**। जापान के करीब 100 सांसदों के एक समूह ने पर्ल हार्बर पर हमले के 80 वर्षों बाद मंगलवार को तोक्यो में एक स्मारक पर प्रार्थना की, जिसे चीन और कोरियाई देश जापान की युद्धकालीन आक्रामकता के प्रतीक के तौर पर देखते हैं। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के मंत्रिमंडल में नौ उप मंत्री और विशेष सहायक समेत कई सांसद उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य हैं। जापान ने सात दिसंबर 1941 को पर्ल हार्बर पर हमला किया था, जिसके कारण अमेरिका द्वितीय विश्वयुद्ध में शामिल हुआ था। जापान में यह तारीख आठ दिसंबर है। जापान की आक्रामकता के पीड़ित खासतौर से चीन और कोरियाई देश यासुकुनी स्मारक को जापान के सैन्ईकरण के प्रतीक के तौर पर देखते हैं, क्योंकि वह दोषी ठहराए गए युद्ध अपराधियों समेत युद्ध में मारे गए लोगों को सम्मानित करता है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि सांसदों का दौरा जानबूझकर उठाया गया और उकसावे वाला कदम है। उन्होंने कहा, जापान के गणमान्य लोगों का स्मारक का दौरा आक्रमण के इतिहास की ओर जापान के गलत रवैए को फिर से दिखाता है। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने इस स्मारक पर बड़े पैमाने पर सांसदों के जाने पर मंगलवार को गहन चिंता और खेद जताया।

## कांग्रेस से इस्तीफा देंगे रिपब्लिकन सांसद न्यून्स

**वाशिंगटन**। कैलिफोर्निया से रिपब्लिकन पार्टी के प्रतिनिधि डेविन न्यून्स पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई मीडिया कंपनी में शामिल होने के लिए पद से इस्तीफा देंगे। न्यून्स को कांग्रेस में ट्रंप के सबसे कट्टर समर्थकों में से एक माना जाता है। ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी समूह की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि न्यून्स जनवरी 2022 की शुरुआत में मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार संभालेंगे। कंपनी ट्विटर समेत अपने प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करने के लिए एक सोशल मीडिया मंच शुरू करने की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि ट्विटर ने अमेरिकी संसद भवन में भीड़ के हिंसक हमले की घटना के बाद जनवरी में ट्रंप का अकाउंट बंद कर दिया था। जून में फेसबुक ने दो साल के लिए ट्रंप का अकाउंट निलंबित कर दिया था। ट्रंप ने एक बयान में कहा कि डेविन यह समझते हैं कि हमें उदारवादी मीडिया और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को उन आजादी को बर्बाद करने से रोकना चाहिए, जो अमेरिका को महान बनाती है।

## भारतीय-मूल के गैस स्टेशन मालिक की हत्या

**न्यूयॉर्क**। अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में एक पुलिस थाना के पास दिनदहाड़े लूटपाट के दौरान 45 वर्षीय भारतीय मूल के गैस स्टेशन के मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। टेक्सास के डलास में एक अन्य भारतीय अमेरिकी की गोली मारकर हत्या किए जाने के लगभग तीन सप्ताह बाद यह घटना हुई है। मस्कोगी काउंटी कोरोनर के अधिकारी ने डब्ल्यूटीवीएम टीवी चैनल के हवाले से कहा कि जॉर्जिया के पूर्वी कोलंबस में बुएना विस्टा रोड पर सिनोवस बैंक में सोमवार को सुबह लगभग 10 बजे अमित कुमार पटेल की हत्या कर दी गई। मस्कोगी काउंटी के डिप्टी कोरोनर चार्ल्स न्यूटन ने बताया कि सुबह 10:09 बजे बैंक के बाहर पटेल को मृत घोषित कर दिया गया। लेजर-एनक्वायरर की खबर के अनुसार, बैंक की इमारत में कोलंबस पुलिस विभाग का पूर्वी क्षेत्र भी है, जिसके प्रवेश द्वार से महज कुछ दूरी पर पटेल को गोली मारी गई। डब्ल्यूटीवीएम ने बताया कि पटेल स्टीम मिल रोड और बुएना विस्टा रोड के कोने पर स्थित शेवरॉन गैस स्टेशन के मालिक थे। लूटपाट उस वक्त हुई, जब पटेल सप्ताहांत में कमाई गई रकम जमा कर रहे थे।

## यौन शोषण के अध्ययन का आदेश दिया

**जिनेवा**। स्विट्ज़रलैंड में रोमन कैथलिक चर्च के नेताओं ने दो शिक्षाविदों को 20 वीं शताब्दी के मध्य से स्विस चर्च के यौन शोषण के इतिहास पर एक अध्ययन का नेतृत्व करने के लिए कहा है। इसी के साथ यह चर्च इस तरह का आदेश देने वाले यूरोप और अन्य देशों के गिरजाघरों में शुमार हो गया है। बिशप के स्विस सम्मेलन और दो अन्य संगठनों ने सोमवार को घोषणा की कि ज्यूरिख विश्वविद्यालय के इतिहास के दो प्राध्यापक, मोनिका डोमन और मारिएटा मायर, औपचारिक रूप से परियोजना शुरू करने और मार्च में इसके पूर्ण उद्देश्यों का विवरण देने से पहले, आने वाले हफ्तों में एक टीम बनाएंगे। संगठनों ने कहा कि असंख्य लोगों को रोमन कैथलिक चर्च के संदर्भ में यौन उत्पीड़न से जुड़ी घटनाओं की गहरी पीड़ा उठानी पड़ी है। उन्होंने कहा, वैज्ञानिक स्मृति का काम सबसे पहले पीड़ितों का है, उनका दर्द बांटा जाना चाहिए, लेकिन यह भविष्य के लिए सबक भी देगा। एक साल की प्रायोगिक परियोजना शोधकर्ताओं को उनकी फाइलों और अभिलेखागार तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेगी जहां तक संभव हो और धर्म विधान और राज्य कानून के तहत अधिकृत हो।

## संघर्ष और युद्ध स्थिरता को बाधित कर रहे हैं: रामफोसा

**जोहानिसबर्ग**। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा है कि संघर्ष और युद्ध अफ्रीकी महाद्वीप के आर्थिक विकास को रोक रहे हैं और महाद्वीपीय एकता भविष्य में समृद्धि की कुंजी है। रामफोसा पांच पश्चिम अफ्रीकी देशों की मंगलवार को समाप्त हो रही अपनी यात्रा के तहत सोमवार शाम शांति और सुरक्षा पर डकार अंतरराष्ट्रीय फोरम के सातवें संस्करण में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संघर्ष और युद्ध अफ्रीका को शांति और स्थिरता के रास्ते पर चलने से रोकते हैं। सभी अफ्रीकी देश आर्थिक विकास, स्थिरता और दीर्घकालिक शांति प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करें। रामफोसा ने कहा कि महाद्वीपीय एकता भविष्य में समृद्धि की कुंजी है। उन्होंने कहा कि हमारी सफलता महाद्वीपीय एकता के सिद्धांत पर दृढ़ता से टिकी हुई है। हमारी एकता में हमारे महाद्वीप पर शांति भी शामिल होनी चाहिए और उन लोगों का सामना करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, जो हमारे क्षेत्रों तथा महाद्वीप में तबाही मचा रहे हैं।

## नॉक एट द केबिन में नजर आएंगे डेव बॉतिस्ता

**लास एंजिलिस**। हॉलीवुड स्टार डेव बॉतिस्ता फिल्मकार एम नाइट श्यामलन की आगामी फिल्म नॉक एट द केबिन में प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण स्टूडियो यूनिवर्सल पिक्चर्स में किया जाएगा। फिल्म तीन फरवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बाइडन ने इंसुलिन और अन्य दवाओं पर बचत की घोषणा की

**वाशिंगटन**। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने जोर दिया कि उनका सामाजिक एजेंडा कानून सभी अमेरिकी लोगों के लिए दवाओं पर ठोस बचत प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं ने जिस राहत की गुहार लगाई है, वह अब नजर आने वाली है। लेकिन पहले इस विधेयक को कांग्रेस से पारित कराना होगा, जहां इसके रास्ते में कई बाधाएं हैं। राष्ट्रपति बाइडन ने इस विधेयक में राजनीतिक दांवपेंचों के जरिए कुछ प्रावधानों की अनदेखी पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की, जो जलवायु से लेकर पारिवारिक जीवन और करों के मुद्दों से संबंधित हैं। बढ़ती मुद्रास्फीति पर चिंताओं के बावजूद चुनावों में अमेरिकी लोगों ने दवा की लागत कम करने की सरकारी कार्रवाई के प्रति लगातार समर्थन दिखाया है। बाइडन ने व्हाइट हाउस में कहा कि यह कहना ठीक होगा कि इस देश में डॉक्टरों के पर्चों पर लिखी जाने वाली दवाएं बेहद महंगी हैं।



वाशिंगटन में पर्ल हार्बर पर हमले की 80वीं वर्षगांठ पर मारे गए सैनिको को श्रद्धांजलि देते अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और उनकी पत्नी

# जर्मनी के दलों ने नई सरकार के लिए गठबंधन समझौते पर किए

**एपी**। बर्लिन

**जर्मनी** में लंबे समय से चांसलर एंजेला मर्केल की जगह लेने वाले ओलाफ शोल्ज के नाम को मंजूरी से एक दिन पहले देश के तीन दलों ने प्रगतिशील गठबंधन बनाने को लेकर मंगलवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

शोल्ज की मध्य वाम पार्टी सोशल डेमोक्रेट्स, पर्यावरण के मुद्दों को उठाने वाली पार्टी ग्रीन्स और कारोबार समर्थक फ्री डेमोक्रेट्स के बीच हुए समझौते को तीन पार्टियों के सदस्यों से हाल के दिनों में मजबूत समर्थन मिला। समझौते से शोल्ज के संसद में बुधवार को चुने जाने का रास्ता साफ हो गया है क्योंकि तीनों दलों के पास ठोस बहुमत है। पहली बार सरकार बनाने के लिए तीनों दलों ने समझौता किया है। शोल्ज निवर्तमान वित्त मंत्री एवं वाइस चांसलर हैं।

गठबंधन समझौते का शीर्षक वेंचर मोर प्रोग्रेस है। तीनों दलों के नेताओं ने बर्लिन के फ्चुरियम संग्रहालय में समझौते पर हस्ताक्षर किए। नई सरकार के लिए, खासकर ग्रीन्स पार्टी के लिए जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर कदम उठाना शीर्ष प्राथमिकता है। अन्य प्राथमिकताओं में यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण और अधिक उदारवादी सामाजिक नीतियों की पेशकश करना शामिल है। इन सबसे ऊपर, सरकार को कोरोना वायरस संक्रमण की उच्च दर को कम करने के तत्काल कदम उठाने की जरूरत होगी। फ्री डेमोक्रेट्स के नेता और भावी वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनेर ने कहा, हमने कहा कि हम और अधिक प्रगति करना चाहते हैं और इस सप्ताह से हम प्रगति पर काम करना चाहते हैं। हमें कोई भ्रम नहीं है। हमें बड़ी चुनौतियों का सामना करना है।

जर्मनी में सितंबर में हुए चुनाव से पहले कई मुद्दों पर वैचारिक मतभेद रखने वाले तीन दलों के बीच समझौता अपेक्षाकृत जल्दी और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ है। जर्मनी की 16 साल से चांसलर मर्केल ने इस बार पद के लिए अपनी रूचि नहीं दिखाई।

## रंगभेद विरोध के प्रतीक भारतीय मूल के इब्राहिम इस्माइल का निधन

**जोहानिसबर्ग**। रंगभेद विरोध के प्रतीक रहे भारतीय मूल के इब्राहिम इस्माइल इब्राहिम का निधन हो गया है। वह 84 वर्ष के थे। दक्षिण अफ्रीका की सत्तारूढ़ पार्टी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) ने यह जानकारी दी। एएनसी ने एक बयान में बताया कि इब्राहिम का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को घर पर ही निधन हो गया।

ट्विटर पर साझा किए गए बयान में पार्टी ने कहा, एएनसी को इब्राहिम इस्माइल इब्राहिम के निधन के बारे में पता चला है। हम उनकी पत्नी, बच्चों, परिवार, दोस्तों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। कॉमरेड एबी, लंबे समय तक एएनसी के सदस्य रहे, एक देशभक्त जिन्होंने विनम्रता, समर्पण तथा उत्कृष्टता के साथ अपने देश की सेवा की। इब्राहिम को कॉमरेड एबी भी कहा जाता था।इब्राहिम ने नेल्सन मंडेला और अहमद कथराडा के साथ राजनीतिक बंदी के रूप में रोबेन द्वीप पर कई साल जेल में बिताए थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के आंदोलन पर रोक लगाने वाले कानूनों का उल्लंघन करने पर पिता को दो बार गिरफ्तार किए जाने के बाद, इब्राहिम 13 साल की उम्र में ही मुक्ति संग्राम का हिस्सा बन गए थे।

# ब्रिटेन में प्रस्थान-पूर्व कोविड जांच का नियम लागू

**● ओमीक्रोन के प्रसार की रफ्तार रोकने की कवायद**

**भाषा**। लंदन

**कोरोना** के नए स्वरूप ओमीक्रोन के प्रसार की रफ्तार थामने के लिए ब्रिटेन ने मंगलवार से नए नियम लागू किए हैं, जिसके तहत भारत समेत विदेशों से यहां आने वाले किसी भी यात्री को अपनी यात्रा से 48 घंटे पहले कोविड-19 की जांच करानी होगी। ओमीक्रोन के संक्रमण के किसी भी संदिग्ध को पहले से 10 दिनों के लिए खुद से पृथकवास में रहने की आवश्यकता होती है। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जिन्हें कोविड-रोधी टीके की पूरी खुराक दी जा चुकी है। इतना ही नहीं, यात्राओं के संबंध में ब्रिटेन की लाल सूची के देशों अंगोला, बोत्सवानिया, एस्वातिनी, लेसोथो, मलावी, मोजाम्बिक, नामिबिया, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, जाम्बिया, जिम्बाब्वे- से लौट रहे ब्रिटिश और आयरिश नागरिकों को सरकारी मान्यता प्राप्त होटल में पृथकवास में रखने की आवश्यकता है, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका में पहली बार जांच में पाए गए ओमीक्रोन के 336 मामले ब्रिटेन में दर्ज किए गए हैं। ब्रिटेन के स्वास्थ्य सचिव साजिद जाविद ने सोमवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में एक बयान में कोविड के इस नए स्वरूप के सामुदायिक प्रसार की पुष्टि की है। उन्होंने यह भी कहा कि ओमीक्रोन से संक्रमित किसी भी व्यक्ति को अब तक अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है।साजिद जाविद ने कहा कि ब्रिटेन में पुष्ट मामलों की संख्या 336 है - वे सभी परिभाषा के अनुसार संक्रमित हैं।

## कोरोना वायरस के स्वरूपों पर वैज्ञानिक समुदाय की नजर

**वाशिंगटन**। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के प्रसार और दुनिया भर में कई देशों से इसके मामले सामने आने के बाद चिंतित वैज्ञानिक एक ऐसी लड़ाई को देख रहे हैं जो महामारी का भविष्य तय करेगी।

क्या ओमीक्रोन दुनिया में तबाही मचा चुके डेल्टा से आगे निकलेगा? हार्वर्ड मेडिकल स्कूल नीत एक अनुसंधान में कोविड के स्वरूपों की निगरानी करने वाले डॉक्टर जैकब लेमिक्स ने कहा, अब भी शुरुआत ही है लेकिन बढ़ते समय के साथ आंकड़े आ रहे हैं जो इस ओर इशारा करते हैं कि ओमीक्रोन सभी जगह तो नहीं, लेकिन कुछ जगहों पर डेल्टा स्वरूप को पीछे छोड़ सकता है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से खतरे की आशंका है। लेकिन अन्य की राय में अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि ओमीक्रोन का प्रसार डेल्टा से ज्यादा तेज गति से होगा और अगर ऐसा होता है तो कितनी तेजी से यह आगे निकलेगा।रोचेस्टर के मायो क्लीनिक के नैदानिक विषाणु विज्ञान के निदेशक मैथ्यू बिन्किर ने बताया कि खास तौर पर अमेरिका में डेल्टा के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है और ओमीक्रोन इससे आगे बढ़ पाएगा, इसका पता अगले दो सप्ताह में चलेगा।

ओमीक्रोन के बारे में कई सवालों के जवाब भी तलाशे जाने हैं कि इस स्वरूप से मरीज आंशिक या गंभीर रूप से पीड़ित होता है और यह टीका या पूर्व में संक्रमण से पैदा हुए प्रतिरोधक क्षमता से कितना बच पाता है। वहीं ओमीक्रोन के प्रसार के मुद्दे पर वैज्ञानिक दक्षिण अफ्रीका की तरफ इशारा करते हैं, जहां इस स्वरूप का मामला सबसे पहले सामने आया।

## एस्ट्राजेनेका, फाइजर टीकों के साथ अन्य टीकों के मिश्रण से मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया

**लंदन**। एस्ट्राजेनेका या फाइजर टीकों की पहली खुराक के बाद दूसरी खुराक के रूप में मॉडर्ना या नोवावैक्स का टीका लगवाने से कोविड-19 के खिलाफ मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न होती है। ब्रिटेन में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं के नेतृत्व में एक टीम ने पाया कि 1,070 प्रतिभागियों के अध्ययन में कोई सुरक्षा चिंता नहीं उत्पन्न नहीं हुई। अध्ययन में यह बात सामने आई कि एस्ट्राजेनेका या फाइजर टीकों की पहली खुराक के बाद दूसरी खुराक के रूप में मॉडर्ना या नोवावैक्स का टीका लगवाने से मजबूत प्रतिरोधक प्रतिक्रिया उत्पन्न होती है जो कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में और मददगार हो सकती है।

# क्षमा और शांति



## संत राजिंदर सिंह का कहना है कि क्षमा आंतरिक शांति की ओर ले जाती है। दूसरी ओर आंतरिक शांति बाहरी शांति के रूप में फूटती है और प्रत्येक दिल को समृद्ध करती है

अगर हम चाहते हैं कि पिछली सदी में हमने जो देखा है, उससे बेहतर दुनिया हो, तो हमें शांति और प्रेम को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमें हर प्रकार की नफरत और पूर्वाग्रहों को खत्म करना चाहिए जिन्होंने हमारे दिल और आत्मा को दागदार बनाया है। अगर हम चाहते हैं कि दूसरे शांतिपूर्ण रहें, तो हमें खुद उसकी मिसाल या शांत बनना चाहिए।

**पहला कदम**

किसी ने नहीं कहा कि शांति पाना आसान है। शांति का जो पहला सबसे कठिन कदम है, वो है क्षमा। हमें अतीत को भूलकर अपने शत्रुओं को क्षमा करना सीखना चाहिए। हमें उन लोगों के लिए करुणा विकसित करनी चाहिए जिन्होंने हमें अतीत में चोट पहुंचाई है। हमें यह महसूस करना चाहिए कि हम सभी अपने पूर्वजों की घृणा और कलह के शिकार हुए हैं। इसे रोकने का समय आ गया है। प्रतिशोध को क्षमा व करुणा द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

हम वह पहला कदम कैसे उठा सकते हैं? हम अपने आप को क्रोध और घृणा से कैसे मुक्त कर सकते हैं और उन्हें प्रेम व क्षमा में बदल सकते हैं? अध्यात्म के जरिए करुणा, क्षमा और शांति हममें आ सकती है।

**अध्यात्म क्या है?**

अध्यात्म की यह मान्यता है कि हमारा सच्चा स्व ही हमारी आत्मा है। यह इस बात को पहचानना है कि हमारी आत्मा ईश्वर के साथ एकाकार है। यह महसूस करना है कि हम केवल हमारा शरीर और मन नहीं हैं, बल्कि एक आत्मा हैं जो शरीर में निवास करती है। हम खुद को एक नामधारी काया के रूप में सोच सकते हैं, कि हम भारत या कोलंबिया या फ्रांस के नागरिक हैं, या कि हम एक निश्चित जाति या धर्म से हैं। लेकिन आध्यात्मिकता यह पहचानना रही है कि इन बाहरी नामों और बाहरी लेबलों के पीछे हम सभी आत्माएं हैं, एक निर्माता का हिस्सा हैं। हम सभी अपनी आत्मा के स्तर पर जुड़े हुए हैं क्योंकि हम एक ही सृष्टा की संतान हैं।

**शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं**

जब हम इस दृष्टिकोण को विकसित करते हैं, तो हम पूर्वाग्रह और भेदभाव की आंखों से नहीं देखते हैं। हम उन बाधाओं को तोड़ना शुरू करते हैं जो एक इंसान को दूसरे इंसान से अलग करती हैं। हमें ऐसा लगने लगता है कि हम सब आत्मा के स्तर पर जुड़े हुए हैं। जब हम अपनी एकता और जुड़ाव का अनुभव करते हैं, तो हम एक-दूसरे की परवाह करने लगते हैं। हम एक दूसरे की मदद और सेवा करना चाहते हैं। हमारे पड़ोसी के बच्चों के भूखे रोने से हमें उतना ही दर्द होगा जितना हमारे अपने बच्चों के रोने से। हम बेघर व्यक्ति को सड़क पर ऐसे देखेंगे, जैसे वे हमारे खुद के दादा हों,, और हम उसकी मदद करने के लिए प्रेरित होंगे। हमारी दृष्टि व्यापक होगी और हम सभी मनुष्यों की पीड़ा के लिए दयालु होंगे और पूरे दिल से उनकी मदद करना चाहेंगे।

> ध्यान में हम एक दिव्य शक्ति के संपर्क में आते हैं। यह शक्ति स्वयं को एक प्रेमपूर्ण प्रकाश के रूप में प्रकट करती है।

**हम इस नेक दृष्टि को कैसे विकसित कर सकते हैं?**

ऐसा हम आध्यात्मिक रूप से जागरुक होकर कर सकते हैं। यह विधि हमारी आध्यात्मिक दृष्टि जगा सकती है ताकि हम घृणा को मिटा सकें और इसे प्रेम और शांति में बदल सकें। वह विधि ध्यान की एक सरल तकनीक है, कुछ देर शांत बैठ कर हम अपनी आत्मा के संपर्क में आ सकते हैं। हम पाएंगे कि हम इस बाहरी शरीर और मन से कहीं अधिक हैं। हम अपने आध्यात्मिक सार की खोज करेंगे जो प्रेम, शांति और आनंद से भरा है। जब हम अपनी आत्मा के साथ तादात्म्य स्थापित करते हैं, तो हमें ईश्वर के साथ अपनी एकता का एहसास होता है।

हममें से कितने लोगों ने ईश्वर के दिव्य दर्शन की लालसा की है? कई लोगों के लिए, ईश्वर को पाना एक ऐसा सपना है जो शायद ही संभव लगता है, लेकिन कई लोगों ने सदियों से ईश्वर को देखा है। वे भगवान में विलीन हो गए हैं। उन्होंने यह कैसे किया? वे सभी एक ही तकनीक का इस्तेमाल करते थे। हम उस तकनीक को अंतर्ध्यान, एकाग्रता या ध्यान कह सकते हैं। वे स्थिरभाव में बैठते थे, उन्होंने अपना ध्यान अपने भीतर निर्देशित किया, और अंततः अपनी आत्मा और ईश्वर की खोज की। जब हम ऐसा करते हैं, तो हम सभी महान संतों और धर्म-संस्थापकों द्वारा प्राप्त अवस्था को प्राप्त करते हैं। हम प्यार करने वाले, दयालु, शांतिपूर्ण और देने वाले इंसान बनते हैं।

ध्यान में हम एक दिव्य शक्ति के संपर्क में आते हैं। यह शक्ति स्वयं को एक प्रेमपूर्ण प्रकाश के रूप में प्रकट करती है। जब हम अपने भीतर इस प्रकाश से संपर्क करते हैं, तो हम इस दुनिया में किसी भी तरह की गहन शांति, आनंद, खुशी का अनुभव नहीं करते हैं। ध्यान का सौंदर्य यह है कि यह नशा हमारे दैनिक कार्यों की पुनः शुरुआत करने के बाद भी हमारे साथ रहता है।

जब हम अपनी भौतिक काया से ऊपर उठते हैं और दिव्य प्रकाश का अनुभव करते हैं, तो हम यह भी देखते हैं कि अन्य सभी प्राणी भी आत्मा हैं। हम देखते हैं कि वही प्रकाश हमारे भीतर है, जो बाकी सबके भीतर है। हमें यह एहसास होने लगता है कि हम सभी आत्माएं हैं, सभी ईश्वर के अंश हैं। इस प्रकार हम सभी जीवित चीजों की परवाह करना शुरू कर देते हैं। इस तरह, शांति और खुशी की हमारी व्यक्तिगत प्राप्ति पृथ्वी पर शांति व खुशी के स्वर्ण युग की स्थापना में योगदान देगी।

**आंतरिक शांति बाहरी शांति की ओर ले जाती है**

हम अपने आध्यात्मिक पक्ष का विकास कर सकते हैं। ध्यान सीखकर हम प्रत्येक दिन अपने भीतर ईश्वर के संपर्क में होने का कुछ समय बिता सकते हैं। जैसे ही ईश्वर हमें प्रेम और आनंद से नहलाते हैं, हम उन वर्षों की आदतों से मुक्त हो जाते हैं जिनके कारण हमें घृणा और पूर्वाग्रहों का सामना करना पड़ा। शांति और प्रेम की इस स्थिति में, हम उन लोगों के प्रति क्षमा और करुणा के गुणों को विकसित करने में सक्षम होते हैं जिन्होंने हमें चोट पहुंचाई है। ईश्वर ने हमें प्रेम, क्षमा और करुणा के गुण दिए हैं। जब हम मेल-मिलाप और शांति की ओर अपना पहला कदम बढ़ाते हैं तो प्रभु हमारे हाथ पकड़ते हैं। जैसे-जैसे हम स्वयं अधिक शांत होते जाते हैं, हम उन सभी को शांति देना शुरू करते हैं जिनके हम संपर्क में आते हैं। शांति हमारे साथ शुरू होती है। खुद को बदलकर हम दूसरों को बदल सकते हैं, जिसमें हमारा परिवार, समुदाय, समाज और अंततः पूरी दुनिया शामिल है। इस तरह, हम अपने बच्चों, भावी पीढ़ी और स्वयं के लिए एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित विश्व का निर्माण करेंगे। यह सब जिस पहले कदम से शुरू होता है, वह है क्षमा। क्षमा आंतरिक शांति की ओर ले जाएगी, और यह आंतरिक शांति दुनिया में बाहरी शांति में खिलेगी, हर दिल को समृद्ध करेगी और इस दुनिया को रहने के लिए एक बेहतर और शांतिपूर्ण जगह बनाएगी।

**-लेखक एक आध्यात्मिक नेता हैं**



# आधुनिक समय की नैतिकता



**प्रमोद पाठक**

हम अजीब समय में हैं। परस्पर विरोधी चीजें एक साथ आगे बढ़ रही हैं। यह भोंड़े उपभोक्तावाद का समय है। ये बेशर्म व्यावसायीकरण का दौर है। ये अबाधित उपभोग का दौर हैं। अहंकार बढ़ रहा है। लेकिन एक और चलन जोर पकड़ रहा है। एक प्रवृत्ति जो कि जो कुछ भी समझ में आता है, उसके अनुरूप नहीं है। अनुकम्पा और दया के अनारक्षित प्रदर्शन की प्रवृत्ति। इसलिए हम पाते हैं कि दया और करुणा के सजग कृत्यों को संस्थागत और उसका विपणन किया जा रहा है। बाजार को खास दिन सदियों पुराने मूल्य लगते हैं। अतीत में जिन मूल्यों का पालन किया जाता था, वे एक फैशन बन रहे हैं। इसलिए हम विश्व दया दिवस और ऐसे कई दिवस मनाते हैं। यहां तक कि अहंकार द्वारा संचालित अनावश्यक निजी उपभोग अनियंत्रित जारी है, हम पाते हैं कि करुणा व दया का प्रदर्शन भी बहुत जोरशोर के साथ होता है, और अहंकार से भी प्रेरित होता है। कभी सार्वजनिक उपभोग के लिए तो कभी प्रचार के लिए। जबकि प्राचीन भारतीय विचार 'गुप्त दान' या विनम्रता और शांति के साथ दान करने का उल्लेख करते हैं, जबकि वर्तमान दिनों में, धूमधाम और दिखावा है। मकसद दान के उन कृत्यों को नीचा दिखाने या करुणा के पीछे के मकसद पर सवाल उठाने का नहीं है। लेकिन निश्चित रूप से एक सौम्य चेतावनी है कि अहंकार से प्रेरित दान भावुक करुणा के रूप में प्रभावशाली नहीं होता है। फिजूलखर्ची वास्तविक करुणा के विपरीत है। एक उदाहरण भोजन की बर्बादी का मामला है जो कुलीन रेस्तरां में होता है, जो करीब से देखने पर पुराने रोमन राजाओं की याद दिलाता है, जिन्होंने खाया, पिया और जितना वे चबा सकते थे उससे अधिक बार-बार उसका मजाक उड़ाते थे। पार्टी में भोजन की बर्बादी एक ऐसी चीज है जिसे अपराधी के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है क्योंकि अनुशासित खाने से भी जरूरतमंदों के लिए बहुत कुछ उपलब्ध जा सकता है। विडंबना यह है कि यह वही वर्ग है जो कुलीन भोजनालयों में भोजन बर्बाद करता है जो करुणा के उन कृत्यों को भी जोरशोर से करता है। इन दिनों राजनीतिक शुद्धता और सामाजिक स्वीकृति की अत्यधिक मांग की जाती है और यह मानव क्रिया को चलाने वाली प्रमुख प्रेरक शक्तियां बन गई हैं। यह अच्छा है या बुरा, इस पर बहस किए बिना, आइए हम नैतिकता के सार के बारे में सोचें जो इन दिनों लोकप्रिय चर्चा का विषय बन गया है। गोस्वामी तुलसीदास ने बहुत सफलतापूर्वक बताया था कि करुणा धर्म का सार है जबकि अभिमान पाप का स्रोत है। लेकिन आजकल हम देखते हैं कि करुणा भी गर्व का उपोत्पाद है। इसलिए करुणा के कार्य भी अभिमान को खुराक देते हैं, हालांकि वे परस्पर अनन्य हैं। कर्तव्यनिष्ठ उपभोग और भावुक करुणा को स्वयं पर लगाई गई आचार संहिता होने की आवश्यकता है। दुनिया में अभी भी हर किसी की जरूरत के लिए पर्याप्त है। लेकिन समस्या लालच की है। एक आदमी का लालच भी सेब की गाड़ी को खराब कर सकता है। हम कहां गलत हो जाते हैं? जवाब बहुत आसान है। बस आत्ममंथन करने का प्रयास करें, कि जो कुछ भी हम चाहते हैं वह वास्तव में आवश्यक है ? अगली बार जब आप किसी रेस्तरां में खाना खाने जाते हैं, जो आपको किसी प्रदत्त मूल्य के लिए जो कुछ भी आप खा सकते हैं, उसकी पेशकश करता है, तो पहले अपनी जरूरत का आकलन करें। आप कितना खा सकते हैं? लोगों को अपने द्वारा भुगतान किए गए भुगतान का पूर्ण मूल्य प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त ऑर्डर करते हुए देखना आम बात है। थोड़ा समझदार बनें और उन लोगों के बारे में सोचें जो अभी भी एक दिन में एक बार का भोजन पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। शायद आप बहुत सारे भोजन की बर्बादी को बचा लेंगे। गरीबी कम करने की संख्या से सरकारों पर फर्क पड़ता है, शासितों पर नहीं। जीडीपी वृद्धि और बढ़ती अर्थव्यवस्था के बारे में उन सभी आंकड़ों के बावजूद गरीबी अभी भी एक ऐसी समस्या है जिससे दुनिया को जूझने की जरूरत है।

**- लेखक प्रबंधन-प्रोफेसर और एक प्रशंसित सार्वजनिक वक्ता हैं।**

## स्वच्छ हवा के लिए

# एयर प्यूरीफायर

**रवि कौशिक** एक आवश्यक मार्गदर्शिका साझा कर रहे हैं जिससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि आपको वायु शोधक की आवश्यकता कब और क्यों है :



यह कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है लेकिन घर के अंदर अक्सर बाहर की तुलना में अधिक प्रदूषित होते हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार, घर के अंदर वायु प्रदूषण का स्तर बाहर की तुलना में दो-पांच गुना अधिक है, जिसका अर्थ है कि आवासीय घरों में रहने वाले या कार्यालयों में काम करने वाले लोग इसे महसूस किए बिना भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हैं।

घर के अंदर कुछ खतरनाक प्रदूषकों का स्तर बाहर की तुलना में 100 गुना अधिक हो सकता है। यहीं से एयर प्यूरीफायर का महत्व सामने आता है। ये उत्पाद घर के अंदर स्वच्छ हवा में मदद करते हैं, जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, कणों, धूल और पराग के कारण प्रदूषित हो सकता है। इसके अलावा, ये प्यूरिफायर पालतू जानवरों की रूसी, मोल्ड स्पोर्स और रैगवीड जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं।

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि दुनिया में सूचीबद्ध 25 सबसे प्रदूषित स्थानों में 12 भारतीय शहर शामिल हैं। इसलिए, नियंत्रणीय प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए, वायु शोधक की भूमिका नकारा नहीं जा सकता है।

**● आपको वायु शोधक की आवश्यकता कब होती है?**

इस प्रश्न का एक विशिष्ट उत्तर है। आपको अभी एक एयर प्यूरीफायर की जरूरत है क्योंकि अभी-अभी चर्चा की गई डरावने विवरणों की वजह से आपको एयर प्यूरीफायर की जरूरत है। दुनिया के लगभग सभी हिस्सों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के अलावा, इनडोर क्षेत्र भी लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं। एक व्यक्ति को घर के अंदर प्रदूषकों का स्तर नहीं मिल सकता है, लेकिन वे वहां बहुत अधिक हैं और सांस लेने की समस्याओं और दीर्घकालिक बीमारियों को बढ़ा सकते हैं। इसलिए, वायु शोधक प्राप्त करने का समय अब यह सुनिश्चित करने के लिए है कि आप स्वस्थ रूप से रहते हैं और एक अच्छी तरह से काम करने वाली प्रतिरक्षा प्रणाली है।

**● आपको एयर प्यूरीफायर की आवश्यकता क्यों है?**

इस प्रश्न के विभिन्न उत्तर हो सकते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप स्वस्थ हैं और किसी भी प्रदूषक से मुक्त हैं, आपको एक वायु शोधक की आवश्यकता है। भले ही स्वस्थ और एलर्जी मुक्त रहना एक वायु शोधक प्राप्त करने के लिए पर्याप्त कारण होना चाहिए, यहां अन्य कारणों की एक सूची है जो आपको यह खरीदारी निर्णय लेने में और प्रेरित करेगी :

**घर के अंदर बाहर की तुलना में अधिक प्रदूषित हैं:** इस पर कुछ उदाहरणों में चर्चा की गई है, और इस तथ्य को किसी व्यक्ति को यह खरीदारी करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

**घर में बच्चे या बुजुर्ग होना :** बच्चों और बुजुर्गों को एलर्जी और बीमारियों का खतरा अधिक होता है, खासकर प्रदूषकों से होने वाली बीमारियों से। इसलिए, यदि किसी घर में बच्चे और बुजुर्ग हैं, तो एक वायु शोधक आवश्यक हो जाता है।

**घर में एक गर्भवती महिला है :** इनडोर प्रदूषक भ्रूण के स्वास्थ्य को उतना ही प्रभावित कर सकते हैं जितना कि इसे ले जाने वाली महिला। इसलिए, यदि कोई परिवार में बच्चे के जन्म की उम्मीद कर रहा है, तो एक वायु शोधक आवश्यक है।

**व्यस्त सड़क या औद्योगिक सुविधा के पास रहना:** घर या कार्यालय किसी औद्योगिक सुविधा या व्यस्त राजमार्ग के पास होने पर घर के अंदर प्रदूषित होने की संभावना बहुत अधिक होती है।

**घर पर पालतू जानवर रखना:** पालतू जानवर हवा में उड़ने वाले पालतू बालों, रूसी और गंध के स्रोत हो सकते हैं, इन सभी को आपके निपटान में एक वायु शोधक द्वारा संबोधित किया जा सकता है।

**होम ऑफिस सेटअप :** होम ऑफिस उपकरण जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, राउटर, प्रिंटर, फैक्स, प्रोजेक्टर और मोबाइल फोन न्यूनतम रसायनों के स्रोत हैं जिन्हें एयर प्यूरीफायर का उपयोग करके संबोधित किया जा सकता है।

कैंसर, एचआईवी, हृदय की समस्याओं और अधिक जैसी बीमारियों से पीड़ित- जो लोग कैंसर, एड्स, हृदय संबंधी समस्याओं और फुफ्फुसीय संबंधी विकारों से पीड़ित हैं, वे प्रदूषण से गंभीर रूप से प्रभावित होने वाले प्राथमिक हैं। इसलिए, अपने परिवेश को कीटाणुरहित करने वाले वायु-शोधक का उपयोग करने से वे वायु प्रदूषकों के खिलाफ लड़ाई हारे बिना स्वतंत्र रूप से सांस लेने और अपने संबंधित स्वास्थ्य मुद्दों से निपटने की अनुमति देंगे।

**अन्य कारक :** एक आधुनिक, सुविधाजनक घर या कार्यालय जिसमें ड्राई क्लीनिंग, प्लास्टिक, फ्लेम रिटार्डेंट, नॉन-स्टिक सतह, दाग-प्रतिरोधी कपड़े, कीटनाशक, रासायनिक सफाई उत्पाद, व्यक्तिगत स्वच्छता उत्पाद और उपकरण शामिल हैं, जीवन को अधिक प्रबंधनीय बनाता है। हालांकि, ये महत्वपूर्ण इनडोर प्रदूषकों के स्रोत हैं, जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। इसके अलावा, भवन में कोई भी नागरिक समस्या या वेंटिलेशन की समस्या भी घर के अंदर प्रदूषकों के संचय का कारण बन सकती है। मुद्दे (जैसे सफाई की कमी) भी समग्र प्रदूषक स्तर को बढ़ा सकते हैं। ऐसी सभी परिस्थितियों में, वायु शोधक होने से ऐसे प्रदूषकों को कम करने में मदद मिल सकती है और यह सुनिश्चित हो सकता है कि ऐसे कारकों से उत्पन्न होने वाले दीर्घकालिक स्वास्थ्य मुद्दों को भी संबोधित किया जा सकता है।

संक्षेप में, एयर प्यूरीफायर अब मेट्रो शहरों में स्थित कुछ घरों या कार्यालयों के लिए एक लक्जरी वस्तु नहीं है। देश में बढ़ता प्रदूषण हर किसी के लिए अपने घर के अंदर/काम के माहौल को इससे बचाना जरूरी बनाता है। भले ही इस लेख में दिए गए कारणों की सूची अनन्य नहीं है, अगर कोई किसी भी कारक से पहचान कर सकता है, तो वायु शोधक खरीदने का निर्णय प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

**(लेखक दुनिया के पहले एंटीमाइक्रोबियल एयर प्यूरीफायर ब्रांड एआईआरटीएच के संस्थापक हैं।)**